राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
वर्ष 07,अंक 19, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दीपावली से पहले बिजली कर्मियों को बोनस देने की उठी मांग- विद्युत मजदूर संगठन ने चेयरमैन को भेजा पत्र...03

SECL अमलाई ओपनकास्ट में बड़ा हादसा- मिट्टी धंसने से डोजर और डंपर ऑपरेटर मलवा में दबे....12

## आईआरसीटीसी घोटाले में लालू, राबड़ी और तेजस्वी को झटका, दिल्ली की कोर्ट ने तय किए आरोप

● आईआरसीटीसी घोटाला लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ाने वाला मामला है।

2004 से 2009 के बीच, जब लालू रेल मंत्री थे, रांची और पुरी के दो होटलों के ठेके में भ्रष्टाचार का आरोप है।

सीबीआई के अनुसार, सुजाता होटल्स को अनुचित तरीके से ठेका दिया गया और बदले में लालू परिवार को सस्ते में जमीन मिली।

कोर्ट ने 14 लोगों पर आरोप तय किए हैं, जिससे बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को कानूनी मोर्चे पर बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बहुचर्चित भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (IRCTC) घोटाले मामले में लालू यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इसका मतलब है कि अब इस मामले में इन सभी के खिलाफ औपचारिक रूप से मुकदमा चलेगा।

विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए।

इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ उनकी कथित भूमिका के आधार पर अलग-अलग धाराओं में आरोप तय किए थे। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र रचने के अपराध के लिए आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे मुकदमे का सामना करेंगे। कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। हालांकि, सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप है। लालू प्रसाद यादव ने खुद को निर्दोष बताया है और उनका कहना है कि वे मुकदमे का सामना करेंगे।

बीती 24 सितंबर को विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को उक्त तारीख पर पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत ने मामले में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 29 मई को



अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। यह मामला 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान आईआरसीटीसी होटलों के रखरखाव के ठेकों के आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित है।

लालू यादव बुधवार को व्हीलचेयर पर बैठकर कोर्ट पहुंचे, उनके साथ पत्नी राबड़ी देवी, बेटा तेजस्वी यादव और आरजेडी नेता प्रेमचंद गुप्ता भी मौजूद थे। !

आरोप तय करने के दौरान कोर्ट ने माना कि लालू यादव की जानकारी में इस घोटाले की साजिश रची गई। कोर्ट ने कहा इस मामले में आरोपी व्यापक साजिश में शामिल थे। लालू फैमिली को इस मामले में फायदा पहुंचा। कॉन्ट्रेक्ट देने के बदले राबड़ी और तेजस्वी को बेहद कम कीमत पर जमीन मिली। इस मामले में quid pro का आरोप इस स्टेज पर नजर नहीं आ रहा है।

जिन धाराओं के तहत आरोप तय किए है, उनमें IPC 420, IPC 120B , प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 13(2) और 13 (1)(d) शामिल हैं। बता दें कि प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 13(2) और 13 (1)(d) सिर्फ लालू यादव पर लगी है।

इस दौरान कोर्ट ने लालू यादव से पूछा %क्या आप अपना अपराध मानते हैं तो लालू यादव समेत राबड़ी और तेजस्वी ने अपना अपराध मनाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह मुकदमे का सामना करेंगे। वहीं राबड़ी यादव ने कहा कि ये गलत केस है।

सीबीआई द्वारा दाखिल चार्जशीट में दावा किया गया है कि साल 2004 से 2014 के बीच एक सुनियोजित साजिश के तहत पुरी और रांची स्थित भारतीय रेलवे के BNR होटलों को पहले IRCTC को ट्रांसफर किया गया। इसके बाद इन होटलों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी बिहार की सुझाता होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को पट्टे पर सौंप दी गई।

एजेंसी के अनुसार, इस प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं बरती गईं। टेंडर प्रक्रिया में जानबूझकर हेराफेरी की गई और शर्तों में बदलाव कर सुजाता होटल्स को लाभ पहुंचाया गया। चार्जशीट में यह भी बताया गया है कि यह सब एक पूर्वनियोजित साजिश के तहत किया गया।

इस मामले में सीबीआई ने IRCTC के तत्कालीन महाप्रबंधक वी.के. अस्थाना और आर.के. गोयल के अलावा सुजाता होटल्स के निदेशक और चाणक्य होटल के मालिक विजय कोचर और विनय कोचर को भी आरोपी बनाया है।

## महादेवपुरा मतदाता सूची में 'हेरफेर को सुनने से भी SC का इनकार- 'ECI में जाइए'




**ब्यूरो प्रयागराज।** राहुल गांधी ने जिस बेंगलुरु सेंट्रल वाली महादेवपुरा सीट पर 2024 के चुनावों में मतदाता सूची में हेरफेर के बड़े आरोप लगाए थे उसकी एसआईटी जाँच की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने विचार करने से भी इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को सुनने से इनकार करते हुए साफ़ तौर पर कह दिया कि चुनाव आयोग में जाइए।

हालाँकि, चुनाव आयोग राहुल गांधी के आरोपों को पहले ही सिरे से खारिज कर चुका है। साफ़ है कि यदि संस्था गड़बड़ी को मानने को तैयार ही नहीं है तो क्या वह ऐसी किसी जाँच के लिए सहमत हो सकती है। वैसे भी चुनाव आयोग ने अब तक किसी गड़बड़ी की संभावना से भी इनकार किया है। इन्हीं परिस्थितियों में रोहित पांडे नाम के एक शख्स ने याचिका दायर की थी।

जस्टिस सूर्य कांत और जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वे इस मामले को भारत के चुनाव आयोग यानी ईसीआई के सामने आगे बढ़ाएं। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि उन्होंने पहले ही निर्वाचन आयोग के सामने आवेदन किया है, लेकिन आयोग ने अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। वकील ने आयोग को निर्णय लेने के लिए समय सीमा निर्धारित करने की मांग की, लेकिन खंडपीठ ने ऐसा कोई निर्देश देने से मना कर दिया।

खंडपीठ ने इस मामले को सुनने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, 'हमने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलें सुनी हैं। हम इस याचिका को सुनने के लिए इच्छुक नहीं हैं, जो कथित तौर पर जनहित में दायर की गई है याचिकाकर्ता, यदि चाहें, तो चुनाव आयोग के सामने इस मामले को आगे बढ़ा सकते हैं।' याचिका में मांग की गई थी कि मतदाता सूचियों में संशोधन या अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तब तक रोक दी जाए जब तक कि न्यायालय के निर्देशों का पालन और मतदाता सूचियों का स्वतंत्र ऑडिट पूरा नहीं हो जाता।

याचिकाकर्ता ने यह भी अनुरोध किया था कि चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों की तैयारी, रखरखाव और प्रकाशन में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए बाध्यकारी दिशानिर्देश तैयार करने और जारी करने का निर्देश दिया जाए। इसके अलावा याचिका में मांग की गई थी कि मतदाता सूचियों को आसान, मशीन-पठनीय और ओसीआर के अनुरूप प्रारूप में प्रकाशित किया जाए ताकि सही सत्यापन, ऑडिट और सार्वजनिक जांच संभव हो सके।

याचिका में राहुल गांधी की 7 अगस्त की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का हवाला दिया गया, जिसमें उन्होंने बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित हेरफेर का मुद्दा उठाया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने विपक्ष के नेता द्वारा उठाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से जाँच की और 'प्रथम दृष्ट्या पर्याप्त सामग्री' पाई कि ये आरोप सही हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मामले में व्यापक जनहित में सर्वोच्च न्यायालय का तत्काल हस्तक्षेप ज़रूरी है।

याचिकाकर्ता के अनुसार इस निर्वाचन क्षेत्र में 40,009 अवैध मतदाता और 10,452 डुप्लिकेट प्रविष्टियां थीं। उन्होंने दावा किया कि कुछ मामलों में एक ही व्यक्ति के पास अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग EPIC यानी इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर थे, जबकि EPIC नंबर अद्वितीय होना चाहिए। इसके अलावा कई मतदाताओं के घर के पते और पिता के नाम एकसमान थे। एक मतदान केंद्र में लगभग 80 मतदाताओं ने एक छोटे से घर का पता दिया था। ऐसी घटनाएं मतदाता सूचियों की प्रामाणिकता पर गंभीर संदेह पैदा करती हैं और फर्जी मतदान की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यदि मतदाता सूची में इतने बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ सिद्ध हो जाती है तो यह संविधान के अनुच्छेद 325 और 326 के तहत 'एक व्यक्ति, एक वोट' के संवैधानिक जनादेश की नींव को प्रभावित करती है, वैध मतों के मूल्य को कमजोर करती है, और समानता और सही प्रक्रिया के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि ऐसी हेरफेर संविधान के अनुच्छेद 326 यानी वयस्क मताधिकार, अनुच्छेद 324 यानी चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का संचालन, और अनुच्छेद 14 और 21 यानी कानून के समक्ष समानता और लोकतांत्रिक शासन में सार्थक भागीदारी का अधिकार का उल्लंघन करती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कच्ची शराब निर्माण के संदिग्ध स्थानों पर आबकारी विभाग की कार्रवाई,दो अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली,** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में ,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 5 सरिता सिंह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा थाना लालगंज के अन्तर्गत थाना पुलिस के साथ ग्राम रौसी में कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान कुल 24 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 60 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए दो अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### स्टे के बावजूद विवादित जमीन पर कब्जे की कोशिश, विरोध करने पर मारपीट, केस दर्ज

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घटवार में स्टे आदेश के बावजूद विवादित जमीन पर लकड़ी रखकर कब्जा करने की कोशिश की गई। विरोध करने पर एक परिवार के साथ सरेआम गाली-गलौज और मारपीट की गई। पीड़िता लीला देवी पत्नी हरप्रसाद ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर की दोपहर विपक्षियों ने उनके निर्माण स्थल पर आकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। पति हरप्रसाद द्वारा विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बानपुर में तालाब बना मुसीबत, पानी निकासी न होने से दो दर्जन किसान भुखमरी की कगार पर

● तीन साल से खेती ठप, तालाब के पानी में डूबी जमीनें - किसानों ने दी अनशन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील महरौनी क्षेत्र के कस्बा बानपुर के दो दर्जन से अधिक किसान पिछले तीन वर्षों से खेती नहीं कर पा रहे हैं। गांव में बने नए तालाब में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण किसानों की खेती योग्य जमीनें हर साल पानी में डूब जाती हैं, जिससे फसल बोई ही नहीं जा पाती। लगातार तीन साल से बुवाई न होने से किसान परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है और वे भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को बानपुर के करीब आधा दर्जन किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना देकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि तालाब की निकासी की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया



गया, तो वे ललितपुर के घंटाघर चौराहे पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे।

किसानों ने बताया कि बानपुर में बना नया तालाब पूरी तरह भरने के बाद खेतों में पानी भर देता है। तालाब में पानी की निकासी के लिए न तो गेट लगाया गया है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके चलते चक संख्या 2517, 1887, 1718, 864, 331, 668, 342, 116, 238 सहित कई खेत लगातार पानी में डूबे रहते हैं। इन खेतों में बुवाई तक संभव नहीं हो पाती, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब किसानों की मांग है कि या तो तालाब में स्थायी रूप से पानी निकासी के लिए गेट बनवाया जाए, जिससे पानी खेतों में न पहुंचे, या फिर प्रभावित किसानों को कहीं और जमीनें आवंटित की जाएं। साथ ही, बीते तीन वर्षों में हुई फसल क्षति का मुआवजा भी दिया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि प्रशासन इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं देता, तो सभी प्रभावित किसान सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना देने को मजबूर होंगे। ज्ञापन पर जय चरण, सीताराम, राजकुमार, पप्पू, जय हिंद, जगदीश, छत्रपाल, कंछेदी, रामदास समेत एक दर्जन से अधिक किसानों के हस्ताक्षर हैं।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा हुआ दर्ज



**मड़ावरा।** घर में खाना बना रही महिला को अकेला पाकर एक युवक द्वारा बुरी नियत से पकड़ कर छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता द्वारा चीखने चिल्लाने पर आरोपी गालीगलौज कर मौके से भाग गया। थाना मड़ावरा अन्तर्गत एक गांव की निवासी महिला द्वारा थाना मड़ावरा पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार शाम अपने घर में खाना बना रही थी तब उसके ही पड़ोस में रहने वाला एक युवक घर में घुस आया और बुरी नियत से मुंह पकड़ कर छेडखानी करने लगा। महिला द्वारा चीखने चिल्लाने पर मौके पर परिजनों के आ जाने पर आरोपी युवक गालीगलौज करते हुये मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपी वीरेंद्र पुत्र वीरसिंह यादव के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

## पति की बेवफाई ने तोड़ी नवविवाहिता की दुनिया

● महिला ने पति पर लगाए आरोप- पहचान छिपाने प्रेमिका के घर से साड़ी पहनकर निकलता है पति

मारपीट कर करता है परेशान

**पाली।** आठ महीने पहले शादी हुई सब ठीकठाक चल रहा था कि इसी बीच नवविवाहिता महिला को मालूम चला कि उसका पति पड़ोस की ही एक महिला के चक्कर में पागल बना है। इतना हीं नहीं मोहल्ले के लोग रात्रि में प्रेमिका के घर से निकले पति को पहचान न पाए इसके लिए कई बार तो वह साड़ी पहनकर उसके घर से बाहर निकलता है, जिसे उसने कई बार देखा है।


पाली निवासी एक नवविवाहिता महिला ने अपने पति पर आरोप लगाते पुलिस को लिखे शिकायती पत्र के माध्मय से बताया कि उसका मायका सागर जिले में है ,आठ माह पूर्व उसका विवाह कस्बा पाली के एक मोहल्ले में हुआ था। कुछ समय तक तो सब ठीकठाक चला इसी बीच उसे मालूम पड़ा कि उसके पति का पड़ोस में ही रहने वाली एक महिला के साथ प्रेमप्रसंग है। इस बात को लेकर पति को समझाया लेकिन समझना तो दूर की बात उसने तो अब हद



ही कर दी अपनी पत्नी के सामने ही प्रेमिका से फोन पर प्यार की बाते करने लगा। आगे नवविवाहिता ने आरोप लगाया कि पति अपनी सारी कमाई उसी महिला पर खर्च कर रहा है, शौक में कोई कमी न रहे इसके लिए घर गृहस्थी का सामान भी बेचने लगा। महिला का पति अपनी नवविवाहिता पत्नी के लिए खाने - पीने, ओढ़ने - पहनने का उचित प्रबंध नहीं कर रहा है। बीती रविवार की रात इसी बात को लेकर दोनों पति- पत्नी में झगड़ा हुआ तो उसके पति ने नवविवाहिता को घर से निकाल दिया। जिसकी सूचना नवविवाहिता ने अपने मायके दी, जिसके बाद नवविवाहिता की मां बेटी के सुसराल आ गई। नवविवाहिता एवं उसकी मां ने बताया कि पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अब वह अपने घर मध्यप्रदेश सागर जा रही है। नवविवाहिता के आरोपों में कितनी सच्चाई है यह पुलिस जांच के बाद ही मालूम चलेगा।

## भोपाल ईस्टर्न बायपास पर बड़ा हादसा टला, अधिकारियों की सूझ-बूझ से जान माल की हानि नहीं

**मध्यप्रदेश** की राजधानी भोपाल से बड़ी खबर है. स्टेट हाईवे 18 के भोपाल ईस्टर्न बायपास पर आज सूखी सेवनिया आरओबी के एक तरफ की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई. इस वजह से सड़क का एक हिस्सा धंस गया. हालांकि इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई जान-माल की हानि नहीं हुई. घटना की जानकारी जैसे ही मप्र सड़क विकास निगम और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को मिली, वे घटना स्थल पर पहुंच गए. अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त इलाके को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया है. ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो. जानकारी के मुताबिक अधिकारियों ने एक तरफ सड़क धंसने के कारणों की जांच शुरू कर दी है वहीं दूसरी तरफ इसकी मरम्मत का काम भी शुरू कर दिया है. एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि ये सड़क वर्ष 2013 में मेसर्स ट्रॉन्सट्राय प्रा.लि. द्वारा बीओटी मॉडल में बनाई गई थी. मेसर्स ट्रॉन्सट्राय प्रा.लि. द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन न किए जाने के कारण वर्ष 2020 में




कंपनी का अनुबंध भी निरस्त कर दिया गया था।

### शासन को जल्द मिलेगी रिपोर्ट

एमपीआरडीसी ने तुरंत एक्शन लेते हुए चीफ इंजीनियर बीएस मीणा, जीएम मनोज गुप्ता और जीएम आरएस चंदेल की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की है. यह टीम आर-ईव वॉल के धंसने के कारणों का पता लगाकर शासन को जल्द रिपोर्ट सौंपेगी. इस रिपोर्ट के आधार पर शासन इस मामले में कार्यवाही करेगा। द्वमामले को गंभीरता से लेते हुए मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक ने कहा है कि जांच रिपोर्ट में अगर कोई लापरवाही या अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## करीमुद्दीनपुर पुलिस की दबंगई पुछताछ के नाम पर महिला के साथ थाने में की गई अभद्रता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण इस समय पुरे प्रदेश में जोरों से चलाया जा रहा है तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस महिला सशक्तिकरण की धज्जियां उड़ा रही है। ताज़ा मामला गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर पुलिस का है। जहां पुछताछ के नाम पर एक महिला के साथ थाने के पुरुष पुलिसकर्मियों ने अभद्रता करने के साथ ही मारपीट की जब महिला की हालत खराब हो गई तो उसे थाने से छोड़ दिया गया। बाद में परिजनों ने महिला को जिंला चिकित्सालय ले जाकर इलाज करा रहे हैं।

### प्रेम प्रसंग से जुड़ा है मामला

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत गंधपा गांव निवासी कल्लू बिंद अपने ही गांव की खुशबू गोड़ को लेकर करी छ माह पहले परार हो गया था। इसी मामले की जांच करने करीमुद्दीनपुर पुलिस गंधपा गांव पहुंची पुलिस जब जांच करने गंधपा पहुंची तो आरोपी कल्लू बिंद के परिजन घर पर मौजूद नहीं थे। इसी प्रकरण में करीमुद्दीनपुर पुलिस ने आरोपी के रिश्तेदार महिला गुनिया को पुछताछ हेतु थाने बुलाई। वहीं परिजनों ने मिडिया को बताया की गुनिया देवी की इस घटना से कोई संबंध नहीं था। लेकिन पुलिस कर्मियों ने अपनी नाकामी छुपाने हेतु गुनिया को थाने बुलाई। जहां उसके साथ थाने में पुलिस कर्मियों ने पुछताछ के नाम पर गुनिया की पीटाई की गई। परिजनों ने आरोप लगाया की गुनिया देवी के साथ थाने के पुरुष पुलिसकर्मियों ने मारपीट की है।

### क्षेत्राधिकारी ने कहां महिला को पुछताछ के लिए थाने बुलाया गया

वहीं सर्किल अधिकारी सुधाकर पांडेय ने जानकारी दी की गंधपा गांव निवासी गुनिया देवी को पुछताछ हेतु थाने बुलाया गया था। क्षेत्राधिकारी ने बताया की थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज में महिला सुरक्षित बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया की बाद में जानकारी हुई की जिस महिला को थाने बुलाया गया था। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती करा कर परिजन इलाज करा रहे । तब इस मामले की जांच कर पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट सौंप दी गई है। वहीं पुलिस अधीक्षक डाक्टर ईरज रजा ने दो पुलिस कर्मियों को तुरंत निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया की इस प्रकरण में जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।**महिला के साथ मारपीट का किसने दिया अधिकार**

वहीं इस घटना को सामने आते ही क्षेत्रीय लोगों का अब करीमुद्दीनपुर पुलिस से विश्वास उठ गया है। क्षेत्रीय लोगों ने कहां की सबसे पहले जो दोषी है। वो है थाना प्रभारी इसका कारण ये है की थाना प्रभारी ने इन निर्लज पुलिस कर्मियों को रोका क्यों



नहीं जो महिला के साथ मारपीट कर रहे थे। ग्रामीणों ने कहा की इन पुलिसकर्मियों को महिला के साथ मारपीट करने का अधिकार किसने दे दिया। गंधपा के निवासियों ने बताया की सरकार महिला सशक्तिकरण चला रही है तो वहीं पुलिस कर्मी धज्जियां उड़ा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### रैली की सफलता पर डा. आलोक ने जताया आभार, कहा 2027 में उखाड़ फेंकें घमंडी सरकार



**बस्ती।** बस्ती जिले के गोटवा कस्बे से मुण्डेरवां के त्रिमूर्ति चौराहे तक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. आलोक रंजन वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई किसान स्वाभिमान ट्रैक्टर रैली काफी सफल रही। बड़ी संख्या मे किसानों व पार्टी नेताओं ने रैली में भागीदारी की। डा. आलोक वर्मा ने सभी सहयोगियों व समर्थकों खास तौर से किसान भाइयों के प्रति हृदय से आभार जताया है। उन्होने कहा जिस तरह से लोगों ने एकजुटता दिखाते हुये किसान स्वाभिमान रैली को कामयाब बनाया है उसी तरह 2027 के चुनाव में भी पूरी ताकत से जुटना होगा और भेदभाव, पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। डा. आलोक वर्मा ने रैली को सफल बनाने में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू, मो. रफीक खान, अवधेश सिंह, जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, सुरेन्द्र मिश्रा, नर्वदेश्वर शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, अनूप पाठक, डी.एन. शास्त्री, लक्ष्मी यादव, डा. मारूफ अली, अतीउल्लाह सिद्धीकी, मंजू पाण्डेय, अलीम अख्तर, राकेश पाण्डेय गांधियन, भूमिधर गुप्ता, शौकत अली नन्हू, गंगा प्रसाद मिश्रा आदि का सहयोग सराहनीय रहा

### डांडिया नाइट में मिशन शक्ति की चमक, DIG संजीव त्यागी, राज्यमंत्री महेश शुक्ला रहे मुख्य अतिथि



**बस्ती।** बस्ती जिले के होटल बालाजी प्रकाश में मरवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि DIG संजीव त्यागी और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री महेश शुक्ला रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी शालिनी सिंह ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। शालिनी सिंह का वक्तव्य प्रभावशाली और प्रेरणादायक रहा उन्होंने कहा कि हर महिला खुद में एक शक्ति है, बस उसे जागने की जरूरत है। उनकी तेजस्वी उपस्थिति आत्मविश्वास से भरे संबोधन ने मंच का माहौल बदल दिया। आज की पुलिसिंग में जिस सख्ती के साथ संवेदनशीलता की जरूरत है, उसका उदाहरण शालिनी सिंह ने अपने कार्य और वाणी दोनों से पेश किया। कार्यक्रम में भारी भीड़ और जोश देखने को मिला।

### खेतों में पानी पहुंचाने के लिए बनी नालियों को टूट जाने से सिंचाई में दिक्कत

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार क्षेत्र के सरकारी नलकूपों से खेतों में पानी पहुंचाने के लिए बनाई गई नालिया टूट चुकी है ।जिससे सिंचाई के समय किसानों को काफी दिक्कत हो रही है। क्षेत्र के हरिशंकर , नरेंद्र पाण्डेय, पवन कुमार, शिव शंकर आदि किसानों ने नलकूप विभाग के उच्चाधिकारियों से नलकूपों से किसानों के खेतों तक पाइप बिछाकर जलापूर्ति करने की मांग की है।किसानों का कहना है की इससे सुचारु और सुरक्षित ढंग से खेतो की सिंचाई होगी।

**टूटी नाली बनवाने की मांग**

सिद्धार्थनगर। उसका बाजार कस्बा के अंबेडकर नगर वार्ड में स्थित हनुमान मंदिर के सामने नाली टूट गई है। टूटी नाली से जलनिकासी की समस्या हो रही है और राहगीरों में दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। वार्ड के नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से टूटी नाली को बनवाने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा है की जल्द ही नाली का मरम्मत कराया जायेगा जिससे नागरिकों की समस्या दूर हो ।

**पक्की सड़क की मांग**

सिद्धार्थनगर। उसका बाजार कस्बा के अंबेडकर नगर वार्ड के पूरब सटे बांध जो की नौखनियां तक गया है। क्षेत्र के लोगों ने इस पक्की सड़क निर्माण की मांग क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों और प्रशासन से की है। लोगों का कहना है की इस बांध पर खड़ंजा लगाया गया है । यह खड़ंजा सड़क काफी खराब हो गया है। इससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। क्षेत्र के संत गोपाल, पवन कुमार मिश्र, कपिल देव सिंह, राज कुमार आदि ने पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

## वार्ड नंबर दो की सड़क गड्ढों में तब्दील राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** बस्ती जिले मे नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर दो मिश्रौलिया रोड़ की हालत इन दिनों बेहद खराब है कभी लोगों के लिए आवागमन का जरिया रही यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे होने से यहां से गुजरना पैदल यात्रियों और वाहनों दोनों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है बरसात के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी भयावह हो जाती है कई बार राहगीर इन गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन को शिकायत दी गई लेकिन न तो कोई अधिकारी मौके पर आया और न ही मरम्मत का कोई कार्य शुरू हुआ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने चुनाव में वादा किए थे कि चुनाव जीतने के बाद मिश्रौलिया रोड का निर्माण होगा और साफ सफाई और जल मिशन शक्ति के तहत काम किया जाएगा लेकिन चुनाव जीतने के बाद अभी तक सड़क निर्माण नहीं हुआ वह चुनाव का समय वादा करके भूल गए अध्यक्ष नेहा वर्मा और अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता और संबंधित वार्ड के सभासद राजन ठाकुर से मोहल्ला वासी उम्मीद रखे हुए थे कि हमारे वार्ड के सभासद हमारे वार्ड का विकास करेंगे लेकिन इस समय देखा जा रहा है विकास जीरो पर है की उदासीनता पर नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है रहवासियों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं स्कूल जाने वाले बच्चे बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं लोगों का कहना है कि अब इस सड़क पर चलना आसान नहीं रहा कदम कदम पर संभलकर चलना पड़ता है स्थानीय जनता ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है ताकि आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो सके और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके।

### अजगर ने सियार को बनाया निवाला, सहमे ग्रामीण



**गैसड़ी।** क्षेत्र के चयपुरवा (रमईपुर) चौराहे के पास लखेरा के घर के पास खेत में अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। सियार की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो देखा कि अजगर सियार को निगलने का प्रयास कर रहा है। यह देख ग्रामीण सहम गए। मौके पर मौजूद इम्तियाज खान, अफजल खान, नसीम अहमद, लोहा, जलालुद्दीन व सरोज चौरसिया ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी। रामपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रभात कुमार वर्मा ने बताया कि वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

## मुख्य न्यायाधीश को अपमानित किए जाने का तीखा विरोध, खेत मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन देश व प्रदेश में मनुवादी सोच के आधार पर दलितों पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। एम माकपा के जिला सचिव शेष मणि ने कहा कि अभी हाल ही में हरियाणा में एक आईपीएस दलित अधिकारी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला प्रकाश में आया है जैसा कि मिले सुसाइड नोट से खुलासा हुआ है.। निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए। माकपा नेता सत्यराम ने सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस पर जूता फेंकने का मामले की चर्चा करते हुए दोषिबके विरुद्ध कार्यवाही की मांग उठायाखेत मजदूर यूनियन के जिला मंत्री




कामरेड नरसिंह ने उत्तर प्रदेश में जनपद रायबरेली में अभी हाल ही में की गई दलित की हत्या और बस्ती जनपद में दलित नेता की बर्बर पिटाई का सवाल उठाया। माकपा नेता कामरेड के के तिवारी ने कहा कि देश भर में सबसे अधिक अपराध दलितों व महिलाओं पर उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं.। मनुवादी सोच लगातार सत्ता के सरक्षण में एसे अपराधों को कारित कर रही है।प्रदेश तथा देश की भाजपा सरकार रोक पाने में विफल है ऐसे में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संवैधानिक हस्तक्षेप करना होगा।

## नूर हॉस्पिटल की अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु भाजयुमो नेता ने अधिवक्ताओं के साथ जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के दक्षिण दरवाजा स्थित नूर हॉस्पिटल में लंबे समय से अवैध रूप से चिकित्सकीय कार्य संचालित किया जा रहा है। अस्पताल के संचालक इम्तियाज अहमद खान, जो कि केवल X-रे टेक्नीशियन हैं, कई वर्षों से फिजिशियन एवं सर्जन के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह कार्य न केवल चिकित्सा नियमों का उल्लंघन है बल्कि भारतीय चिकित्सा परिषद् अधिनियम के प्रावधानों का भी सीधा हनन है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में इस अवैध गतिविधि के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) को कई बार लिखित शिकायतें दीं, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे, नोडल अधिकारी श्री एस0 वी0 सिंह द्वारा गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवैध रूप से संचालित इस अस्पताल को संरक्षण प्रदान किया गया है, जो कि अत्यंत चिंताजनक है।

प्रदीप चौधरी व शिवशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि "यह मामला न केवल चिकित्सा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि निर्दोष रोगियों के जीवन को भी गंभीर खतरे में डालता है।" अधिवक्ता अमित पांडे व अभिनव सिंह ने कहा कि आम के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरुद्ध जनपद का हर नवजवान तैयार है। उन्होंने जिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि नूर हॉस्पिटल की मान्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। एक्स-रे टेक्नीशियन डिग्रीधारी व्यक्ति द्वारा चिकित्सक के रूप में कार्य किए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शीघ्र प्रभाव से कार्रवाई नहीं होती है, तो वह इस मामले को उच्च स्तर पर उठाने हेतु बाध्य होंगे।ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से, राजन कन्नौजिया, पल्लव श्रीवास्तव, हरिचंद चौधरी, राज चौधरी, कोमल दुबे, उमेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## 2027 में बनाएंगे सपा की सरकार - श्याम लाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने भाजपा की नीतियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पाकिस्तान के बच्चों को प्यार देती है और भारत के बच्चों को दुत्कारती है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से मासूमों की मौत हुई, लेकिन सरकार ने अब तक उससे सबक नहीं लिया। सपा प्रदेश अध्यक्ष तुलसीपुर रोड पर चुंगीनाका के पास स्थित एक लॉन में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) सौहार्द सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि पीडीए को मजबूत बनाकर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर रहेंगे। उत्तर प्रदेश में जब तक सपा की सरकार नहीं बनती है, तब तक संघर्ष करते रहेंगे, हम थकने वाले नहीं हैं। श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि जिन गांवों को उन्होंने गोद लिया है, वहां तेजी से विकास कार्य हो रहा है। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब जनता ने केंद्र और प्रदेश दोनों में भाजपा को सत्ता दी, तो सरकार अब जनता से नफरत क्यों कर रही है। प्रदेश सचिव महेंद्र चौहान ने कहा कि पीडीए की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा में खलबली मची है, इसलिए इसे तोड़ने की साजिश की जा रही है। भाजपा सरकार जनता से टैक्स वसूलकर बाद में जीएसटी घटाने का दिखावा करती है और खुद ही खुशियां मनाती है। गैसड़ी विधायक राकेश यादव ने कहा कि सपा कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनके हर सुख-दुख में साथ दे रहे हैं, यही हमारी असली ताकत है। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा के झूठे वादों को समझ चुकी है। सपा नेता कृष्ण कुमार गिहार ने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही गरीब, किसान और नौजवान की आवाज बन सकती है। सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, सपा जिलाध्यक्ष मणिक लाल कश्यप, सांसद प्रतिनिधि डॉ. सुनील चौधरी, पूर्व विधायक मसूद खां, पूर्व विधायक जगराम पासवान व पूर्व विधायक राम सागर अकेला ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ओंकार नाथ पटेल, नरसिंह पाल यादव, इकबाल जावेद, वसीम खान, मनीष सोनकर, परशुराम वर्मा, शत्रुहन वर्मा व अहसान खान आदि मौजूद रहे।

## बड़े पैमाने पर मिला अवैध पटाखों का भण्डारण, एक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गश्त के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध पटाखों के भण्डारण की बरामदगी करने में उदयपुर पुलिस को कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने मौके से पटाखा निर्माण करते एक आरोपी को धर दबोचा। मुकदमा दर्ज कर सोमवार को आरोपी को जेल भेज दिया गया। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार फोर्स के साथ रविवार की देर शाम गश्त पर निकले थे। इसी दौरान परानीपुर में एक खेत में बड़े पैमाने पर अवैध पटाखों के भण्डारण किये जाने की सूचना पुलिस को मुखबिर से मिली। आननफानन में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करके आरोपी को पटाखा निर्माण करते धर दबोचा। पुलिस ने खेत से बड़े पैमाने पर अवैध पटाखा का भण्डारण तथा पटाखा निर्माण करने की सामग्रियों की बरामदगी की। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि मौके से परानीपुर गांव निवासी आरोपी शेर अली पुत्र असगर अली की गिरफ्तारी की गयी है। यहां से कुल साठ किलो अवैध पटाखे तथा निर्माण सामग्री की बरामदगी की गयी है। मौके पर विस्फोटक पदार्थों को नष्ट कराया गया। आरोपी शेर अली के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## सर्पदंश न्यूनीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### ●63 चिकित्सकों को सर्पदंश के चिकित्सीय प्रबंधन का प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** राहत आयुक्त कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, धनवंतरि सभागार में एकदिवसीय सर्पदंश न्यूनीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें जनपद के 63 चिकित्सकों को सर्पदंश के चिकित्सीय प्रबंधन की वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता, डॉ. विजय कुमार, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. तारकेश्वर नाथ वर्मा एवं डॉ. अजीत कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने क्लिनिकल मैनेजमेंट, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सपोर्टिव केयर और कम्युनिकेशन रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व रामशंकर और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता ने किया। संचालन आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार ने किया।

### परिवार संग पहुंचे डीएम, की खरीदारी



**बलरामपुर।** बड़ा परेड ग्राउंड में चल रहे स्वदेशी मेले में बीती शाम जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने पत्नी व बच्चों के साथ स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की। डीएम की पत्नी ने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हैंडबैग, डलिया, मिट्टी के दीये व घर के सजावटी सामनों की खरीदारी की। जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए खिलौने भी खरीदे। डीएम ने समूह के उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कर्मचारियों को भी यहीं से सामान की खरीदारी करने की बात कही, ताकि समूह के महिलाओं की आमदनी बढ़ सके। एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय ने भी घरेलू वस्तुओं की खरीदारी की। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग नीरज सिंह मौजूद रहे।

## रालोद की मजबूती से ही जय जवान, जय किसान का संकल्प साकार होगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलेमे राष्ट्रीय लोक दल द्वारा रुधौली विधानसभा क्षेत्र के छितही खुर्द बाजार में सभा का आयोजन ग्राम प्रधान अनिल चौधरी के संयोजन में आयोजित किया। साऊंघाट विकास खण्ड क्षेत्र में आयोजित सभा को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये प्रदेश महासचिव अरुणेन्द्र पटेल ने कहा कि रालोद निरन्तर किसानों, नौजवानों के हितों के सवाल को लेकर केन्द्र से लेकर उत्तर प्रदेश की सरकार से नीतिगत नीतियों को लागू करा रही है। कहा कि रालोद की मजबूती से ही जय जवान, जय किसान का संकल्प साकार होगा। कहा कि आगामी 30 अक्टूबर को लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयन्ती अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी बस्ती आ रहे हैं। वाल्टरगंज में आयोजित कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी होनी चाहिये। सभा के साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया जिसमें 80 लोगों को सदस्य बनाया गया।




अध्यक्षता करते हुये रामकृपाल चौहान ने रचनात्मक संघर्ष पर जोर दिया। इसी क्रम में कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार चौधरी को रूधौली विधानसभा 309 का उपाध्यक्ष बनाया गया। संचालन गोरखनाथ चौधरी ने किया। सभा में श्री राम मौर्य, इंद्र बहादुर यादव, मुन्नीलाल मास्टर, ओंकार नाथ चौधरी, औरंगजेब अंसारी, ज्ञान दास चौधरी, चंद्र प्रकाश चौधरी, शीश राम शर्मा, कैफ राम यादव, रामनयन यादव, अजय शर्मा, सुनील देव शर्मा, हरिश्चंद्र चौधरी, रामलाल चौधरी, केशव सिंह, अजीत कुमार के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## दिवाली की मिठास में जहर घोलने की कोशिश अधिकारियों ने मारा छापा अवैध खोवा बरामद

### ●त्योहारों की मिठास में घुली मिलावट – 400 किलो खोया और बर्फी जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में त्योहारों को देखते हुए प्रशासन जहरीली मिठाइयों पर जांच करके रोकर लगाने के लिए निर्देश दिया अधिकारी द्वारा खाद्य विभाग को सख्त निर्देश दिया जहरीली एवं अवैध मिठाइयों पर तत्काल कार्रवाई करें जानकारी के अनुसारदीपावली नज़दीक आते ही बाजारों में मिठाइयों की खरीद-बिक्री तेज़ हो गई है। इसी बीच बस्ती जिले में खाद्य विभाग की



टीम ने मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को जिले के विभिन्न इलाकों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान टीम ने 406 किलो खोया और 40 किलो डोडा बर्फी जब्त की, जिनकी गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर ही नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। वहीं, जब्त की गई बाकी मिठाइयों को विभागीय निगरानी में गड्ढे में दबाकर नष्ट करा दिया गया, ताकि इन्हें दोबारा बिक्री में न लाया जा सके।

अधिकारियों ने मिठाई विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी कि यदि निर्माण या बिक्री में मिलावट या अस्वच्छ माहौल पाया गया तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए।खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानों की सफाई और मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच शुरू कर दी। वहीं, आम लोगों में राहत की भावना देखने को मिली है कि प्रशासन त्योहारों के समय उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा।

## मौसम बदलने से सर्दी-खांसी व बुखार के बढ़े मरीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/गौरा चौराहा।** 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 2224 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। मौसम बदलने से आरोग्य मेले में सर्दी-खांसी व बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। 2224 में से 748 मरीज सर्दी-खांसी व बुखार के मिले। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जावेद अख्तर व डॉ. मोहसिन अली सिद्दीकी ने मरीजों का उपचार किया। बदलते मौसम में सेहत पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। कहा कि इस समय सुबह-शाम ठंड का असर दिख रहा है। ऐसे में सावधानी बरतनी होगी। गौरा चौराहा क्षेत्र के पिपरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्साधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार मौर्य ने मरीजों का उपचार किया। यहां पर सर्दी, जुकाम, खांसी व बुखार के मरीज ज्यादा रहे। भारत ने बताया कि जुकाम की समस्या है दवा लेने आया हूं। यहां पर 58 मरीज देखे गए। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि मेले में 2224 मरीजों का उपचार किया गया है। इसमें 863 पुरुष, 815 महिलाएं व 546 बच्चे शामिल हैं।



**एलटी न होने से जांच ठप**

ललिया। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा बाजार में लैब टेक्नीशियन न होने से मरीजों के खून की जांच ठप है। पीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को बिना जांच ही लौटना पड़ा। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. कपिल देव ने बताया कि लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति न होने से जांच नहीं हो पाती है। फार्मासिस्ट और स्वीपर कम चौकीदार की नियुक्ति भी अस्पताल में नहीं है। इलाज कराने आए सुशील कुमार ने बताया कि सर्दी, जुकाम व बुखार की समस्या है, चिकित्सक को दिखाकर दवा लिया हूं। सुनीता हाथ-पैर में दर्द व राजूराम पेट दर्द की दवा लेने आए थे।

## भगवान का स्मरण सदैव पवित्र मन से करना चाहिए-पं0 माधवपति जी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड स्थित श्रीरामजानकी सभागार में हो रही श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास पं0 माधवपति त्रिपाठी महराज जी ने कहा कि भगवान कन्हैया का स्वरूप हमारी आध्यात्मिक चेतना को भव्यता प्रदान करता है। उन्होने बताया कि भगवान बिना किसी भेदभाव के अपने हर भक्त पर समान कृपा रखा करते हैं। कथाव्यास माधवपति जी ने कहा कि कृष्णावतार हमें सदैव सत्य पथ पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान का स्मरण पवित्र मन से करना ही फलदायी हुआ करता है।



उन्होने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला निष्काम भाव से संसार को सुख प्रदान किया करती है। उन्होने कहा कि श्रद्धा व भक्तिपूर्वक राधे राधे का जाप करने से प्रभु की दयालुता एवं करूणा प्राप्त हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान की कृपा का सबसे सुगम उपाय कलिकाल में हरिनाम जाप है। कथा के संयोजक पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल एवं दयावती शुक्ला ने व्यासपीठ का भावपूर्ण पूजन अर्चन किया। संचालन अधिवक्ता जयकृष्ण शुक्ल ने किया। वहीं डा0 आशीष शुक्ल तथा सूर्य नारायण तिवारी, इं0 आनन्द त्रिपाठी, शिवाकांत तिवारी, देवेन्द्र ने कथाव्यास को माल्यार्पण एवं भगवान श्रीकृष्ण का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वागत डा0 रमेशचंद्र पाण्डेय व डा0 पीयूष पाण्डेय ने श्रद्धालुओं का तिलक अभिषेक किया। आभार प्रदर्शन शिक्षिका रीतू शुक्ला ने किया। इस मौके पर डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, कमलेश तिवारी, आचार्य रामअवधेश मिश्र, दीनानाथ तिवारी, रामअवध तिवारी, शिवकृपाल शुक्ल, राजेश तिवारी, दिवाकरनाथ शुक्ल, गिरीश मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र, दीपक शुक्ला आदि रहे।

## अदालती आदेश पर दर्ज प्राथमिकियों में अंतिम रिपोर्ट की समीक्षा को लेकर डीजीपी से उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जिले में कोर्ट के आदेश से दर्ज होने वाले मुकदमों में पारदर्शिता को लेकर प्रदेश के डीजीपी को पत्र लिखा है। सोमवार को प्रदेश पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण को लिखे पत्र में उन्होने प्रतापगढ़ में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण से पूर्व एक माह के दौरान हुई विवेचनाओं की भी उच्चस्तरीय समीक्षा कराए जाने की मांग उठाई है। उन्होने कहा कि अदालतो से पीड़ितो के द्वारा दर्ज कराई जाने वाली प्राथमिकियों में थाना स्तर पर विवेचना गंभीरतापूर्वक नहीं की जा रही है। उन्होने आरोप लगाया है कि अदालती आदेश पर दर्ज होने वाली एफआईआर में पुलिस शत प्रतिशत आरोपमुक्त परिणाम का निष्कर्ष निकाल रही है। कहा कि क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा इस प्रकार के विवेचकों के जरिए फाइनल रिपोर्ट की जानबूझकर प्रक्रिया अपराध के ग्राफ को कम करने का भी सुनियोजित गैर कानूनी हथकण्डा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पत्र में यह भी कहा है कि अदालती प्रक्रिया के तहत दर्ज मुकदमो मे वादी के बयान भी नहीं अंकित किये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि यह पुलिसिया प्रक्रिया भारतीय न्याय संहिता में पीड़ित को न्याय के प्रतिकूल निराशा प्रदान कर रही है। उन्होने डीजीपी से अनुरोध किया है कि तत्कालीन एसपी के स्थानांतरण के एक माह की अवधि में ज्यादातर मुकदमों में विवेचना अधिकारियों ने एसपी को विश्वास में लिये बगैर थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारियों से मिलीभगत कर कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट भेज दी है। उन्होने कहा कि मुकदमों के इस प्रकार से जांच की प्रक्रिया यूपी पुलिस रेगुलेशन एक्ट के खिलाफ है। यह भी कहा कि पीड़ित के द्वारा अदालत से अनुतोष प्राप्त करने की स्थिति में जिले की पुलिस द्वारा आदतन इसे बोझ समझकर गुणदोष के अभाव में जांच की यह प्रक्रिया सीधे तौर पर अदालत की भी अवमानना है। उन्होने ऐसे मामलों की जांच कराकर इसके जिम्मेदारों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कराये जाने का भी डीजीपी से पत्र के जरिए अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील से तीन किलोमीटर दूरी पर धड़ल्ले से जलायी जा पराली



**सीतापुर** 13 अक्टूबर जहां एक तरफ सरकार प्रदूषण को रोकने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर तत्पर्य है वहीं पर बक्शी का तालाब तहसील के आसपास के गांव के किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे। नगर पंचायत बक्शी का तालाब के रुदही गांव में लगभग एक हेक्टेयर से अधिक धान के खेत की पराली जलाई । परली का धुआं भी के टी तहसील सहित आसपास लगभग 7 से 8 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला रहा वहीं पर तहसील के कर्मचारी इस धुएं की अनदेखी कर रहे हैं। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रमुख रूप से माटी में बहुत सारे लाभकारी जीवाणु होते हैं जो मृदा को उपजाऊ बनाने में मदद करते हैं पराली जलाने से वह नष्ट हो जाते हैं तथा मित्र कीट भी पराली जलाने से समाप्त हो जाते हैं । डॉ सिंह ने बताया कि किसान परली बिल्कुल ना जलाएं इसे मल्चिंग में उपयोग करें।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय शुक्ला का तालाब में मिला शव क्षेत्र में फैली सनसनी



**बिसवां/सीतापुर** नगरपालिका परिषद के विद्यालय श्री कृपा दयाल म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय शुक्ला का शव सोमवार को शीतला माता मंदिर के निकट स्थित तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार अजय शुक्ला रविवार को घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखा, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सांडा और हुलासपुरवा के गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि रविवार रात से ही मृतक की तलाश जारी थी। सोमवार को शव बरामद होने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रविवार रात मृतक को शीतला देवी मंदिर के पास बने तालाब की ओर जाते देखा गया था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।


### श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रसंग ने भिगो दिए श्रोताओं के नेत्र अभिवादनशीलता से बढ़ती है आयु और यश- आरपी ओझा



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास डॉ. आरपी ओझा ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो उठा। डॉ. ओझा ने कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे संबंधों की कहानी है। बताया कि जब गरीब ब्राह्मण सुदामा वर्षों बाद द्वारका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं द्वार पर दौड़कर उनका स्वागत किया। उन्होंने सुदामा के पांव धोए, उन्हें आसन दिया। प्रेमपूर्वक उनका हालचाल पूछा। भगवान ने सुदामा के सूखे चिउड़े को ऐसे ग्रहण किया मानो अमृत हो। कहा कि भगवान के लिए धन नहीं भाव महत्वपूर्ण होता है। कथा व्यास ने आगे कहा कि मनुष्य को अपने पिता के वचनों का पालन करना चाहिए। भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ की आज्ञा का पालन कर आदर्श स्थापित किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विनम्र और अभिवादनशील होता है, उसके जीवन में यश, आयु, विद्या और सौभाग्य की वृद्धि होती है। पिता का अभिवादन करने से ग्यारह प्रकार की सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इस मौके पर जेपी सिंह, एसएन सिंह, सुरेश दीक्षित, राकेश द्विवेदी, संतोष तिवारी, संजय तिवारी, अंशुमान सिंह, मंसू सिंह सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## दीपावली से पहले बिजली कर्मियों को बोनस देने की उठी मांग- विद्युत मजदूर संगठन ने चेयरमैन को भेजा पत्र

● .......संगठन ने कहा- 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति देने वाले कर्मचारियों का बोनस वर्षों से लंबित, 20 अक्टूबर से पहले भुगतान हो




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** दीपावली पर्व से पूर्व विद्युत मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश ने बिजली कर्मियों को बोनस भुगतान की मांग उठाई है। सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को संगठन ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (PPCL) के चेयरमैन को पत्र भेजकर आग्रह किया कि दीपावली से पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 सहित पूर्व वर्षों का लंबित बोनस भुगतान तत्काल कराया जाए।

संगठन के अध्यक्ष विमल चंद्र पांडेय और मुख्य महामंत्री श्रीचन्द्र ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दीपावली का पर्व उल्लास और प्रकाश का प्रतीक है, जिसे पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसे में बिजली विभाग के कर्मचारी इस खुशी में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि त्योहार से पूर्व बोनस का भुगतान हो जाता है, तो कर्मचारियों के अंदर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल बनता है, जिससे उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ती है। नेताओं ने यह भी बताया कि पिछले कई वर्षों से बोनस भुगतान में देरी होती आ रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। इस वर्ष दीपावली 20 अक्टूबर को पड़ रही है, ऐसे में संगठन ने चेयरमैन से अनुरोध किया है कि समय रहते बोनस का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्युत कर्मी भी अपने परिवार के साथ खुशीपूर्वक दीपावली मना सकें।

### एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु 13 से 16 अक्टूबर तक धूमधाम से मनाया गया चतुर्दिवसीय कार्यक्रम



**बिसवां सीतापुर** बिसवां शहर के एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु दिनांक 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक चतुर्दिवसीय कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रोचक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, छात्रों ने अपने अभिनय कौशल द्वारा सभ्य समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। इस भव्य कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी नें दीपप्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तथा परिसरीय छात्रों के प्रतिभा प्रदर्शन को देखकर प्रमुदित मन से शुभाशीष देते हुए उत्कृष्ट सफल प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों समेत समस्त शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा नें सभी विद्यार्थियों के कला, कौशल की प्रशंसा करते हुए संस्था की सतत् उन्नति की कामना के साथ उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ़्तार, दस लाख क़ीमत का आठ कुंतल अवैध विस्फोटक किया बरामद




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में दीपावली से पहले पुलिस ने बड़ा विस्फोटक बरामद किया है रविवार देर रात अटरिया थाना पुलिस ने धरावा मोड़ के पास छापेमारी कर करीब 8 कुंतल अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद की है। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान मनीष कुमार निवासी रनुवापारा और मो. तौसीफ निवासी कस्बा अटरिया के रूप में हुई है। बरामद विस्फोटक सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि अटरिया कोतवाल उमाकांत शुक्ला को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध तरीके से विस्फोटक सामग्री बेची जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल ने टीम गठित कर रविवार देर रात धरावा मोड़ स्थित एक दुकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में पटाखों में प्रयुक्त होने वाली विस्फोटक सामग्री बरामद हुई पुलिस के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपी दीपावली के मौके पर इस अवैध विस्फोटक सामग्री को छोटे व्यापारियों और पटाखा दुकानदारों को ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके से सामग्री जब्त कर उसे सील कर दिया है बरामद विस्फोटक का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसमें कौन-कौन से रासायनिक तत्व प्रयुक्त किए गए हैं सीओ कपूर कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि अवैध विस्फोटक सामग्री की सप्लाई कहां से की जा रही थी और इसके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा है कि दीपावली से पहले जनपद में अवैध विस्फोटक व पटाखा निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ऐसे किसी भी अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा!!

## श्रद्धा और भक्ति से गूंजा वृंदावन- जनकल्याण समिति ने आयोजित किया 16 वां विशाल मां भगवती जागरण

● .......भक्ति गीतों और झांकियों से भक्त हुए मंत्रमुग्ध, प्रमुख अतिथियों की मौजूदगी में हुआ भव्य आयोजन, रविवार को हुआ विशाल भंडारा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र स्थित वृंदावन आवासीय परिसर में शनिवार की रात श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वृंदावन आवासीय जनकल्याण महासमिति के तत्वावधान में आयोजित 16वां मां भगवती का विशाल जागरण भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। मां भगवती के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। जागरण के दौरान प्रसिद्ध गायक जय श्री यादव, पंडित धीरज तिवारी और करण जौहरी ने अपने भक्तिमय गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक मां भगवती की महिमा में लीन होकर भक्ति रस का आनंद लेते रहे। जागरण के दौरान त्वद्रूस-योगा ग्रुप के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक झांकियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रमुख रूप से बदलापुर जौनपुर के विधायक श्री रमेश चंद्र मिश्रा, आईपीएस अधिकारी श्री घनश्याम चौरसिया, डॉ. रमापति त्रिपाठी, सरोजिनी नगर विधायक प्रतिनिधि श्री के.एन. सिंह, पार्षद पति श्री सुनील कुमार रावत, एएसपी श्री अनिल कुमार यादव और केवीएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अजय यादव उपस्थित रहे।

जागरण के सफल समापन के बाद रविवार की प्रातः बेला में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। योगा ग्रुप के सदस्यों ने सेवा भाव से भंडारे का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पांडेय ने बताया कि सभी सदस्यों ने पूर्ण निष्ठा, समर्पण और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। उन्होंने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां भगवती की कृपा से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक भव्य रूप में संपन्न होता रहेगा।

### नागेश प्रताप सिंह बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव

● .......समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर हुआ मनोनयन, पार्टी नेताओं ने दी शुभकामनाएं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**स्त्र** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने लखनऊ के युवा समाजसेवी नागेश प्रताप सिंह को ब्रिगेड का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। पार्टी संगठन के प्रति उनकी सच्ची निष्ठा, सक्रियता और समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।

मनोनयन की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमरपाल सिंह, पूर्व विधायक अमरीश सिंह पुष्कर, उपाध्यक्ष नवनीत सिंह, अरुणेश प्रताप सिंह दल्लू, गौरव जायसवाल, आंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष राजकिशोर राजू, जिला सचिव मोहम्मद आरिफ कुरेशी, नितुल शर्मा और सतीश गुप्ता सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर नागेश प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के प्रति आभार जताते हुए कहा कि– "पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करूंगा। संगठन को मजबूत करने और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करूंगा।"

### अमेठी सांसद केएल शर्मा के सम्मान में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को अमेठी सांसद केएल शर्मा के सम्मान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्सवपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सांसद के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्थन व्यक्त किया। सभी ने सांसद के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। केक काटकर उनके दीर्घायु होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के कमल सिंह चौहान, जिला सचिव एवं प्रभारी सरेनी कामता प्रसाद गौड़, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, राजेंद्र बहादुर सिंह, शिवबरन सिंह चौहान, राजबाबू, मेवालाल और महेंद्र कुमार सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धरने का कारण बना एडीओ पंचायत की लापरवाही- सरोज सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर।** ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत 47 शौंचालय का धन गमन हो गया, ग्राम पंचायत सदस्यों की लिखित मांग के बावजूद ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन का उपयोग नहीं हुआ, विद्यालय कायाकल्प न कराकर पक्के कार्य पर धन व्यय कर दिया। 16 जनवरी 2024 को उचितदर विक्रेता चयन बैठक की फाइल गायब कर दी गई। बीडीओ कार्यालय से लेकर आईजीआरएस के माध्यम से समय समय पर शिकायतें होती रहीं। राज्य/केन्द्रीय वित्त व एसबीएम निधि पंचायत विभाग के आधीन होने के चलते एडीओ पंचायत को जांच मिलती रही। जांच के नाम पर मात्र खाना पूर्ति कर अपने अधीनस्थ को बचाते रहे। मामला तो तब बिगड़ा जब एडीओ पंचायत ने कोटा चयन बैठक हेतु अगली तिथि न देने की पैरवी करते हुये अपने पद का दुरूपयोग करके रिस्तेदारी निभाने लगे। उक्त आरोप धरने की अगुवाई कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह का है। श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2020/21 में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत बनने वाले व्यक्ति गत शौंचालय की धनराशि तत्कालीन प्रधान व सचिव ने निकाली थी। उक्त धनराशि से बनने वाले 47 शौंचालय न बनवाकर धन व्यपहरण कर लिया था। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के सरांयजीत निवासी उमेश पाल सिंह ने पहले बीडीओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। जब जांच नहीं हुई तो 27-10-2023 को आईजीआरएस संख्या 4001542 3072301 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। तो अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुये उन्हे पंचायतराज शासनादेश 18 अप्रैल 2019 का हवाला देकर निस्तारण रिपोर्ट प्रेषित कर दी। जब उक्त शासनादेश के अन्तर्गत उमेश पाल सिंह ने पुनः 2 फरवरी 2024 को शपथ पत्र व साक्ष्य के साथ शिकायत दर्ज कराई तो शिकायती पत्र सहित फाइल गायब कर दी गई। श्री सिंह ने बताया कि पंचायत भवन संचालित करने के लिये मेरे साथ चार सदस्यों ने बीडीओ कार्यालय में दिनांक 08-01-2024 को प्रार्थना पत्र दिया। जांच व कार्यवाही हेतु तत्कालीन बीडीओ ने एडीओ पंचायत को लिखा। फिर भी पंचायत भवन नहीं खुला। जो गांव के विकास का केन्द्र होने के साथ साथ मुख्यमंत्री की प्रथम वरीयता में भी है। वहीं 14 मई 2025 को बीडीओ कार्यालय में शिकायती पत्र रिसीव कराते हुये मैने जूनियर विद्यालय सरांयजीत में शौंचालय निर्माण कराने, टायलीकरण के धन दुरूपयोग आदि की शिकायत मेरे द्वारा दर्ज कराई गई। जांच एडीओ पंचायत को मिली, इसके अतिरिक्त आईजीआरएस के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई। जांच के नाम पर मुझ शिकायत कर्ता को बिना बताये ही एडीओ पंचायत ने फर्जी रिपोर्ट लगा दी। यह कहां का नियम है। जबकि राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त, एसबीएम व एसएलडब्लूएम जैसी योजनाओं पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी स्वयं एडीओ पंचायत की होती है। जिसके एवज में भ्रमण भत्ता भी तयं है। एडीओ पंचायत की इसी लापरवाही ने ग्रामीणों को अनिश्चित कालीन धरने व भूंख हड़ताल करने पर मजबूर किया है। भूंख हड़ताल पर बैठे दो लोग धीरे धीरे गंभीर होने लगे हैं। धरने पर बैठे हम ग्रामीणों के साथ यदि कोई अप्रिय घटना होती है। तो हम सीधे डीपीआरओ को जिम्मेदार मानेगे।

## रेल कोच फैक्ट्री के सीनियर टेक्नीशियन से फिरौती मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

● घटना में इस्तेमाल वैगनआर कार हुई बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में कार्यरत सीनियर टेक्नीशियन से दो लाख की फिरौती लेने के लिए कार सवार दो लोगों ने रविवार की देर रात उसे कार में भरकर अपहृत कर लिया। आरोपियों ने कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित कर्मचारी किसी तरह जान बचाकर भागा और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने छापी मेरी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। संजय कुमार मीणा आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सीनियर टेक्नीशियन के पद पर तैनात हैं। रविवार की देर शाम को वह स्कूटी से सब्जी खरीदने को घर से निकले थे। तभी दो कार सवार युवकों ने मारपीट कर उसे कार में भर लिया और आरोपियों ने उसे दो लाख रुपए फिरौती के रूप में मांगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दोनों ने उसे जाति सूचक गलियां भी दी। रास्ते में जब दोनों आरोपी पेशाब करने के लिए उतरे तो मौका पाकर कर्मचारी भाग निकला और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में फौरन केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। सोमवार को पुलिस टीम ने सोहवल दीपेमऊ निवासी भूपेंद्र उर्फ रिशु सिंह व डलमऊ थाना क्षेत्र के नरहरपुर कल्याणपुर बेती गांव निवासी वैभव उर्फ अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास अपहरण में प्रयुक्त की गई वैगनआर कार लकड़ी का फट्ठा व लोहे का कड़ा बरामद किया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




पुलिस के मुताबिक आरोपी भूपेंद्र उर्फ रिशु सिंह अपराधी किस्म का है। उसके विरुद्ध कई संगीन धाराओं में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर, दिए कड़े निर्देश

● किसानों की बिजली संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ जनता की सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं तत्परता लाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

जिलाधिकारी ने बैठक में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों, ओवर बिलिंग की समस्याओं तथा नए विद्युत कनेक्शन आवेदनों पर कार्यवाही की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक बिलिंग की समस्या न हो।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि विद्युत उपकेंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी सतर्कता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा नए विद्युत कनेक्शन के आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग की कार्यशैली आमजन के प्रति जवाबदेही पूर्ण होनी चाहिए तथा प्रत्येक उपभोक्ता को सुचारु बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रथम नेकी राम, वितरण मंडल द्वितीय मुकेश कुमार, संदीप श्रीवास्तव, अवर अभियंता प्रवर्तन दल विनय रावत सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## धीरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025* के विजेताओं को सम्मानित किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बरेली के युवा वक्ता धीरेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद वा प्रदेश का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया था। मुख्यमंत्री जी ने धीरेंद्र सिंह को टेबलेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें देशभर के हजारों युवाओं के बीच अपनी ओजस्वी वाणी, गहन राजनीतिक समझ और राष्ट्र निर्माण के विचारों के लिए प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा- देश का भविष्य इन जैसे युवाओं के हाथों में सुरक्षित है, जो विचार और कर्म दोनों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प रखते हैं।

इस अवसर पर धीरेंद्र सिंह ने कहा- यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी युवाओं का है जो विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं। मेरा लक्ष्य है- युवाओं को जागरूक, सशक्त और राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना।

## अवध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डॉ. विजय कुमार शुक्ला को पीएचडी की उपाधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को आयोजित भव्य 30वें दीक्षांत समारोह में माननीया राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार शुक्ला को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. विजय कुमार शुक्ला ने बायोकेमिस्ट्री विषय में अपना शोधकार्य विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रोफेसर फ़रुख़ जमाल के निर्देशन में पूर्ण किया है। उनके शोध कार्य को अकादमिक जगत में विशेष सराहना प्राप्त हुई है। उन्होंने अपने अनुसंधान के माध्यम से बायोकेमिस्ट्री के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रस्तुत किए हैं, जो आने वाले शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होंगे।

डॉ. विजय के अनेक शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। उनके शोध की गुणवत्ता और नवीनता ने उन्हें न सिर्फ विश्वविद्यालय, बल्कि वैज्ञानिक समुदाय में भी एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। गोंडा जिले के नवाबगंज तहसील के ग्राम कटरभोगचंद निवासी डॉ. विजय कुमार शुक्ला की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों, परिजनों और शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. विजय की यह सफलता नवयुवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापकगण, शोधार्थी तथा




बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने कहा कि आज के युग में शोध और नवाचार ही राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से देशहित में ज्ञान और अनुसंधान को समर्पित करने का आह्वान किया। डॉ. विजय कुमार शुक्ला की यह उपलब्धि न केवल अवध विश्वविद्यालय, बल्कि संपूर्ण गोंडा जनपद के लिए भी गौरव का विषय है।

### देर रात से लापता युवक का मिला शव इलाके में फैली सनसनी, घर से दो किमी दूर मिला युवक का शव

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव में सोमवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान अनुराग पुत्र गोविंद निवासी उरदौली के रूप में हुई है बताया जा रहा है कि अनुराग रविवार की रात घर से टहलने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटा सोमवार सुबह करीब 12 बजे गांव से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित नहर कोठी की छत पर उसका शव पड़ा मिला परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची महोली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटनास्थल के आसपास किसी तरह की संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं प्रथम दृष्टया मामला जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या किए जाने का प्रतीत हो रहा है हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। गांव में चर्चा है कि युवक किसी युवती से प्रेम प्रसंग को लेकर तनाव में था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया हो सकता है। वहीं परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है और कहा है कि अनुराग ने कभी भी किसी तरह की निराशा जाहिर नहीं की थी सीओ महोली नागेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मौत के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। परिवारजन भी स्थिति को लेकर कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी!!

# स्मार्ट फिल्टर और रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार 2025

वर्ष 2025 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार उस खोज को समर्पित किया गया जिसने आधुनिक विज्ञान को एक नई पर्यावरणीय चेतना दी। यह पुरस्कार उन वैज्ञानिकों को मिला जिन्होंने धातु कार्बनिक ढाँचों ( मेटल ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स-एमओएफ्एस) पर आधारित "स्मार्ट फिल्टर" तकनीक विकसित की। हाल ही में वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा हुई है जिसमे रसायन के लिए इस वर्ष 3 वैज्ञानिकों - सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को यह पुरस्कार दिया गया है। इस बार के ये तीनों विजेता अलग-अलग देश के रहने वाले हैं। इस साल ये पुरस्कार जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों को सम्मिलित रूप से दिया गया है। रसायन नोबेल पुरस्कार 2025 इन तीनों वैज्ञानिकों को "मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स (एम ओ एफ )" के विकास के लिए मिला है, जो एक ऐसी खोज है जिससे उपयोग रेगिस्तानी हवा से पानी इकट्ठा करने में हो सकता है।1901से प्रारंभ 2025 तक रसायन विज्ञान के क्षेत्र में कुल लगभग 200 वैज्ञानिकों को 117 बार यह नोबेल पुरस्कार मिल चुका है। इनमें से फ्रेडरिक सेंगर और बैरी शार्पलेस ऐसे दो वैज्ञानिक हैं जिन्हें दो-दो बार यह सम्मान मिला है। आपको बता दें की मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क (एम ओ एफ) ये त्रि-आयामी पदार्थ होते हैं जो धातु आयनों या समूहों और कार्बनिक यौगिकों (लिगैंड्स) से बने होते हैं। ये स्व-संयोजित क्रिस्टलीय छिद्रयुक्त संरचनाएं होती हैं जिनका छिद्रण, सतह क्षेत्र और संरचना अत्यंत नियंत्रित होती है। एम ओ एफ की खासियत यह है कि ये हल्के होते हुए भी बहुत बड़े सतह क्षेत्र और छिद्रित ढांचे प्रदान करते हैं, जो विभिन्न उपयोगों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। आज जब पृथ्वी की वायु, जल और मिट्टी पर प्रदूषण की परतें घनी होती जा रही हैं, तब यह खोज हमें यह विश्वास दिलाती है कि विज्ञान केवल समस्या का विश्लेषक नहीं, बल्कि समाधान का सृजक भी है। "स्मार्ट फिल्टर" का मूल आधार है - धातु-कार्बनिक ढाँचा (मेटल ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क) यह एक नैनोस्तरीय जालीनुमा पदार्थ है जिसमें धातु आयन (जैसे तांबा, लोहा, जिंक) को कार्बनिक अणुओं (ऑर्गेनिक लिंकर्स) से जोड़ा जाता है। इससे एक त्रिआयामी छिद्रयुक्त संरचना बनती है जो गैसों और अणुओं को चुनिंदा रूप से पकड़ने या अलग करने में सक्षम होती है। एक ग्राम एमओएफ का सतही क्षेत्रफल फुटबॉल मैदान जितना बड़ा हो सकता है। यही कारण है कि इन्हें "रसायनिक स्पंज" कहा जाता है – जो सूक्ष्मतम स्तर पर भी अणुओं को अवशोषित करने की क्षमता रखते हैं। "स्मार्ट फिल्टर" पारंपरिक फिल्टर से बिल्कुल अलग है। जहाँ सामान्य फिल्टर केवल आकार या छिद्र के आधार पर पदार्थों को छानते हैं, वहीं एमओएफ-आधारित स्मार्ट फिल्टर अणुओं के रासायनिक व्यवहार को पहचानते हैं। उदाहरण के लिए, कोई स्मार्ट फिल्टर कार्बन डाइऑक्साइड को तो रोक सकता है लेकिन ऑक्सीजन को स्वतंत्र रूप से गुजरने देता है। इसी प्रकार, जल से भारी धातुओं को हटाते हुए आवश्यक खनिजों को बनाए रखना भी संभव है। इस तकनीक के पीछे की विशेषता है - रासायनिक चयनात्मकता (केमिकल सेलेक्टिविटी),जो धातु कार्बनिक ढांचा के अनुकूलन योग्य ढाँचे से आती है। इस तरह के फिल्टर भविष्य में वायु शोधक, जल शोधक, औद्योगिक उत्सर्जन नियंत्रण और दवा वितरण के क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं। 2025 की नोबेल समिति ने इस खोज को केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता की रक्षा के लिए रासायनिक नवाचार कहा है। इस तकनीक से विकसित एम ओ एफ आधारित झिल्लियाँ (मेंबरेन्स) पहले ही प्रयोगशालाओं से निकलकर औद्योगिक संयंत्रों में स्थापित होने लगी हैं। इन झिल्लियों से निकलने वाली वायु इतनी शुद्ध होती है कि एक औद्योगिक परिसर का कार्बन उत्सर्जन 40-60 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। इसी प्रकार, जल शोधक संयंत्रों में यह तकनीक विषाक्त धातुओं जैसे आर्सेनिक, सीसा और कैडमियम को लगभग पूर्णतः हटा देती है। नोबेल समिति ने इस आविष्कार को एक "हरित युग का आरंभ" कहा है, क्योंकि यह मानव और प्रकृति दोनों के हित में संतुलन स्थापित करता है। धातु कार्बनिक ढांचा (एमओ एफएस)की यह तकनीक केवल प्रदूषण हटाने तक सीमित नहीं है। इनकी छिद्रयुक्त संरचना हाइड्रोजन, मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों को सुरक्षित रूप से संचित करने में सक्षम है। इससे स्वच्छ ईंधन अर्थव्यवस्था (क्लीन फ्यूल इकोनॉमी) को मजबूती मिलती है। एक लीटर एम ओ एफ आधारित फिल्टर 500 लीटर हाइड्रोजन गैस को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर सकता है। यह तकनीक आने वाले दशकों में हाइड्रोजन वाहनों के लिए ऊर्जा भंडारण का सस्ता और कुशल विकल्प बन सकती है। इसके अलावा, एमओएफ फिल्टर औद्योगिक अपशिष्टों से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को पकड़कर पुनः प्रयोग योग्य बना सकते हैं। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी और जलवायु स्थिरता दोनों को बल मिलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यू एच ओ) के अनुसार, पृथ्वी पर लगभग 200 करोड़ लोग ऐसे जल स्रोतों पर निर्भर हैं जिनमें हानिकारक रासायनिक अवशेष हैं। एम ओ एफ आधारित स्मार्ट फिल्टर इन विषाक्त तत्वों को आणविक स्तर पर हटाने की क्षमता रखते हैं। ये फिल्टर पी एच, तापमान और प्रकाश के अनुसार अपना व्यवहार बदल सकते हैं, अर्थात् वे स्वयं-अनुकूल (सेल्फ एडेप्टिव) होते हैं। इस कारण से इन्हें "स्मार्ट" कहा जाता है। वे जहाँ प्रदूषण अधिक होता है, वहाँ स्वतः अधिक सक्रिय हो जाते हैं – यह मानो विज्ञान की पर्यावरणीय चेतना का मूर्त रूप है। धातु कार्बनिक ढांचे (एम ओ एफ एस ) और स्मार्ट फिल्टर का उपयोग केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा। चिकित्सा क्षेत्र में इनका उपयोग दवा वितरण (ड्रग डिलीवरी) और बायोसेंसर बनाने में होने लगा है। कुछ एमओएफ संरचनाएँ शरीर के अंदर जाकर केवल रोगग्रस्त कोशिकाओं पर ही प्रभाव डालती हैं – जैसे कैंसर चिकित्सा में लक्षित दवा वितरण। इससे दवाओं के दुष्प्रभाव घटते हैं और उपचार की प्रभावशीलता बढ़ती है। इस प्रकार, रसायन विज्ञान अब सीधे मानव स्वास्थ्य की सेवा में भी उपस्थित है। धातु कार्बनिक ढांचा यानी मेटल ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क आधारित स्मार्ट फिल्टर आने वाले वर्षों में हरित उद्योगों (ग्रीन इंडस्ट्रीज) की रीढ़ बनेंगे। ये ऊर्जा बचाते हैं, प्रदूषण घटाते हैं और उत्पादन को अधिक कुशल बनाते हैं।

रसायन, पेट्रोलियम, सीमेंट, स्टील और औषधि उद्योग पहले ही इनके प्रयोग की दिशा में अग्रसर हैं। इसके साथ ही, वैज्ञानिक अब एमओएफएस के रीसायक्लेबल और जैव-अवक्रमणीय (बायोडिग्रेडेबल) संस्करणों पर कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रयोग के बाद वे स्वयं पर्यावरण में विलीन हो सकें। इससे "शून्य अपशिष्ट रसायन विज्ञान (ज़ीरो वेस्ट केमिस्ट्री)" की दिशा में दुनिया एक बड़ा कदम बढ़ाएगी। रसायन विज्ञान का यह नोबेल पुरस्कार हमें यह सिखाता है कि सच्चा विज्ञान वही है जो जीवन को सुरक्षित करे। एम ओ एफ एस और स्मार्ट फिल्टर केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं हैं, वे उस चेतना के प्रतीक हैं जिसमें मानव बुद्धि और प्रकृति की रक्षा का संकल्प एक हो जाता है। यह खोज यह भी सिद्ध करती है कि प्रयोगशाला की दीवारों के भीतर जो रासायनिक सूत्र गढ़े जाते हैं, वे अंततः धरती की साँसों को स्वच्छ और जल को निर्मल बना सकते हैं। भविष्य का विज्ञान यदि इस दिशा में चलता रहा, तो निश्चय ही 21वीं सदी की पहचान केवल तकनीकी प्रगति नहीं, बल्कि पर्यावरणीय स्थायित्व और मानवता की करुणा होगी।

**डॉ. रामानुज पाठक**

# महिलाओं की आज़ादी बनाम शासन की जिम्मेदारी

### खोखले बयान नहीं, कानून और न्याय से बनती है सुरक्षा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हालिया बयान कि "लड़कियों को रात में बाहर नहीं निकलना चाहिए," समाज की उस रूढ़िगत सोच को उजागर करता है जो अपराधी को छोड़कर पीड़िता को कठघरे में खड़ा करती है। दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली घटना के बाद यह बयान न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह उस पितृसत्तात्मक मानसिकता का आईना है जो महिलाओं की स्वतंत्रता को खतरा मानती है। एक प्रगतिशील समाज शासन से अपराध के खिलाफ कठोर कार्रवाई की उम्मीद करता है, न कि ऐसी सलाह की जो पीड़िता के जख्मों पर नमक छिड़के और उनकी आज़ादी को बेड़ियों में जकड़े। यह बयान न केवल पीड़िता के दर्द को गहराता है, बल्कि सवाल उठाता है- क्या शासन अपनी जिम्मेदारियों से मुँह मोड़ रहा है? ममता बनर्जी का यह कहना कि "पुलिस हर घर के बाहर पहरा नहीं दे सकती," शायद उनकी सरकार की सीमाओं को दर्शाता है, मगर यह सवाल खड़ा करता है- यदि शासन ही सुरक्षा की गारंटी न दे, तो महिलाएँ किसके भरोसे जिएँ? सुरक्षा किसी भी लोकतंत्र का मूलभूत वादा है, न कि सरकार की दया। यह तर्क कि निजी मेडिकल कॉलेजों को अपनी छात्राओं, खासकर दूसरे राज्यों से आई लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, सही हो सकता है, लेकिन जब यह "रात में बाहर न निकलने" की शर्त के साथ आता है, तो यह अपराधियों को छूट देने और पीड़िताओं को कैद करने जैसा है। क्या महिलाओं की आज़ादी कुर्बान करना ही सुरक्षा का एकमात्र रास्ता है? महिलाओं की सुरक्षा प्रशासनिक इच्छाशक्ति और कठोर कानून व्यवस्था पर टिकी है। अपराधियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई ही इस बुराई की जड़ काट सकती है। मगर जब सत्ता में बैठे लोग ही ऐसे बयान देते हैं, तो यह अपराधियों के हौसले बुलंद करता है।

ममता बनर्जी ने अन्य राज्यों की घटनाओं का हवाला देकर समस्या को सामान्य बनाने की कोशिश की, जो न केवल जवाबदेही से पलायन है, बल्कि अपराध को छोटा दिखाने का प्रयास भी है। शासन का काम तुलना करना नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र में न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। दुर्गापुर की घटना केवल एक छात्रा पर नहीं, बल्कि उस तंत्र पर हमला है जो महिलाओं को सुरक्षित रखने में नाकाम रहा। यह बयान उस पितृसत्तात्मक सोच का प्रतीक है जो महिलाओं की स्वतंत्रता को अपराध और अपराध को सामान्य मानता है। "रात में बाहर न निकलने" की सलाह महिलाओं की आज़ादी पर हमला है और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक ठहराती है। सच्चा बदलाव तभी आएगा जब शासन और समाज मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर लड़की, हर समय, हर जगह बिना डर के जी सके। सुरक्षा कंक्रीट की दीवारों से नहीं, बल्कि सशक्त कानून, त्वरित न्याय और अपराधियों को कठोर सजा से मिलती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2022 के आँकड़े चीख-चीखकर बताते हैं कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की दर राष्ट्रीय औसत से कहीं ऊँची है। बलात्कार, यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा की घटनाएँ बेकाबू बढ़ रही हैं। ऐसे में ममता बनर्जी का बयान कि "लड़कियों को रात में बाहर नहीं निकलना चाहिए," न केवल असंवेदनशील है, बल्कि शासन की नाकामी को नंगा करता है। यदि सरकार यह कहे कि वह हर जगह सुरक्षा नहीं दे सकती, तो यह अपनी मूल जिम्मेदारी से पलायन है। कॉलेजों पर जिम्मेदारी डालना या सलाह देना काफी नहीं; जरूरत है ऐसी व्यवस्था की जो अपराधियों के मन में खौफ पैदा करे। इसके लिए पुलिस सुधार, त्वरित अदालती कार्रवाई और सामाजिक जागरूकता जैसे ठोस कदम अनिवार्य हैं। 2012 के दिल्ली निर्भया कांड के बाद बने कठोर कानूनों ने सजा को सख्त किया, लेकिन इनका असर तभी है जब इन्हें कड़ाई से लागू किया जाए। पश्चिम बंगाल को भी कानूनी ढाँचे को मजबूत करना होगा, पुलिस को संवेदनशील और जवाबदेह बनाना होगा, और स्कूलों-कॉलेजों से लेकर कार्यस्थलों तक जेंडर संवेदनशीलता को बढ़ावा देना होगा। तृणमूल कांग्रेस हमेशा महिलाओं के सशक्तीकरण की बात करती रही है, मगर ममता बनर्जी का यह बयान उनकी छवि और नीतियों को धूमिल करता है। यह उन लाखों महिलाओं के विश्वास को तोड़ता है जो उन्हें प्रगतिशील नेता मानती हैं। दुर्गापुर की घटना ने साबित किया कि बयानबाजी और दोषारोपण से महिलाओं की सुरक्षा नहीं होगी। ममता बनर्जी को समझना होगा कि समाज तब सुरक्षित होगा जब अपराधियों को कठोर सजा मिले, न कि महिलाओं को बंधनों में बाँधा जाए। महिलाओं की स्वतंत्रता और सुरक्षा एक-दूसरे की पूरक हैं, विरोधी नहीं।

जब तक यह सोच शासन और समाज में नहीं आएगी, ऐसी घटनाएँ रुकेंगी नहीं। समाज को यह भरोसा देना होगा कि हर महिला बिना डर के, अपनी मर्जी से जी सकती है। ममता बनर्जी का यह बयान निराशाजनक होने के साथ-साथ उस सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का प्रतीक है जो महिलाओं को उनकी आज़ादी और सम्मान से वंचित रखता है। सभ्य समाज तभी बनेगा जब शासन अपराधियों को कठघरे में लाए, न कि महिलाओं को घरों में कैद करने की सलाह दे। ममता जैसे नेताओं को साहसिक कदम उठाने होंगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत सत्ता के शीर्ष से होती है। यह समय खोखले बयानों का नहीं, बल्कि ऐसी कार्रवाई का है जो हर महिला को बिना डर के जीने की गारंटी दे।

**प्रो. आरके जैन**

# मोज शोख के लिए पटाखे फोड़ो , लेकिन उसे धर्म और परंपरा से न जोड़ो

भारत में दीवाली का त्योहार रोशनी, रंगोली, और खुशियों का प्रतीक है। यह वह समय है जब हम अपने घरों को दीयों से सजाते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं, और अपनों के साथ उत्सव मनाते हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में, दीवाली का एक और पहलू चर्चा में रहा है पटाखे। फटाकों का शोर, धुआँ, और पर्यावरण पर उनका प्रभाव अब एक गंभीर बहस का विषय बन चुका है। सवाल यह है कि क्या फटाके वाकई हमारी दीवाली की परंपरा का हिस्सा हैं? और क्या इन्हें धर्म से जोड़ना उचित है?

### भारत में पटाखे का इतिहास

भारत में पटाखे का इतिहास ज्यादा पुराना नहीं है। इतिहासकारों के अनुसार, पटाखों की शुरुआत चीन में हुई थी, और भारत में ये मध्यकाल में, लगभग 15वीं-16वीं सदी में, मुगल शासकों के समय प्रचलन में आए। उस समय फटाकों का उपयोग युद्ध, समारोहों, और शाही उत्सवों में होता था। दीवाली जैसे धार्मिक पर्वों में फटाकों का व्यापक उपयोग 20वीं सदी में ही शुरू हुआ। यानी, पटाखे हमारे हजारों साल पुराने सांस्कृतिक इतिहास का हिस्सा नहीं हैं। फिर भी, आज इन्हें दीवाली की परंपरा का अभिन्न अंग मान लिया गया है।

### दीवाली में परंपरा का इतिहास और विज्ञान

दीवाली का मूल आधार है प्रकाश और ज्ञान का उत्सव। यह पर्व श्री राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है, जब नगरवासियों ने दीयों से उनका स्वागत किया था। दीये, रंगोली, और मिठाइयाँ दीवाली की आत्मा हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, मिट्टी के दीये जलाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। तेल और बाती का दहन न केवल प्रकाश देता है, बल्कि पर्यावरण को शुद्ध करने में भी मदद करता है। वैसे ही घी में किए गए दिए बहुत मात्रामे ऑक्सीजन उत्पन्न करते हे। साथमे रंगोली बनाने की परंपरा रचनात्मकता और सौंदर्य को बढ़ावा देती है, जो मन और आत्मा को सुकून देती है।और आपकी कला प्रस्तुत करने का मौका देती हे। दूसरी ओर, पटाखों का वैज्ञानिक प्रभाव चिंताजनक है। फटाकों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण को बढ़ाता है, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, और अन्य हानिकारक कण शामिल होते हैं। यह न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि पशु-पक्षियों और पर्यावरण को भी नुकसान पहुँचाता है। शोर प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गों, और पालतू जानवरों को गंभीर परेशानी होती है। फिरभी दुख तो तब होता हे जब हम अपने धर्म को दूसरे धर्म को जोड़के बोलते हे की दीवाली हे तो प़टाखे फोड़ेंगे वह धर्म को यह कहो वह कहो। इससे यह लगता हे की 400 साल पुराने पटाखे हजारों साल पुराने इतिहास पर भारी?हमारा सांस्कृतिक इतिहास हजारों साल पुराना है, जिसमें दीवाली का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व गहराई से जुड़ा है। लेकिन फटाके, जो केवल 400-500 साल पहले भारत आए, क्या वाकई इस प्राचीन परंपरा का हिस्सा हो सकते हैं? पटाखों को दीवाली से जोड़ना एक आधुनिक चलन है, जिसे



हमने मनोरंजन के लिए अपनाया। यह शोख और उत्साह का प्रतीक हो सकता है, लेकिन इसे धर्म या परंपरा का हिस्सा मानना गलत है। हमारे शास्त्रों में दीवाली का उल्लेख दीयों, पूजा, और भक्ति के साथ है, न कि शोर और धुएँ के साथ।पटाखों को धर्म से जोड़कर आप धर्म के विरुद्ध जा रहे हैं। हिंदू धर्म में प्रकृति को पूजनीय माना गया है। नदियाँ, पर्वत, वृक्ष–सबको देवता के रूप में देखा जाता है। दीवाली का असली संदेश है अंधेरे पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान की विजय। पटाखों का धुआँ और शोर न तो प्रकाश बढ़ाता है, न ही ज्ञान। यह केवल क्षणिक मोज देता है, जिसका मूल्य पर्यावरण और स्वास्थ्य के नुकसान के रूप में चुकाना पड़ता है।

### पटाखों को धर्म से जोड़कर हम अनजाने में अपने ही धर्म के मूल्यों के खिलाफ कार्य कर रहे हैं।

धर्म हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की सीख देता है, न कि उसे नष्ट करने की। फटाकों के उपयोग को धार्मिक कृत्य मानना न केवल गलत है, बल्कि यह हमारे धर्म की मर्यादा को भी ठेस पहुँचाता है।दीए और रंगोली का धार्मिक महत्व दीवाली में दीये जलाने का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। दीया आत्मा का प्रकाश है, जो हमें अंधकार से मुक्ति की ओर ले जाता है। रंगोली का महत्व भी गहरा है–यह घर में सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करती है और समृद्धि का प्रतीक है। ये परंपरा न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि हमारे मन को शांति और समृद्धि का अनुभव भी कराती हैं। इन्हें अपनाने से हम अपनी संस्कृति को जीवित रखते हैं और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखते हैं। आपका जीवन दीयों की तरह प्रकाशमय हो, और रंगोली की तरह रंगीन ! मिठाई की तरह मीठा रहे और परिवार में सुख , शांति समृद्धि बनी रहे। दीवाली की हार्दिक शुभकामनाए।


**प्रतीक संघवी**

# संपादकीय

## परंपरा को प्रगति से जोड़ता ग्रामीण पर्यटन

### पर्यटन से गाँवों में नवजीवन-आर्थिक और सामाजिक बदलाव

भारत के गाँवों की गलियों में उनकी परंपराएँ, संस्कृति और पीढ़ियों से चली आ रही अनगिनत कहानियाँ बसती हैं। भारत का सच्चा रूप शहरों की चमक में नहीं, बल्कि गाँवों की मिट्टी, उनके रंग-बिरंगे रीति-रिवाजों और प्राकृतिक सौंदर्य में झलकता है। ये गाँव न केवल सांस्कृतिक धरोहर के रक्षक हैं, बल्कि आर्थिक समृद्धि का एक अनछुआ खजाना भी हैं। ग्रामीण पर्यटन इस दिशा में एक प्रभावी और व्यावहारिक कदम है, जो आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देता है। ग्रामीण पर्यटन केवल पहाड़ों, नदियों या हरियाली तक सीमित नहीं है; यह एक जीवंत अनुभव है, जिसमें पर्यटक गाँव के दैनिक जीवन का हिस्सा बनते हैं। स्थानीय त्योहार, लोक नृत्य, हस्तशिल्प कार्यशालाएँ, पारंपरिक व्यंजन और ग्रामीणों के साथ संवाद पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव देते हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान के कुम्भलगढ़ में कुंभलगढ़ महोत्सव स्थानीय कारीगरों को अपनी कला दिखाने का मंच देता है, जिससे उनकी आय बढ़ती है और पर्यटक राजस्थानी संस्कृति को गहराई से समझ पाते हैं। विश्व पर्यटन संगठन के अनुसार, ग्रामीण पर्यटन वैश्विक पर्यटन उद्योग का 20% हिस्सा है और तेजी से बढ़ रहा है। भारत में पिछले दशक में ग्रामीण पर्यटन 15% की वार्षिक वृद्धि के साथ फल-फूल रहा है। यह आँकड़ा दर्शाता है कि ग्रामीण पर्यटन न केवल पर्यटकों को लुभाता है, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों का द्वार भी खोलता है। ग्रामीण पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है। पर्यटक गाँवों में हस्तशिल्प, कपड़े, मसाले और स्थानीय व्यंजन खरीदते हैं, जबकि होमस्टे, गाइड सेवाएँ और परिवहन आय के अतिरिक्त स्रोत बनते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, ग्रामीण पर्यटन से प्रेरित गाँवों में परिवारों की आय 25-30% बढ़ी है। मिसाल के तौर पर, उत्तराखंड के मुनस्यारी में होमस्टे प्रोग्राम ने स्थानीय परिवारों की आय को दोगुना किया, जिससे कई परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाए। महिलाओं के लिए ग्रामीण पर्यटन विशेष रूप से सशक्तिकारी है। ग्रामीण भारत में महिलाएँ हस्तशिल्प, बुनाई और खाद्य प्रसंस्करण में माहिर हैं। मध्य प्रदेश के ओरछा में महिला समूहों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट पर बिक रहे हैं, जिससे उनकी आय 40% तक बढ़ी है। साथ ही, ग्रामीण पर्यटन युवाओं को शहरों की ओर पलायन से रोकता है, क्योंकि यह स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा करता है। ग्रामीण पर्यटन भारत के गाँवों के लिए एक अनूठा अवसर है, जो सांस्कृतिक संरक्षण, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक एकता का आधार बन सकता है। यह न केवल स्थानीय परंपराओं और संस्कृति को जीवित रखता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। उदाहरण के लिए, गुजरात का रण उत्सव कच्छ की कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर ले जाता है, जहाँ लोकगीत, नृत्य और हस्तशिल्प पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसी तरह, तमिलनाडु के चेट्टिनाड में पारंपरिक व्यंजनों और वास्तुकला ने युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ पर्यटकों का ध्यान खींचा है। ग्रामीण पर्यटन युवा पीढ़ी को उनकी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है। जब स्थानीय कला और परंपराएँ पर्यटकों द्वारा सराही जाती हैं, तो युवा इन्हें संरक्षित करने के लिए प्रेरित होते हैं। हालांकि, इस क्षेत्र में कई चुनौतियाँ हैं। अपर्याप्त आधारभूत संरचना, जैसे सड़क, स्वच्छ पानी और बिजली की कमी, पर्यटकों के लिए असुविधा का कारण बनती है। उदाहरण के लिए, हिमाचल प्रदेश के कुछ दूरस्थ गाँवों में सड़क मार्ग की कमी पर्यटन को सीमित करती है। साथ ही, स्थानीय समुदायों में जागरूकता और हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण का अभाव भी एक बड़ी बाधा है। इन चुनौतियों का समाधान सामुदायिक भागीदारी, सरकारी सहयोग और निजी निवेश से संभव है। भारत सरकार की "अतुल्य भारत" और "स्वदेश दर्शन" योजनाएँ आधारभूत संरचना और प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रही हैं। स्थानीय युवाओं को हॉस्पिटैलिटी, गाइड प्रशिक्षण और डिजिटल मार्केटिंग में प्रशिक्षित करने से पर्यटन अनुभव बेहतर हो सकता है। साथ ही, सतत और पर्यावरण-अनुकूल पहल, जैसे सौर ऊर्जा, जैविक खेती और कचरा प्रबंधन, पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हैं। मेघालय का मावलिननॉन्ग गाँव, जिसे "एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव" कहा जाता है, इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। दूसरी चुनौती है स्थानीय समुदाय में जागरूकता और प्रशिक्षण की कमी। कई गाँवों में लोग पर्यटन के आर्थिक और सांस्कृतिक लाभों से अनजान हैं। इसके अलावा, हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन प्रबंधन में प्रशिक्षण की कमी के कारण वे पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में असमर्थ होते हैं। इन चुनौतियों का समाधान सामुदायिक भागीदारी, सरकारी सहयोग और निजी निवेश के माध्यम से संभव है। स्थानीय युवाओं को हॉस्पिटैलिटी, गाइड प्रशिक्षण और डिजिटल मार्केटिंग में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, भारत सरकार की "अतुल्य भारत" और ÷स्वदेश दर्शन÷ योजनाएँ ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना और प्रशिक्षण पर ध्यान दे रही हैं। सतत और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को प्राथमिकता देना भी महत्वपूर्ण है। गाँवों में सौर ऊर्जा, जैविक खेती और कचरा प्रबंधन जैसी पहलें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करती हैं।



डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके होमस्टे, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यंजनों को वैश्विक बाजार तक पहुँचाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, मेघालय के मावलिननॉन्ग गाँव, जिसे "एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव" कहा जाता है, अपनी सतत पर्यटन नीतियों के कारण अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। ग्रामीण पर्यटन केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह शहरी और ग्रामीण समुदायों के बीच एक सेतु भी है। जब शहरी पर्यटक गाँवों में आते हैं, तो वे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं, बल्कि स्थानीय जीवनशैली, परंपराओं और ज्ञान से भी परिचित होते हैं। यह अनुभव ग्रामीण समुदायों में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गर्व पैदा करता है। भविष्य में, ग्रामीण पर्यटन भारत के विकास का आधार बन सकता है। यह न केवल गाँवों की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी बढ़ावा देगा। यदि सही नीतियों और सामुदायिक सहयोग के साथ इसे लागू किया जाए, तो ग्रामीण पर्यटन भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। ग्रामीण पर्यटन भारत के गाँवों के लिए एक सुनहरा अवसर है। यह न केवल आर्थिक विकास का साधन है, बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण का भी आधार है। हर गाँव की अपनी अनूठी कहानी है, और ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से ये कहानियाँ विश्व तक पहुँच सकती हैं। सरकार, समुदाय और निजी क्षेत्र के सहयोग से ग्रामीण पर्यटन भारत के विकास की नई दिशा बन सकता है, जो न केवल गाँवों को सशक्त करेगा, बल्कि पूरे देश को एक नई पहचान देगा। भविष्य में, ग्रामीण पर्यटन भारत के विकास का आधार बन सकता है। यह न केवल गाँवों की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी बढ़ावा देगा। सही नीतियों और सामुदायिक सहयोग के साथ, यह भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रत्येक गाँव की अपनी अनूठी कहानी है, और ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से ये कहानियाँ विश्व तक पहुँच सकती हैं, जो भारत को एक नई वैश्विक पहचान देगा।

**प्रो. आरके जैन**

# सोना कितना सोना है सोने जैसा तेरा मन

सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चला है एक साल के भीतर 50फीसद दाम बढोत्तरी किसी भी दूसरी जिंस में नही देखने को मिली है लेकिन इसके बावजूद सोने के दाम की दौड़ जारी है यह कहां जाकर रुकेगा अभी ताज़ा अनुमान डेढ़ लाख रुपए प्रति दस ग्राम का लगाया जा रहा है। आपको बता दें कि भारतीय जन जीवन में सोने के आभूषणों का चलन सदियों से चला आ रहा है। भारतीयों के लिए सोना निवेश का कोई सर्वमान्य समाधान नहीं है। सोना हमारे रीति, रिवाज और परंपराओं में रचा-बसा है। चाहे दीवाली-अक्षय तृतीया का पर्व हो, बेटी की विदाई का भावपूर्ण अवसर हो या बहू को शगुन में उपहार भेंट करने का शुभ मौका। जीवन में इन तमाम महत्वपूर्ण अवसरों पर हमारे संस्कार और खुशियां सोने के बिना पूर्ण नहीं होती हैं। ऐसे में त्यौहारों के मौके पर और त्योहारों के कुछ दिन बाद शुरू होने वाले शुभ-लग्न में महंगा होना बहुत परेशान करेगा। कुछ सट्टेबाजों, निवेशकों के लिए बेशक हर दिन महंगा होता सोना कमाई का मौका हो सकता है लेकिन आम भारतीयों के लिए यह गंभीर चिंता और परेशानी व्व सचब बन गया है। त्योहारों और शादियों का मौसम है। बेटी की शादी होनी है, तो आप कुछ सोने के आभूषण बनवाने की सोच रहे होंगे, लेकिन बजट अनुमति नहीं देता, क्योंकि सोना आम आदमी के बजट से बाहर होता जा रहा है। दरअसल 10 ग्राम सोने के दाम 1.25 लाख रुपये तक पहुंच चुके हैं और चांदी भी 1.5 लाख रुपये के पार चली गई है। आम आदमी बेटी को सोना कैसे दे पायेगा? वर्ल्ड गोल्ड कार्डोसल का मानना है कि सोने में अब भी उतना निवेश नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। वैश्विक निजी निवेश में सोने की हिस्सेदारी मात्र 1-2 फीसदी ही है, जबकि केंद्रीय बैंकों में सोने का रिजर्व 10-20 फीसदी के बीच रहा है। फिर भी यह दिलचस्प और हैरान करने वाला तथ्य है कि 2022 की दीपावली के बाद से सोने की कीमतें



लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का आकलन है कि 2026 की दीपावली तक सोने के दाम और बढ़ सकते हैं, क्योंकि बड़े निवेशक और दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सोने में लगातार निवेश कर रहे हैं। चीन का पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना सितंबर में लगातार 11 वें महीने सोने का शुद्ध खरीददार रहा है। यह डॉलर पर निर्भरता कम करने की चीन की रणनीति का हिस्सा है। 2025 में अभी तक घरेलू बाजार में सोने का रिटर्न करीब 60 फीसदी रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह रिटर्न करीब 53 फीसदी रहा है। गोल्ड ईटीएफ में भी इस साल अभी तक 17 फीसदी निवेश बढ़ चुका है। सितंबर में गोल्ड इंटीएफ में 1.53 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जोकि एक माह में सबसे अधिक है। मौजूदा दौर में सोना इतना महंगा और अनिवार्य हो गया है कि देशों की अर्थव्यवस्था की बुनियाद है, लेकिन आम आदमी के लिए मुसीबत, परेशानी का प्रतीक बन गया है। दरअसल सोने के दाम अमरीका से ही शुरू होते हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कारोबार डॉलर में ही होता है। जनवरी, 2025 में जब ट्रंप ने अमरीकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, तो सोना 2700 डॉलर प्रति आउंस था। उनके 8 माह के कार्यकाल में सोना महंगा ही होता गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ की बात शुरू की, तो देशों में अनिश्चितता फैलने लगी, नतीजतन सोना महंगा होता गया। देशों ने सोना खरीदना तेज किया, ताकि कमजोर होते डॉलर के विकल्प के रूप में सोने का भंडार हो। वैसे सोना पूर्व में भी महंगा और सस्ता होता आया है। 1970-80 का दौर याद कीजिए, जब सोना कई गुना महंगा हो गया था और वित्तीय सलाहकारों ने सोना खरीदने की सलाह दी थी, लेकिन 1999 तक सोने के दाम अचानक ध्वस्त हुए, तो निवेश भी घटा। 1990-91 के दौर में भारत सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा था, ताकि सामान्य खर्च चलाए जा सकें। फिर उदारीकरण का दौर आया, सोना वापस ले लिया गया, भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर खुल गई। आज देश में सोने का भंडार बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक के पास 880 मीट्रिक टन सोने का भंडार है।

आरबीआई अपने फॉरेक्स एसेंट को डाईवर्सिफाई कर रहा है ताकि डॉलर का प्रभावी विकल्प मौजूद रहे। कई अन्य देशों के केन्द्रीय बैंक वही कर रहे हैं। ऐसा करने देशों की आर्थिक स्थिरता के लिए जरूरी हो सकता है, लेकिन यही वात आम आदमी के लिए बड़ा संकट बन गयी है। शादी-ब्याह में अब सोने का उपहार देना आम आदमी के बहुत कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी हमारे नीति-रिवाज और संस्कार ऐसे हैं कि महंगे सोने को भी खरीदना पड़ेगा क्योंकि परंपराओं को निभाना भी जरूरी है। उधर जानकार लोगों का मानना है कि महंगाई के बावजूद सोना चलन में रहेगा हालांकि अधिक महंगाई के साथ ही मिलावट का भी सिलसिला बढेगा। आम आदमी सोने को खरीद पाएगा इसमे शंका उचित है फिर तो बस यही कहना होगा सोना कितना सोना है सोने जैसा तेरा मन..।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।


## संक्षिप्त खबरें

### खेल को प्रोत्साहित कर रही सरकार




**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सांसद/विधायक खेल स्पर्धा के शुभारंभ एवं खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को युवा कल्याण विभाग एवं प्रांतीय रक्षक दल द्वारा विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद खेल प्रतियोगिता संयोजक एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को पुलिस विभाग में नियुक्ति प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर डीसी मनरेगा आलोक पांडेय ने कहा कि युवाओं के प्रोत्साहन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा गांवों में मिनी स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निखिल आनंद, अर्जुन सिंह, आशीष सिंह, नीरज कुमार मिश्र, संतोष कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा तथा रवि कुमार उपस्थित रहे।

### छात्रों ने प्रस्तुत किए नवाचारों के अनोखे विचार



**देवरिया।** शिक्षा विभाग एवं अटल इनोवेशन मिशन के संयुक्त तत्वावधान में देशभर में आयोजित विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोमवार को देवरिया क्लब में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के संदेश में विद्यार्थियों से आत्मनिर्भर भारत 'वोकल फॉर लोकल' तथा 'समृद्ध भारत' की अवधारणा को अपने नवाचारों से जोड़ने का आग्रह किया।

स्थानीय स्तर पर विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली, जल संरक्षण हेतु स्वचालित यंत्र तथा स्थानीय उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश नारायण तिवारी ने कहा कि देवरिया के छात्र जिस उत्साह से 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में लगे हैं, वह अत्यंत प्रेरक है। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि आज के बच्चे भविष्य के इनोवेटर हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक पांडेय ने किया। आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद के सभी विद्यालयों में ऑनलाइन स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से भी देखा गया।

### बैतालपुर चीनी मिल को लेकर धरना 1 वर्ष 285वें दिन जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा तथा संयुक्त महा मोर्चा के तत्वावधान में बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने और किसानों से जुड़ी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना सोमवार को 1 वर्ष 285वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने की। संघर्ष समिति के संयोजक अवधेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि अगर सरकार सच में किसानों की आय दोगुनी करना चाहती है, तो बैतालपुर चीनी मिल को तत्काल चालू कराए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं कई बार इसके संचालन की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन अब तक धरातल पर कार्यवाही नहीं दिखी है। धरने को किसान नेता बरकत अली और पं. वेद प्रकाश ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मिल बंद रहने से हजारों किसानों की गन्ना खेती प्रभावित हो रही है और उनकी आमदनी पर असर पड़ रहा है। धरने में रत्नेश मिश्रा, विजय कुमार सिंह, मिर्जा खुर्शीद अहमद, सदानंद यादव, जवाहर चौहान, राधा रानी, मंजू चौहान, अनूप लाल, राम इकबाल चौहान, जगदीश यादव, विकास चौहान सहित कई किसान मौजूद रहे।

## दुर्घटना को दावत देता सड़क पर लटकता अधकटा सूखा आम का विशाल वृक्ष, प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** - गोला-कौड़ीराम मार्ग पर स्थित रामनगर गांव में सड़क किनारे खड़ा एक सूखा आम का विशाल वृक्ष किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा है। कौड़ीराम से लगभग आठ किलोमीटर की दूरी पर प्रेम भवन और अनमोल वस्त्रालय के ठीक सामने यह पेड़ बीते छह महीनों से पूरी तरह सूख चुका है। इसकी मोटी-मोटी डालियाँ सड़क के ऊपर खतरनाक रूप से लटक रही हैं, जो कभी भी गिरकर किसी राहगीर या वाहन पर कहर बरपा सकती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पेड़ की डालियाँ कई बार तेज हवा में टूटकर नीचे गिर चुकी हैं, लेकिन प्रशासन अब तक आंख मूंदे बैठा है। सड़क से गुजरने वाले लोग भयभीत रहते हैं। राहगीर इस खतरनाक हिस्से को देखते ही तेजी से कदम बढ़ा लेते हैं और कई बार तो वाहन चालक अनियंत्रित होकर छोटे-छोटे



हादसों का शिकार भी हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि यह पेड़ किसी भी क्षण गिर सकता है और बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीण पौहारी शरण राय, संतोष चंद, अशोक जायसवाल, पिंटू जायसवाल, गोपाल पाल, संजय यादव, बद्रीनाथ पांडे, सतीश गुप्ता, रामसुंदर कनौजिया, श्रवण कनौजिया, मोहन सिंह, अनूप, सिकंदर, रविंद्र यादव, मुकेश सोनकर सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को मौखिक और लिखित रूप से सूचना दी, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने आशंका जताई कि अगर शीघ्र ही पेड़ नहीं काटा गया, तो यह कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। लोगों ने कहा कि प्रशासन को किसी हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि पहले से एहतियाती कदम उठाने चाहिए।

इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बांसगांव राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि यदि पेड़ सचमुच खतरा पैदा कर रहा है तो शीघ्र ही वन विभाग की टीम भेजकर उसकी जांच कराई जाएगी और जरूरत पड़ी तो उसे कटवाकर सड़क से हटवाया जाएगा। गांव के लोग अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन जल्द कदम उठाएगा, वरना एक सूखा पेड़ किसी दिन मौत का कारण बन सकता है। फिलहाल, ग्रामीणों के मन में यही सवाल है – "क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा?"

## गीता वाटिका के सामने बैक करते समय डंपर नाले में गिरा, अफरा-तफरी और भारी जाम - पुलिस ने संभाली स्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सोमवार की सुबह शहर के असुरन थाना क्षेत्र स्थित गीता वाटिका के सामने उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक डंपर सड़क पर बैक करते हुए अचानक नाले में जा गिरा। हादसे की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। सौभाग्य से इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक इलाके में यातायात पूरी तरह ठप रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डंपर चालक सड़क पर बैक कर रहा था। इसी दौरान उसने संतुलन खो दिया और भारी वाहन पीछे की ओर खिसककर सीधे नाले में जा गिरा। हादसा होते ही सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में असुरन



थाने की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कराया।

डंपर को बाहर निकालने के लिए मौके पर दो बड़ी क्रेन बुलाई गईं। बचाव कार्य के दौरान मुख्य सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। गर्मी और धूप के बीच फंसे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिसकर्मियों ने बारी-बारी से वाहनों को निकालकर जाम खोलने का प्रयास किया। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जब क्रेन की मदद से डंपर को नाले से बाहर निकाला गया, तब जाकर सड़क पर यातायात सामान्य हो सका।

असुरन पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि डंपर चालक ने बैक करते समय सही अनुमान नहीं लगाया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। पुलिस ने चालक से पूछताछ शुरू कर दी है और वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सड़क किनारे खुले नालों को ढकने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क के किनारे बने ये खुले नाले आए दिन दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं। यदि समय रहते उचित व्यवस्था न की गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में जाम की स्थिति और पुलिस-प्रशासन की तत्परता चर्चा का विषय बनी रही। लोगों ने राहत की सांस ली कि इस भीषण दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन यह हादसा एक बार फिर नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर गया है।

### सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत हुआ प्रशिक्षण प्रारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत महिला ग्राम प्रधानों के तीन दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खंड देवरिया सदर के सभागार में हुआ। डीपीआरसी सह-प्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना सामाजिक प्रगति की आधारशिला है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को और अधिक प्रभावी व जागरूक बनाया जा सकता है। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है ताकि पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भूमिका और अधिक प्रभावशाली हो तथा सुशासन को बढ़ावा मिले। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विंध्याचल सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में महिला प्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी, प्रबंधन कौशल, वित्तीय साक्षरता, एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र को प्रदीप मणि, अर्पिता द्विवेदी और अजय दूबे ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अंजली दीक्षित, पुष्पा देवी, निर्मला देवी, जैनव खातून, रीता देवी, नीलू देवी, नीतू तिवारी, सुमन देवी, हरिपाल यादव, विनय पांडेय, आनंद मणि, अनिल कुमार कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### श्रमिक पहचान पत्र का नवीनीकरण अनिवार्य

**देवरिया।** सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें चार वर्ष या उससे अधिक समय से श्रमिक पहचान पत्र का नवीनीकरण कराए हुए हो गया है, वे अपना नवीनीकरण 15 अक्टूबर तक अवश्य करा लें। नवीनीकरण की प्रक्रिया जन सेवा केंद्र के माध्यम से अथवा बोर्ड की वेबसाइट www.upbocw.in पर ऑनलाइन की जा सकती है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि तक नवीनीकरण न कराने वाले श्रमिकों के नाम निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिए जाएंगे, जिससे वे बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएंगे।

## जमौली में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**●गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग के महत्व पर आचार्य अजनी महाराज ने किया प्रकाश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर**- खजनी तहसील क्षेत्र के जमौली गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन भक्तिमय माहौल में गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का भव्य आयोजन हुआ। व्यासपीठ से आचार्य अजनी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का अद्भुत वर्णन करते हुए गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग के आध्यात्मिक व पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का दमन कर ब्रजवासियों



की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर सात दिन तक उठाए रखा। आचार्य महाराज ने कहा – "गोवर्धन पूजा केवल परंपरा नहीं, बल्कि कृतज्ञता का प्रतीक है, जो हमें सिखाती है कि प्रकृति ही हमारा असली रक्षक है।"

कथा के दौरान पूतना उद्धार, बकासुर वध और कालिया नाग जैसी लीलाओं का भावनापूर्ण वर्णन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया गया। कालिया नाग प्रसंग के माध्यम से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जल और नदियों की स्वच्छता भगवान की आराधना का ही एक रूप है। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में 56 प्रकार के व्यंजन तैयार कर भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किए। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल छाया रहा। गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक पूजन भी किया गया।

आयोजक जगदीश प्रसाद मालवीय ने बताया कि मंगलवार को कथा में रुक्मिणी मंगल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य जजमान राम किंकर, बृजभान सिंह, मनोज यादव, जितेंद्र सिंह, सूरज यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कथा आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं – सूरज यादव, सुनील गौड़, प्रदीप गौड़, बिनीत सिंह, पवन सिंह, जंगी सिंह और अर्पित सिंह उर्फ जुगनू – का सराहनीय योगदान रहा।

### खजनी के ढकवा बाजार में पटाखा निर्माण स्थल का SDM ने किया औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी गोरखपुर।** दीपावली के नजदीक आते ही जिले में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रशासन की निगरानी तेज हो गई है। इसी कड़ी में सोमवार को खजनी तहसील के ढकवा बाजार में स्थित एक पटाखा निर्माण स्थल का उपजिलाधिकारी (SDM) राजेश प्रताप सिंह और सीओ शिल्पा कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों, लाइसेंस और निर्माण प्रक्रिया की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान स्ष्ठरूने पाया कि गांव के बाहरी हिस्से में तालाब के किनारे स्थित इस निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन काफी हद तक हो रहा था। परिसर में फायर किट, रेत की बाल्टियां और प्राथमिक उपचार सामग्री उपलब्ध थी। निर्माण स्थल खुला और हवादार था, जहां



पुरुष और महिला कर्मचारी छुरछुरी, रॉकेट, अनार और चकरी जैसे सामान्य आतिशबाजी सामान बना रहे थे। कार्य अधिकृत लाइसेंसधारी दयाशंकर दुबे, पुत्र गंगा प्रसाद दुबे, निवासी ढकवा बाजार की देखरेख में चल रहा था।

स्ष्ठरूराजेश प्रताप सिंह ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में नाबालिग या अप्रशिक्षित व्यक्तियों को पटाखा निर्माण या विस्फोटक सामग्री के संपर्क में नहीं आने दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस रद्द कर कठोर कार्रवाई होगी। साथ ही, उन्होंने राजस्व निरीक्षक और थाना प्रभारी को नियमित निगरानी के निर्देश दिए। सीओ शिल्पा कुमारी ने जोर देकर कहा, "सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की सलाह दी। SDM ने आमजन से अपील की कि वे केवल लाइसेंसधारी प्रतिष्ठानों से ही पटाखे खरीदें और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें, ताकि पर्व के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। इस औचक निरीक्षण से क्षेत्र के अन्य पटाखा निर्माताओं और भंडारणकर्ताओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना अनुमति या सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन गोरखपुर के चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल

**●याचिकाकर्ता अधिवक्ता अनूप शुक्ला ने बार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पालन की मांग की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, गोरखपुर में लंबे समय से चुनाव न कराए जाने के खिलाफ अधिवक्ता अनूप शुक्ला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया है कि बार एसोसिएशन के चुनाव शीघ्र कराए जाने का आदेश पारित किया जाए, ताकि बार में लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुनः स्थापित किया जा सके। जानकारी के अनुसार, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, गोरखपुर की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल फरवरी 2025 में समाप्त हो चुका है। बार एसोसिएशन के बाय लॉज के अनुसार, कार्यकारिणी का कार्यकाल केवल एक वर्ष का होता है, जिसे विशेष परिस्थितियों में एल्डर्स कमेटी की अनुशंसा पर अधिकतम एक माह तक बढ़ाया जा सकता है। इसके बावजूद वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल लगभग 20 महीने से अधिक हो चुका है, जो कि नियमों के पूर्णतः विपरीत है।

अधिवक्ता अनूप शुक्ला ने कहा कि कार्यकारिणी अब कालातीत हो चुकी है और उसके पास बार से संबंधित किसी भी निर्णय को लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि बाय लॉज के अनुसार ऐसी स्थिति में केवल एल्डर्स कमेटी को ही अधिकार है कि वह चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कराए, परंतु अब तक एल्डर्स कमेटी को सक्रिय नहीं किया गया है। शुक्ला ने अपनी रिट याचिका में उच्च न्यायालय से यह अपेक्षा की है कि वह गोरखपुर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन की वर्तमान स्थिति पर संज्ञान लेकर तत्काल चुनाव कराने का निर्देश दे। उनका कहना है कि बार की लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि बार एसोसिएशन का गठन अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और न्यायिक प्रणाली के सहयोग के लिए हुआ है, इसलिए इसका संचालन पूर्णतः पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए। वर्तमान स्थिति में कार्यकारिणी के निर्णयों की वैधता पर भी सवाल उठ खड़े हो गए हैं। अधिवक्ता शुक्ला ने कहा कि यदि शीघ्र चुनाव नहीं कराया गया, तो बार में असंतोष की स्थिति बढ़ेगी और अधिवक्ताओं के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने सभी वरिष्ठ सदस्यों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पालन हेतु आगे आएं और बार एसोसिएशन को उसकी मूल परंपराओं के अनुरूप संचालित कराएं।

## दादी के तानों से तंग नातिन ने दी खौफनाक मौत, मां-बेटी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के पीपीगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। एक बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में मृतका की बहू और नातिन को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि नातिन ने अपनी दादी की गड़ासी से बेरहमी से हत्या की और मां की मदद से शव को बोरे में भरकर साइकिल से गांव के बाहर फेंक दिया। इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को पुलिस लाइन के वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर 2025 को पीपीगंज थाना क्षेत्र के भुईधरपुर गांव में एक बुजुर्ग महिला का शव मिला था। मृतका की बहू की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा (मु0अ0सं0 337/2025, धारा



103(1)/238 भा0न्या0सं0) दर्ज किया गया। जांच में परिवार पर शक गहराया, जिसके बाद बहू उत्तरा देवी और नातिन खुशी कुमारी से पूछताछ की गई। दोनों ने अपराध कबूल कर लिया।

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। उत्तरा देवी की यह दूसरी शादी थी। उनकी पहली शादी पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के शंकर घोष से हुई थी, जिससे उनकी बेटी खुशी कुमारी थी। दोनों वर्तमान में गोरखपुर में रह रही थीं। मृतका, जो खुशी की दादी थी, अक्सर उन्हें ÷बंगालिन÷ कहकर ताने मारती थी और घर में नौकरानी जैसा व्यवहार करती थी। खुशी ने बताया कि दादी की लगातार प्रताड़ना से वह मानसिक रूप से परेशान थी। घटना वाले दिन, जब उसकी मां घर से बाहर थी, गुस्से में आकर खुशी ने मढ़ई में सो रही दादी के सिर पर गड़ासी से वार कर हत्या कर दी। मां के लौटने पर दोनों ने मिलकर शव को बोरे में भरा और साइकिल से गांव के बाहर फेंक दिया। पुलिस ने अभियुक्ताओं की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गड़ासी, जिसे गोबर में छिपाया गया था, और साइकिल बरामद की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह खुलासा पीपीगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में एण्टी थेफ्ट सेल, एसओजी/स्वाट और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने किया। दोनों अभियुक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है, और आगे की कार्रवाई जारी है। यह मामला पारिवारिक तनाव और मानसिक प्रताड़ना के खतरनाक परिणामों को दर्शाता है, जिसने एक सामान्य परिवार को अपराध की दुनिया में धकेल दिया।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना बनकटा में पुलिस विभाग एवं महिला कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर केंद्रित जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डी.आई.जी एस चनप्पा. ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, नीतू भारती केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक एवं मंशा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला शक्ति केंद्र, बाल विवाह निषेध अधिनियम, तथा घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम की जानकारी दी गई।

नीतू भारती ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ाना है। मीनू जायसवाल ने बालिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया, जबकि मंशा सिंह ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की जानकारी ही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। डी.आई.जी. ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और मिशन शक्ति जैसे अभियान समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं, पुलिसकर्मियों, समाजसेवियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। सभी ने महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति सहयोग का संकल्प लिया।

## रुपईडीह ब्लॉक में फर्जी भुगतानों का बोलबाला- पंचायत चुनाव 2026 से पहले बढ़ी भ्रष्टाचार की बहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**लखनऊ/गोंडा।** रुपईडीह विकासखंड एक बार फिर सुर्खियों में है – वजह है विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार का ऐसा ताना-बाना, जिसने ईमानदारी और पारदर्शिता की परिभाषा को ही ध्वस्त कर दिया है। जैसे-जैसे मार्च-अप्रैल 2026 में संभावित पंचायत चुनाव की शुगबुगाहट तेज हो रही है, वैसे-वैसे ग्राम पंचायतों में फर्जी भुगतान और कागजी विकास कार्यों का खेल भी जोर पकड़ता जा रहा है। यह संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित तैयारी मानी जा रही है, ताकि चुनाव से पहले "काम का ढिंढोरा" पीटकर राजनीतिक लाभ लिया जा सके।

### फर्जी भुगतानों का 'मेला' — हर पंचायत में कोई न कोई घोटाला

रुपईडीह ब्लॉक के कुल 106 ग्राम पंचायतों में शायद ही कोई पंचायत हो जो फर्जी भुगतान की गंदगी से अछूती हो। कहीं रोड़ा रविश (बजरी डालने) के नाम पर कागजों में कार्य दिखा कर भुगतान किया गया तो कहीं हैंडपंप मरम्मत, नाली निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, और शौचालय निर्माण सोकपिट कूप मरम्मत जैसे छोटे कार्यों में भी भ्रष्टाचार का बड़ा जाल बिछाया गया है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस बार फर्जी सोकपिट निर्माण में सबसे अधिक भुगतान किए गए हैं। कई ग्राम पंचायतों में तो बिना कोई निर्माण कार्य किए ही पूरा बजट निकाल लिया गया। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि "कार्य पूर्ण"का प्रमाण-पत्र भी खुद अधिकारियों और सचिवों ने तैयार कर लिया ताकि ऊपर तक सब कुछ "ठीक-ठाक"दिखे।

### विकास नहीं, दिखावा — कागजों पर चमकता रुपईडीह

अगर कागजों पर देखा जाए तो रुपईडीह ब्लॉक विकास के नाम पर किसी मॉडल क्षेत्र से कम नहीं दिखता। हर ग्राम पंचायत में दर्जनों योजनाएँ पूरी दिखती हैं। पर जमीनी



सच्चाई इसका बिलकुल उल्टा चेहरा दिखाती है – टूटी सड़कों, बंद हैंडपंपों, अधूरे नालों और जर्जर सार्वजनिक स्थलों का नजारा हर गांव में आम बात है। कई पंचायतों में ग्रामीणों ने बताया कि महीनों पहले फर्जी हैंडपंप मरम्मत के नाम पर भुगतान हो चुका है, लेकिन हैंडपंप आज भी खराब पड़े हैं।


एक ग्रामीण ने कहा – "यहाँ कागज पर सब काम हो जाता है। असल में कोई ईमानदारी से काम करने वाला नहीं बचा। जो बोलता है, उसका हक छीन लिया जाता है।"


### चुनावी गणित के बीच बढ़ा 'कमीशन सिंडिकेट'

स्थानीय स्तर पर चर्चाएँ हैं कि पंचायत चुनाव से पहले कुछ प्रधान और सचिव मिलकर फर्जी कार्यों के ज़रिए चुनावी फंड जुटाने में लगे हैं।भुगतान प्रक्रिया में कमीशनबाज़ी का पूरा नेटवर्क सक्रिय बताया जा रहा है – जहाँ कॉन्ट्रैक्टर, ब्लॉक कर्मचारी और जनप्रतिनिधि तक सबकी हिस्सेदारी तय है। जानकार बताते हैं कि जो प्रधान प्रशासनिक तंत्र से नजदीकी रखते हैं, उन्हें बिना किसी जांच या रोक-टोक के आसानी से बिल पास करा देने की सुविधा मिल जाती है। जिन पंचायतों में नए प्रधानों की पकड़ कमजोर है, वहाँ "बिल पास" करवाने के नाम पर मोटी रकम ली जा रही है।

### प्रशासन मौन — शिकायतें ठंडे बस्ते में

हालांकि भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, पर प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिन लोगों ने शिकायत करने की कोशिश की, उनकी





आवाज़ या तो दबा दी गई या जांच का नाटक कर फाइल बंद कर दी गई। एक पूर्व ग्राम प्रधान का कहना है – "यहाँ जांच अधिकारी वही भेजे जाते हैं जो खुद उसी ब्लॉक के दलदल का हिस्सा होते हैं। ऐसे में सच सामने कैसे आएगा?"

### जनता के पैसे पर राजनीति का खेल

पंचायत चुनाव की आहट के साथ रुपईडीह क्षेत्र में अब विकास योजनाओं के नाम पर वोट बटोरने का खेल शुरू हो गया है। जिन कार्यों का उद्देश्य जनता के जीवन में सुधार लाना था, वही अब राजनीतिक प्रचार का माध्यम बन चुके हैं। गांवों की गलियों में फर्जी बोर्ड लगाए जा रहे हैं – "यह कार्य सम्पन्न हुआ", "यहां विकास हुआ" – जबकि हकीकत कुछ और ही बयान करती है।

### अब जनता के सब्र का बाँध टूट रहा है

रुपईडीह के कई ग्राम पंचायतों में अब ग्रामीण खुलकर विरोध करने की तैयारी में हैं।वे कहते हैं कि जब हर साल करोड़ों रुपये विकास के नाम पर आते हैं, तो गांव की हालत ऐसी क्यों है? लोग मांग कर रहे हैं कि राज्य स्तरीय जांच टीम भेजी जाए और पिछले तीन वर्षों में हुए सभी भुगतानों का उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर कराया जाए।

# संक्षिप्त खबरें

## एक दिन की तहसीलदार बनी वेदांगी शर्मा मिशन पब्लिक स्कूल की छात्रा



**बरेली/**नवाबगंज तहसील के अंतर्गत मिशन पब्लिक स्कूल नवाबगंज के कक्षा 10 की छात्रा वेदांगी शर्मा को एक दिन का तहसीलदार बनाया गया वेदागी शर्मा नवाबगंज के उमेंद्र दत्त शर्मा की पुत्री है शासन के निर्देशानुसार इस छात्रा को नवाबगंज तहसील के एक दिन का तहसीलदार का कार्य भार ग्रहण कराया गया। इसके बाद उक्त छात्रा ने तहसीलदार कार्यालय में बैठकर लोगों को सुना कार्यवाही करने को निर्देशित किया इसके बाद शर्मा ने न्यायालय में बैठकर लंबित पड़ी पत्रावलियों का अवलोकन किया साथ ही फरियादियों को शीघ्र न्याय मिलने का भरोसा दिलाया वेदांगी शर्मा को एक दिन का तहसीलदार बनने के समय नायब तहसीलदार शिवा वर्मा हाफिजगंज लेखपाल पिंकी मिश्रा हम्जुद्दीन विद्यालय से दुर्वेश गंगवार मौजूद थे। दुर्गेश गंगवार द्वारा बताया गया हमारे विद्यालय की छात्रा को एक दिवस का तहसीलदार बनाकर प्रशासन ने हमारे विद्यालय का गौरव बढ़ाया है हम आशा करते हैं हमारे विद्यालय की छात्र-छात्राएं इससे भी बड़े अधिकारी बने यह हमारे लिए गौरव की बात होगी साथ ही क्षेत्र के लिए भी गौरव होगा एक दिवस के लिए हमारे विद्यालय की छात्रा को तहसीलदार बनाया गया इसके लिए वह प्रशासन की आभारी है।

## मिशन शक्ति 5.0 नारी शक्ति का नया आयाम



**मैलानी-खीरी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि और स्वाबलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान(फेज 5.0) के तहत बुधवार दिनाक 8/10/2025 को मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने रामचंद्र महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत कार्यक्रम चलाया,जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को हेल्प लाइन नंबर जैसे कि1090 वूमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन नंबर, 1076 माननीय मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नंबर,112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर,102 स्वास्थ्य सेवा,108 एंबुलेंस सेवा,1930 साइबर हेल्पलाइन आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गई और विभिन्न लाभान्वित योजनाओं जैसे कि-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन आदि के बारे में जानकारी दी गई।उन्होंने यह भी बताया कि शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने और जागरूक करने हेतु दिनांक 22/09/2025 से 21/10/2025 तक की अवधि में विशेष अभियान के तहत मिशन शक्ति फेज 5.0 को नियमित सुचारू रूप से चलाया जाएगा।

## उच्च न्यायालय ने थमाया नगर पालिका परिषद को अवमानना नोटिस

**लखीमपुर खीरी-** नगर पालिका परिषद को हाईकोर्ट से अवमानना नोटिस मिलने का मामला चर्चा का विषय बना है।इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी की अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव समेत दो अन्य अधिकारियों को कोर्ट आदेश की अवहेलना के मामले में अवमानना नोटिस जारी किया है, मेला मैदान की भूमि विवाद से जुड़ा है मामला, न्यायमूर्ति मानिश कुमार ने सात दिन में जवाब मांगा है, केस की अगली सुनवाई 24 नवंबर 2025 के सप्ताह में होगी, मामला विपुल सेठ बनाम इरा श्रीवास्तव व अन्य कोर्ट नंबर 8 में सुना गया था, आदेश 9 अक्टूबर 2025 को पारित हुआ है।

## जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 14 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय सिंचाई खण्ड प्रतापगढ़ में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिचाई बन्धु अरविन्द वर्मा की अध्यक्षता में की जायगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण आमंत्रित है।

# असली प्रधान चूल्हा चौका में व्यस्त देवर चला रहे प्रधानी

**●प्रधान भाभी के फर्जी हस्ताक्षर बना प्रधानी चला रहे देवर पर कार्यवाही की मांग**

**यदि निवास प्रमाण पत्र पर बने हस्ताक्षरों का कराया जाए प्रधान के हस्ताक्षरों से मिलान तो प्रधान पति एवं प्रधान प्रतिनिधि के फर्जीवाड़े का होगा खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** जनपद खीरी की बहुचर्चित ग्राम पंचायत खमरिया का एक बहुचर्चित फर्जीबाडे का मामला जनचर्चा का विषय बना है। सूत्र बताते हैंकि ग्राम पंचायत खमरिया के घोटालेबाज और फर्जीबाडा के मास्टरमाइन्ड ग्राम प्रधान पूनम देवी व उनके कथित देवर पंकज द्वारा विपक्षी से भारी भरकम रिश्वत रासि लेकर विगत 30 वर्षो से मैगलगंज में रह रहे व्यक्ति मृतक राहुल वाजपेई पुत्र लक्ष्मीधर बाजपेई का निवास प्रमाण पत्र खमरिया का जारी कर दिया गया। जबकि राहुल वाजपेई के आधार कार्ड पर उनका पता ग्राम व पोस्ट मैगलगंज जिला खीरी राशन कार्ड, उप जिला अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र बैंक पासबुक स्कूल टीसी सहित तमाम अन्य अभिलेखीय त दस्तावेजों पर पता मैगलगंज का दर्ज कागजात है यह सब जानते हुए भी ग्राम प्रधान द्वारा नियम कानून को ताक पर रखते हुए धनबल की दम पर फर्जी निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिया। सूत्र बताते हैं कि कागजों पर असली ग्राम प्रधान भले ही पूनम देवी हो पर प्रधानी उनके देवर द्वारा चलाए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा मिली है सूत्र बताते हैं की असली ग्राम प्रधान पूनम देवी चूल्हा चौका में व्यस्त रहती हैं कभी बाहर नहीं जाती हैं प्रधानी का सारा काम उनके देवर पंकज करते हैं। असली प्रधान के नकली दस्तखत बनाकर किया जा रहा फर्जीवाडा । जिसका जीता जागता सबूत दिखाते हुए शिकायतकर्ता नित्यानंद वाजपेई ने मीडिया को बताया की ग्राम प्रधान खमरिया विकासखंड पसगवां तहसील मितौली द्वारा उनके मृतक भाई राहुल वाजपेई का फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी करके भ्रष्टाचार किया गया है और इसके बदले में भारी भरकम रिश्वत राशि रानी शुक्ला से वसूल किए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बात बना है। मामले की लिखित शिकायत नित्यानंद वाजपेई ने जिला अधिकारी से लेकर सीएम तक कर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षरों का मिलान निवास प्रमाण पत्र पर बनाए गए हस्ताक्षरों से कराए जाने की मांग की है। प्रधान कहने को प्रधान है पर सारे काम उनके देवर द्वारा किए जाते हैं सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत खमरिया में कई और भी प्रधान हैं जो प्रधानी चला रहे हैं। पूनम देवी मात्र प्रमाण पत्र में प्रधान है बाकी सारे कार्य उनके द्वारा पोषित कई दलालों द्वारा किए जाने का मामला भी चर्चा का विषय बना है। बनाए गए फर्जी निवास प्रमाण पत्र से आहत शिकायतकर्ता ने प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज उप जिला अधिकारी मितौली सहित जिला अधिकारी खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी को लिखित शिकायत देकर मामले के निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए जांच में दोषी पाई जाने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की है।

**डीएम खीरी ने एसपी खीरी को दिया कार्रवाई का आदेश**

अपनी गर्दन फंसते देख मामले की लीपापोती में लगे ग्राम प्रधान व उनके चहेते कथित दलाल विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में ग्राम प्रधान पति ने विपक्षी गणो से मिली भगत करके भारी भरकम घूष लेकर फर्जी निवास जारी कर दिए जाने का मामला अखबारी सुर्खियां बना है। मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी से कर शिकायतकर्ता ने दोषी ग्राम प्रधान, प्रधान पति व मुख्य आरोपी रानी शुक्ला पुत्री राजेश शुक्ला तथा दीपू शुक्ला के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग कीहै। शिकायत का संज्ञान ग्रहण करते हुए जिला अधिकारी खीरी ने पुलिस अधीक्षक खीरी को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है वहीं क्षेत्रीय लेखपाल मैगलगंज ने आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायत की जांच के लिए आवेदन क्षेत्रीय लेखपाल खमरिया सुनील कुमार को हस्तांतरित कर दिए जाने की भी जानकारी दी है। यदि मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो एक बड़े फर्जीवाडे का खुलासा होना तय है और कई लोगों पर जांच की आंच आना भी तय होगा।

**क्या कहते है ग्राम प्रधान पति दीपू राठौर**

इस संबंध में जब प्रधान पति दीपू राठौर से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया की गलती से निवास प्रमाण पत्र बन गया है जिसे उन्होंने निरस्त कर दिया है जब हस्ताक्षर की बात की गई तो उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर मैंने बनाए हैं। क्या प्रधान के हस्ताक्षर उनके पति या प्रतिनिधि को बनाने का अधिकार प्राप्त है। इतना पूछने पर उन्होंने कहा फिर जो होगा सो देखा जाएगा।

# विद्या निकेतन की छात्रा भारतीय सांख्यिकी सेवा में चयनित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्थानीय विद्यालय वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ की पूर्व छात्रा मलिका गुप्ता ने लोक सेवा आयोग (यपी एस सी) द्वारा आयोजित भारतीय संख्यकी सेवा परीक्षा 2025 में सहायक निदेशक पद पर चयनित होकर अपने विद्यालय, नगर तथा अपने माता पिता को गौरवान्वित किया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपी एस सी) द्वारा इस परीक्षा का आयोजन जून 2025 को किया गया था, जिसका परिणाम 30 सितम्बर को घोषित हुआ। प्रारम्भ से ही मेधावी रही मलिका ने यह उपलब्धि भारतीय सांख्यकी सेवा की मात्र 35 सीटों में 18वीं रैंक पर चयनित होकर अपनी मेधा, लगन व कठिन परिश्रम का अतुलनीय परिचय दिया है। मलिका उक्त सेवा में चयनित होकर 'ग्रुप ए 'अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगी।

कक्षा 6 से इण्टरमीडिएट तक की संस्थागत छात्रा रहीं मलिका गुप्ता ने हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 में 90.6% अंक एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 में 92.4 % अंक प्राप्त किये थे। तत्पश्चात इन्होने लखनऊ यूनिवर्सिटी से गणित, सांख्यकी एवं भौतिक विज्ञान विषयों के साथ वर्ष 2019 में स्नातक की डिग्री तथा 2021 सांख्यकी में परास्नातक की उपाधि प्राप्त की है। मलिका गुप्ता के पिता श्री मनोज कुमार गुप्ता लखीमपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक शाखा गोला में सहायक प्रबन्धक एवं माता श्रीमती बबिता गुप्ता गृहिणी हैं। इनकी बहन स्नेहा गुप्ता ने भी इसी संस्था में इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण की है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर मलिका गुप्ता को स्मृति चिन्ह एवं पिता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व उज्जवल एवं स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनाये दी। मलिका गुप्ता ने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना की जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखीमपुर,खीरी-** दिनांक 13 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई उक्त बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता जिला कोऑर्डिनेटर उमाशंकर पांडे जी एवं लखनऊ खंड स्नातक कांग्रेस प्रत्याशी डाक्टर देवमणि तिवारी जी की गरिमा मई उपस्थित रही बैठक में आगामी स्नातक चुनाव को ध्यान रखते हुए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा हुई द्य सभी साथियों ने अपने विचार व सुझाव सजा के जिससे संगठन को और मजबूत बनाने तथा क्षेत्र में पार्टी की स्थिति को सुधारण करने की दिशा में सार्थक विमर्श हुआ बतौर मुख्य अतिथि डॉ उमाशंकर पांडे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को और गतिशील बनाने के लिए हमें और अभी प्रभावी कदम उठाने होंगे द्य आगामी 2027 विधानसभा चुनाव मद्दे नजर संगठन सृजन अभियान के तहत 2025 के अंत तक संपूर्ण गठन कर कर कंपलीट कर लेना होगा इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी स्नातक चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी डाक्टर देवमणि तिवारी ने उपस्थित कांग्रेस जनों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी का साथ एवं सहयोग चाहिए अधिक से अधिक स्नातक युवाओं को वोटर बनाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करे आवश्यकता पड़ने पर हम सभी ब्लाकों में भी चलेंगे ज्यादा से ज्यादा वोटर बनाएं जा सके जिससे मजबूती प्रदान होगी, जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि आगामी स्नातक चुनाव को लेकर हम सभी लोग सजग हैं जनपद खीरी में अधिक से अधिक लोगों को वोटर बनाना होगा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को भी लक्ष्य दिया जाएगा प्रत्याशी को मजबूती प्रदान की जाएगी उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती रवि तिवारी, बलराम गुप्ता, कैप्टन मोनिस अली नकवी, दीपक बाजपेई, देवेंद्र कुमार पंकज, बाबू राम दीक्षित, प्रेम वर्मा, अन्नू मिश्रा, नवाज खान, सुनील भार्गव, राम प्रताप, उद्देश्य गिरी, अजय दरोगा, आफताब अहमद कोमल सिंह चंद्रप्रभा अवस्थी शिव सहाय सिंह, पंकज शुक्ला एडवोकेट हरगोविंद वर्मा लतीफ आजम राजेंद्र गुप्ता अनूप सक्सेना एडवोकेट, विनोद तिवारी, रामपाल शाक्य, अब्दुल रहीम आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

# निघासन विधानसभा में अनुराग पटेल ने आयोजित की पीडीए पंचायत

**●खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहाकि निघासन क्षेत्र में विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-**विधानसभा क्षेत्र निघासन में समाजवादी पार्टी के पूर्व ज़िलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने अपने निवास स्थान ग्राम कुर्मिनपुरवा में समाजवादी पुरोधाओं डॉ राममनोहर लोहिया व श्रध्देय नेता जी की पुण्यतिथि पर पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया जिसमे कार्यक्रम के अतिथियों ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर, डॉ राम मनोहर लोहिया व धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पीडीए जन पंचायत में कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल ने आये सभी अतिथियों का स्वागत किया व विधान सभा के अध्यक्ष भंडारी यादव सहित पूर्व अध्यक्ष डॉ निसार , अनीस अहमद व सरदार ओंकार सिंह का माला व शाल भेंट कर स्वागत किया ।अनुराग पटेल ने निघासन विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया, कार्यक्रम के अतिथियों जिला अध्यक्ष श्री रामपाल यादव, खीरी सांसद श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर, प्रदेश सचिव श्री गुरुप्रीत जॉर्जी, उपाध्यक्ष श्री अशोक कश्यप, महासचिव श्री अंसार महलूद, श्री रघुवीर यादव सहित श्री हिमांशु पटेल का भी माला व शाल भेंट कर सम्मानित किया !खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा जी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि निघासन क्षेत्र में विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा व बाढ़ से निजात दिलाने का प्रयास होगा जिला अध्यक्ष राम पाल सिंह यादव ने संगठन को और अधिक मज़बूत बनाने की बात कही गुरुप्रीत सिंह जार्जी ने डॉ लोहिया व मुलायम सिंह यादव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की तरक्की समाजवाद के रास्ते पर चलकर ही संभव है कार्यक्रम को अंसार महलूद, रघुवीर सिंह यादव ,गुरुजीत सिंह बब्बू , निघासन के नगर अध्यक्ष मनोज वर्मा, धौरहरा के अध्यक्ष नेत्र प्रकाश मिश्रा,सिंगाही के अध्यक्ष जलीस, ने संबोधित किया ।समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक अनुराग पटेल ने पीडी ए पंचायत में आये सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ के कार्यकर्ता के सम्मान के बिना पार्टी मजबूत नही हो सकती है टिकट किसी को भी मिले सभी को लग कर जिताना होगा क्योकी हमारा लक्ष्य PDA नायक अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है इसके लिए हम सभी को ज़मीन स्तर पर कार्य करना होगा व सभी को एक जुट रहना होगा जिसमे सभी लोगों ने संकल्प लिया कि 2027 में समाजवादी सरकार बनाना !

कार्यक्रम में प्रमुख रूप समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष निघासन गुरुनिवज सिंह नाजी, मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अधिवक्ता, रमियाबेहड़ के अध्यक्ष ओ पी यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, राजेश चतुर्वेदी, फहीम अहमद,जगदीश लोधी, शानदार खान, पूर्व प्रधान तरजिन्दर सिंह, मनोज वर्मा, विपिन वर्मा, सूरत वर्मा, राज बहादुर वर्मा, चेतराम यादव, शाहनवाज खान, माजिद, विनोद वर्मा, विनोद यादव, तिलकराम यादव, ज्ञानेंद्र यादव, सरदार सिंह यादव, सरदार अंग्रेज सिंह, अहमद प्रधान, मोहम्मद वशी, प्रमोद सिंह, मयंक वर्मा, कमल वर्मा, इंजी गौरव वर्मा, नेत्र प्रकाश मिश्र, निरंजन सिंह, विनोद यादव, सर्वेश वर्मा, दुर्गेश वर्मा राजा, आलोक वर्मा, अख्तर अली, टी एल यादव एडवोकेट, संदीप यादव, मोहम्मद असलम, महिला सभा की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, नछत्तर सिंह, प्रताप पाण्डे, अतुल चतुर्वेदी, सुभाष वर्मा, के के वर्मा, अखिलेश पाल,डॉ तनवीर, फिरोज शाह, मन्नू , गंगाराम पाल, विनीत जायसवाल, रामआसरे यादव, पंचम भार्गव, राधेश्याम मौर्या आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना महाराजगंज तराई बलरामपुर पुलिस ने चलाया महिला जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलरामपुर/महाराजगंज तराई-** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के उद्देश्य को साकार करने के लिए थाना महाराजगंज तराई की पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत क्षेत्र कस्बा चौराहा में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की निर्देशन में अपर पुलिसअधीक्षक विशाल पांडे के मार्गदर्शन क्षेत्र अधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे के नेतृत्व में महिला सुरक्षा दलों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्राम चौपालों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपालों में पहुंचकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और साइबर हेल्पलाइन-1930 जैसे जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस टीमों ने सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पंपलेट वितरित कर जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के कार्यों और सेवाओं की भी जानकारी दी गई, ताकि महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वहां संपर्क कर सकें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हो सके।

# 54 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ दी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा जिले के चार केंद्रों पर कराई गई। 54 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। 1824 में अभ्यर्थियों से पहली पाली में 834 शामिल हुए। वहीं 990 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में 833 अभ्यर्थी शामिल हुए। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में चार केंद्र बनाए गए थे।

सुबह सात बजे ही ज्यादातर अभ्यर्थी केंद्रों के बाहर पहुंच गए। प्रवेश से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को बायोमेट्रिक और आई स्कैनिंग के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। पहली पाली की परीक्षा में एमएलके महाविद्यालय ब्लाक-ए कला संकाय परीक्षा केंद्र पर 480 के सापेक्ष 209 अभ्यर्थी शामिल हुउ। एमएलके महाविद्यालय ब्लाक-बी वाणिज्य संकाय परीक्षा केंद्र पर 480 के सापेक्ष 204 और ब्लाक-सी विज्ञान संकाय परीक्षा केंद्र पर 480 के सापेक्ष 219 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, एमपीपी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 384 के सापेक्ष 202 अभ्यर्थी पहली पाली की परीक्षा में शामिल हुए। वहीं दूसरी पाली में एमएलके महाविद्यालय के कला संकाय में 209, वाणिज्य संकाय में 203 व विज्ञान संकाय में 219 अभ्यर्थी शामिल हुए। एमपीपी इंटर कॉलेज में पहली पाली की तरह ही दूसरी पाली में भी 202 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पहली पाली में 990 एवं दूसरी पाली में 991 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिसकर्मी, महिला पुलिस कर्मी, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। लोक सेवा आयोग के समन्वयक व पर्यवेक्षक विवेक कुमार सरोज, डीएम पवन अग्रवाल, एसपी विकास कुमार, एडीएम ज्योति राय, एएसपी विशाल पांडेय व डीआईओएस मृदुला आनंद ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया। डीएम ने बताया कि परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराई गई है। सभी केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

# हाथ से बने पर्स व बांस की डलियों की हुई खरीदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** नगर के बड़ा परेड ग्राउंड में 10 दिवसीय स्वदेशी मेला चल रहा है। मेले में समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। महिलाओं के हाथों से बने मोबाइल पर्स व बांस की डलियों की खूब बिक्री हो रही है। पचपेड़वा क्षेत्र की खुशी महिला समूह की सदस्यों ने सूती कपड़ों से बने मोबाइल पर्स, जिस पर सितारों से डिजाइन बनी हुई है, लोगों को खूब भा रहा है। इसी तरह महिलाओं के लिए हैंडबैग व बड़े पर्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। समूह की सदस्य भानमती ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से स्वरोजगार स्थापित किया है। बांस की टोकरी, टोपी व डलिया की भी बिक्री हो रही है। एनआरएलएम के जिला प्रबंधक अखिलेश कुमार मौर्य ने बताया कि कई समूह की महिलाओं ने स्टॉल लगाया है। मेले में बिक्री होने से महिलाओं की आमदनी भी हो रही है।

**जादूगर का जादू देख गदगद हुए लोग**

स्वदेशी मेले में शाम को मशहूर जादूगर राजेश कुमार ने अपने हाथों की सफाई पेश की। जादूगर की जादूगरी देख लोगों ने खूब तालियां बजाई। रुमाल व छड़ी से जादू दिखाकर जादूगर ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद परिषदीय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति व फिल्मी गीतों पर एकल व समूह नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

# लाइसेंस धारकों का ही माल मंगवाएं ट्रांसपोर्टर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिले में पटाखा बिक्री को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। पर्व पर किसी अनहोनी से बचने के लिए अग्निशमन विभाग हर पहलू पर नजर रखे हुए है। जिले में ट्रांसपोर्टर्स को लाइसेंस धारक पटाखा व्यवसायियों का माल ही मंगवाने का निर्देश दिया गया है। अग्निशमन प्रभारी अंकित कुमार ने रविवार को जिले भर में ट्रांसपोर्ट कार्यालय का भ्रमण किया। ट्रांसपोर्ट संचालकों को हिदायत दी कि पटाखा के ट्रांसपोर्ट में विशेष सावधानी बरतें। लाइसेंस धारी पटाखा व्यवसायी के माल का ही उठान करें। बिना लाइसेंस वालों का सामान कतई न मंगवाएं। अग्निशमन प्रभारी ने तुलसीपुर, पचपेड़वा, गैसड़ी, बलरामपुर क्षेत्र के भगवतीगंज, हरिहरगंज, बहादुरापुर व पहलवारा सहित अन्य स्थानों पर ट्रांसपोर्ट संचालकों से बातचीत कर सतर्क किया। अग्निशमन प्रभारी ने बताया कि लाइसेंस धारक व्यवसायी माल मंगवाकर अस्थायी दुकानदारों को आपूर्ति करेंगे।

**तीन दिन का बनेगा अस्थायी लाइसेंस**

दीपावली पर पटाखा बिक्री के लिए तीन दिन का अस्थायी लाइसेंस बनेगा। लाइसेंस बनवाने के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा, सिर्फ व्यवसायियों को अग्निशमन विभाग के नियमों का पालन करना होगा। नगर के बड़ा परेड ग्राउंड में पटाखा बिक्री के लिए दुकान लगाने की तैयारी की जा रही है।

# कंपोजिट विद्यालय बेलभरिया में एमडीएम में लापरवाही, बच्चों को परोसा जा रहा सिर्फ चावल और सब्जी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय बेलभरिया में मिड-डे-मील (एमडीएम) योजना की स्थिति बेहद खराब पाई जा रही है। विद्यालय में बच्चों को संतुलित आहार देने की जगह केवल सादा चावल और सब्जी परोसी जा रही है। यह स्थिति न सिर्फ शासन की मंशा के खिलाफ है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर भी सीधा प्रभाव डाल रही है। सूत्रों के अनुसार विद्यालय में एमडीएम में सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक और अधिकारियों के बीच मिलीभगत से भोजन की गुणवत्ता में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। भोजन में दाल, फल, दूध या अन्य पोषक तत्वों का अभाव रहता है, जबकि सरकार की ओर से इन सभी वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस मामले की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी और संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि विद्यालय में निरीक्षण का नाम मात्र का खेल होता है – जब अधिकारी आते हैं, तो एक-दो दिन के लिए व्यवस्था सुधारी जाती है और फिर पुराने हालात लौट आते हैं। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि इस कारण कई बच्चे स्कूल का खाना छोड़ घर से टिफिन लेकर आने लगे हैं। बच्चों ने भी यह शिकायत की है कि भोजन का स्वाद खराब होता है और कभी-कभी सब्जी अध पकी या खराब क्वालिटी होती है। शिक्षा विभाग द्वारा एमडीएम योजना का उद्देश्य बच्चों को संतुलित व पौष्टिक आहार प्रदान कर शिक्षा के प्रति आकर्षित करना था, लेकिन कंपोजिट विद्यालय बेलभरिया में यह योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी शिक्षकों एवं अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों को उनका हक और गुणवत्ता युक्त भोजन मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 अक्टूबर बुधवार को होगा जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**सुरियावां।** क्षेत्र के कुशौली बाजार स्थित शांति शिक्षा सदन कॉलेज में आगामी 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार भट्ट के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन देश के पूर्व राष्ट्रपति और ÷मिसाइल मैन÷ के नाम से विख्यात डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर किया जा रहा है। इसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं या उनके अभिभावक 93696 24253 अथवा 95591 42625 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की ज्ञानवर्धन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के आयोजन बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक साबित होते हैं।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम 12 नवंबर को



**चुनार, मिर्जापुर।** अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 12 नवंबर 2025 को चुनार नगरपालिका स्थित परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाना है। इसकी जानकारी चुनार विधायक अनुराग सिंह ने दी है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कन्या दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थि की स्थापना हेतु सहायता राशि 60000 कन्या के बैंक खाते में डीबीटी योजना के माध्यम से अंतरित किया जाएगा एवं वैवाहिक उपहार सामग्री हेतु 25000 तथा 15000 अन्य खर्च में व्यय होगा प्रति जोड़ा के माध्यम से सरकार द्वारा विवाह में कुल धनराशि एक लाख रुपए के दर से खर्च सरकार वहन करेगी। विधायक अनुराग सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में ऐसे आवेदक जिनकी वार्षिक आय 300000 होनी चाहिए इच्छुक लाभार्थी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के http.cmsby यूपीएससी.gov.in पर आवेदन कर लाभ को प्राप्त कर सकते हैं।

### सैकड़ों बैंक के पासबुक, एटीएम मिला सड़क के किनारे



**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार थाना अन्तर्गत पूरन पट्टी गांव के सामने 74 नम्बर राजमार्ग के किनारे सोमवार को सैकड़ों बैंक के पासबुक, एटीएम व चेक तथा अन्य कागजात फेंका मिला। सुबह जब मार्निंग वॉक करने वाले ग्रामीणों ने देखा कि पूरन पट्टी गांव के सामने सड़क के किनारे काफी संख्या में कागजात पड़े हैं यह देख ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो बैंक के पासबुक, एटीएम व चेक काफी संख्या में फेंके पड़े थे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी चुनार थाना को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी पासबुक, एटीएम व चेक जप्त कर थाने ले गई इस संबंध में पूछे जाने पर हल्का प्रभारी वशिष्ठ नारायण यादव ने बताया कि पासबुक, एटीएम व चेक कई बैंक के मिलें हैं। पुलिस सभी कागजात कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। वही इतने सारे बैंक पासबुक एटीएम व चेक देख कर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है लोग इसे साइबर गैंग से जोड़ कर देख रहें हैं।

# जनपद भदोही में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महिला सशक्तिकरण एवं नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद भदोही में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों व महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ग्राम, कस्बा, मोहल्ला, शिक्षण संस्थानों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

अभियान के अंतर्गत महिलाओं को वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, महिला हेल्पलाइन-181, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 किसान सम्मान निधि, महिला शक्ति केंद्र योजना, आयुष्मान भारत योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जैसी लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

थाना ज्ञानपुर, दुर्गागंज, ऊंज, औराई तथा सुरियावां क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों द्वारा केएनपीजी कॉलेज ज्ञानपुर, जूनियर हाई स्कूल दुर्गागंज और सुशील देवी पब्लिक स्कूल रोही सहित विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता संबंधी जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, समाज में सुरक्षा का वातावरण बनाना एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में जन-जागरूकता को प्रोत्साहित करना है।

## क्षेत्राधिकारी भदोही द्वारा धौरहरा जौनपुर बॉर्डर पर संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों की गई चेकिंग

● बैंकों के सीसीटीवी व अलार्म सिस्टम की बारीकी से जांच

जनता को दिलाया भरोसा- "आप सुरक्षित, हम चौकस!"

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** दिनांक- 13.10.2025 को जनपद भदोही में आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी क्षेत्राधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी और पुलिस की चुस्त-दुरुस्त टीमों द्वारा सक्रिय रूप से कार्यवाही करते हुए बैंकों, सर्राफा बाजारों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया गया व बैंकों और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की गहन तलाशी ली। बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई और वैध कागजात न दिखाने वालों के खिलाफ तत्काल चालान की कार्यवाही की गई। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच की गई। साथ ही, शाखा प्रबंधकों के साथ संवाद कर सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया गया। बैंक परिसर में बेवजह मौजूद व्यक्तियों को हटाया गया और संदिग्धों से सख्ती के साथ पूछताछ कर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया गया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार ज्ञानपुर का निरीक्षण



**भदोही।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के कुशल मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही द्वारा आज जिला कारागार ज्ञानपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों से उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों को निःशुल्क सरकारी अधिवक्ताओं की सुविधा तथा विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सचिव द्वारा कारागार में पूर्व से संचालित प्रिजन लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया और उसके संचालन की समीक्षा की गई। इस अवसर पर महिला बंदियों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें आवश्यक विधिक परामर्श दिया गया। जेल निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम भदोही के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भदोही में अदिति यादव बनी सांकेतिक डीआईओएस

● कक्षा-11वीं की छात्रा है अदिति यादव।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**भदोही।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तमाम विभागों में एक दिन के लिए सांकेतिक अधिकारी नियुक्त करके एक जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भारत भारती इंटरमीडिएट कॉलेज की 11वीं की छात्रा अदिति यादव को सांकेतिक डीआईओएस नियुक्त किया गया। अदिति यादव गोपीगंज क्षेत्र के झम्मनपुर गांव निवासी सुभाष यादव की बेटी है। सोमवार को डीआईओएस के पद पर नियुक्त होने के बाद अदिति ने कई फरियादियों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया।

जिसमें बिछियां इंटर कॉलेज के एक अध्यापक ने अपनी समस्या रखी और अदिति यादव ने उनकी समस्या का समधान करने का आश्वासन दिया। अदिति यादव ने कहा कि विद्यालयों में लैब की सुविधा हो और अध्यापकों के लिए वेतन और प्रोत्साहन की सुविधा की बात कही। अदिति यादव एक आईएएस ऑफिसर बनना चाहती है, जिसके बारे में भदोही के डीआईओएस अंशुमान ने अदिति को तमाम जानकारी भी ली और मोटिवेट किया। अदिति ने अपने पढ़ाई और सफलता का श्रेय माता पिता और आध्यापकों को दी। सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम की खूब सराहना की और बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करने तथा मजबूत बनाने का लक्ष्य है, आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषो से पीछे नहीं है। कहा कि महिलाएं अपने को कमजोर न समझें खुद को सशक्त बनते हुए समाज में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

भदोही के डीआईओएस अंशुमान ने अदिति यादव को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि सरकार की मंशा है कि महिलाएं सशक्त हो और समाज की मुख्य धारा से जुड़े। बताया कि मिशन शक्ति अभियान के क्रम में भारत भारती इंटरमीडिएट कॉलेज गोपीगंज भदोही की 11वीं की छात्रा अदिति यादव को आज सांकेतिक डीआईओएस बनाया गया। इस मौके पर अदिति के पिता सुभाष चंद यादव और प्रबंधक माता प्रसाद चौबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## विकसित उत्तर प्रदेश @2047 हेतु अधिकाधिक सुझाव देने हेतु सीडीओ ने बैठक कर दिया आवश्यक निर्देश

» विजन डॉक्यूमेंट @2047 का निर्माण, जनभागीदारी से होगा साकार-सीडीओ

» जनपदवासी क्यूआर कोड स्कैन कर दे अपने सुझाव-मुख्य विकास अधिकारी

» डीएम भदोही फेसबुक, एक्स ट्वीटर एकाउण्ट सहित जनपद के प्रमुख शासकीय कार्यालयों सहित सार्वजनिक स्थलों पर लगे

» विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषयक होर्डिंग्स व स्टैण्डी पर क्यूआर कोड स्कैनर व पोर्टल लिंक उपलब्ध

» चयनित सुझावों को जनपद/प्रदेश स्तर पर किया जायेगा पुरस्कृत व सम्मानित

» ऑनलाईन सुझाव सबमिट करने पर प्राप्त करें सहभागिता प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के विजन डॉक्यूमेंट निर्माण हेतु जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद से अधिकाधिक सुझाव पोर्टल पर अपलोड करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने जनपदवासियों को जागरूक किया कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। ''विकसित भारत'' के स्वप्न को साकार करने हेतु 'विकसित उत्तर प्रदेश' का संकल्प आवश्यक है। ''विकसित उत्तर प्रदेश @2047'' के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आपके अमूल्य सुझाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी के सुझाव 'समर्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की पूर्णता में 'मील का पत्थर' सिद्ध होंगे।

सीडीओ ने बताया कि विजन डॉक्यूमेंट @2047 जनभागीदारी से ही निर्माण होगा। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का सपना केवल सरकार का ही नही, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का साझा लक्ष्य है। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती है। विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना भी हर जनपदवासी के सहयोग से ही साकार होगी। आइए, हम सब मिलकर अपने विचारों व सुझावों से एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध 'नए उत्तर प्रदेश' का निर्माण करें।

बैठक में जिला विकास अधिकारी ने विजन डॉक्यूमेंट @2047 के निर्माण हेतु जनपदवासियों से विशेषकर जनप्रतिनिधियों, युवाओं, छात्र/छात्राओं, शिक्षकों, व्यापारिक संगठनों, मीडिया बन्धुओं सहित प्रत्येक परिवार से सुझाव देने का अपील किया है। हर परिवार सीधे सरकार तक अपने सुझाव QR code अथवा https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन देने का कष्ट करें। सुझाव सबमिट करने पर शासन द्वारा ऑनलाईन सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। चयनित सुझावों को जनपद/प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। क्यूआर कोड का स्कैनर या समर्थ उत्तर प्रदेश डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल का लिंक डीएम भदोही के आफिसियल फेसबुक व एक्स ट्वीटर एकाउण्ट सहित जनपद में कलेक्टेऊट, विकास भवन, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, समस्त तहसीलों व विकास खण्ड कार्यालयों प्रमुख सर्वाजनिक स्थलों पर लगाये गये विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषयक होर्डिंग्स व स्टैण्डी पर उपलब्ध है। एक मोबाइल नंबर से तीन बार सुझाव भेजे जा सकते हैं। बैठक में उपायुक्त मनरेगा राजाराम, उपायुक्त उद्योग आशुतोष सहाय पाठक, जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार, बीएसए विकास चौधरी, एआरटीओ राम सिंह, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी सुभाष, जिला युवा कल्याणकारी दिनेश त्रिपाठी, मत्स्य विभाग प्रभारी अमित सिंह, प्रिंसिपल पॉलिटेक्निक कॉलेज औराई व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति के तहत "गुड टच-बैड टच" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में सोमवार को मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में "गुड टच-बैड टच÷ विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान कराई जानी चाहिए, ताकि वे अपने साथ होने वाली किसी भी अनुचित घटना का साहसपूर्वक विरोध कर सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को "गुड टच-बैड टच" विषय पर आधारित शैक्षिक वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया,जिससे उन्हें इस विषय की गहन समझ प्राप्त हुई।कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 120 छात्राओं एवं 25 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# स्वयंसेवकों के पथ संचलन से गूंजते रहे राष्ट्रभक्ति के नारे

● स्वयं सेवकों ने पथ संचलन कर राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को रतेह चौराहा पर स्वयं सेवकों द्वारा विशाल पथ संचलन किया गया। पथसंचलन से पूर्व बीपी चौरसिया जूनियर हाईस्कूल में बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काशी प्रांत के शारीरिक प्रमुख संतोष जी ने कहा कि संघ की शाखा सेवा अनुशासन और संस्कार की पाठशाला है।देश की एकता सुरक्षा और संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए स्वयंसेवकों को संगठित रहने की आवश्यकता है। स्वयं सेवकों ने रतेह चौराहा से बबुरा खुर्द होते हुए बबुरा कलां अलोमती माता मंदिर तक पथसंचलन किया वहां से फिर से रतेह चौराहा पर पहुंचकर पथ संचलन का समापन किया।पथ संचलन में शामिल स्वयं सेवकों पर महिलाओं और बालिकाओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया।इस दौरान भारत माता की जय घोष और वंदे मातरम के नारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र बहादुर सिंह व कार्यक्रम का संचालन रामजी केशरी ने किया। संघ चालक हरिश्चंद्र सोनी, खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी, राजेश सिंह, करूणा शंकर मिश्र, श्याम बहादुर सिंह, खंड प्रचारक धर्मेंद्र, मिथिलेश सिंह, भेषनारायण चौरसिया, शिव गोविंद चौरसिया, अरूण सिंह, भोला शंकर मिश्रा, अंकित मिश्र, जेपी तिवारी, ज्ञानेश्वर दुबे, सुरेश केशरी, संजय तिवारी, राकेश तिवारी, डॉ राज कुमार सिंह पटेल, आशीष मिश्र, राकेश चौरसिया, कपूर चंद्र केशरी, गुरु प्रकाश चौरसिया, सुरेश केसरी, धीरज केशरी, शिवा अग्रहरि, सूरज पटेल आदि सैकड़ों स्वयं सेवक शामिल रहे वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय मय पुलिस टीम मौजूद रहे।

# विद्यालय में समय पर नहीं होता है गुरुजी के दर्शन गैर जिम्मेदार हैं विद्यालय के अध्यापक

● आए दिन अध्यापकों के काली करतूत का होता रहता है। खुलासा कही बच्चों के साथ अभद्रता कहीं पर गैर जिम्मेदारी से चलाते हैं विद्यालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत गलरिया के पुर्वा प्राथमिक विद्यालय मे समय पर नहीं पहुंचते हैं अध्यापक एक भी अध्यापकों का समय पर नहीं होता विद्यालय में दर्शन स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि जुलाई से लेकर अभी तक की लिस्ट सक्षम अधिकारियों से मांग लिया जाए तो खुलेगा विद्यालय का काला चिट्ठा जुलाई से लेकर अभी तक समय पर बच्चे भी नहीं रहते हैं मौजूद तो बच्चों का हाजिरी कैसे और किस हिसाब से लगाया जाता है यहां तक की ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक गैर जिम्मेदार साबित हो रहे हैं बच्चे विद्यालय में मारपीट कर लेते हैं उसका भी नहीं रहता कोई जिम्मेदारी बच्चों का एक दिन अध्यापक पता लेने वाले नहीं है कि बच्चे कहां है विद्यालय नहीं आए तो रास्ते में है कि घर पर ऐसे गैर जिम्मेदार अध्यापकों की नियुक्ति से सरकारी विद्यालय को तार तार कर रहे हैं ग्रामीण विद्यालय में अध्यापक जाकर अपनी हाजिरी लगाकर करते हैं टाइम पास ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैं कि इस विद्यालय की सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाए जिससे विद्यालय का काला चिट्ठा खुल सके विद्यालय में एमडीएम में भी जम घर घोटाला किया गया है जब बच्चे ही नहीं है तो विद्यालय में एमडीएम किस बात का बनता है कौन खाता है एमडीएम।

## महाविद्यालय के छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरूक किया गया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत उपस्थित छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के प्रति जागरुक करते हुए, उनके साथ एक संवाद भी स्थापित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति संयोजक सुश्री सबीहा नाज ने उपस्थित छात्राओं को विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी देने के साथ ही उन्हें इस बात से भी अवगत कराया कि महाविद्यालय में एक महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ भी स्थापित है, यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय की छात्राओं की समस्या को सुनने, उन्हें सलाह देने और उनके निवारण का कार्य करता है। इस संवाद में छात्राओं को ÷चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो÷ की तरफ प्रेरित करते हुए उनके शिक्षित होने के महत्व तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी चर्चा की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मृणालिनी सिंह जी के संरक्षण में डॉ प्रेम यादव एवं डॉ दीपक वर्मा के सहयोग से मिशन शक्ति समिति द्वारा आयोजित किया गया।

### उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने हेतु लिया गया संकल्प




**चुनार, मिर्जापुर।** नगर पालिका परिषद चुनार में सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने हेतु विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महा अभियान का आरंभ किया गया। जिसके क्रम में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित राज्य 2047 के उद्देश्यों की प्राप्ति तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने हेतु इस विषय पर एक विशेष सत्र, सम्मेलन, गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद द्वारा की गई ।इस दौरान अधिशासी अधिकारी, सभासद, प्रबुद्ध जन, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ,और उत्तर प्रदेश को विकसित राज बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया और संकल्प लिया गया।

# नशा मुक्त भारत अभियान रथ को समाजसेवी बचाऊ लाल सेठ ने शिव बाबा की आरती कर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मिर्जापुर।** नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार में सोमवार को 90 दिवसीय मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान रथ को भेजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष,एवं समाजसेवी बचाऊ लाल सेठ द्वारा शिव बाबा की आरती कर रवाना किया गया। रथ धौहा,बड़ागांव इत्यादि गांवों में पहुंचा जहां ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।और मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान को अपना सहयोग और समर्थन प्रदान किया। रथ पर एल ई डी स्क्रीन पर लगे कुंभकर्ण की झांकी के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त अभियान से अवगत कराया गया।संस्था की बहनों ग्रामवासियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस दौरान शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू, सह प्रभारी तारा, सुनीता दीपिका, शालिनी, विद्या, गूंजा, ब्रह्माकुमार दीपेंद्र, पंकज, जगदीश, सत्यनारायण, श्यामसुंदर, कैलाश, वैभव, बद्री, त्रिभुवन, आनन्द, राजेश, आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस की तत्परता से चौराहे पर छुटे बैग की जानकारी कर उसके स्वामी को किया गया सुपुर्द

**भदोही** अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार हर क्षेत्र,चौराहे,कस्बे, विभिन्न स्थानों पर चौराहों, गलियों, कस्बों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सतर्क गश्त के करके कानून-व्यवस्था को मजबूत कर रही है, तथा आमजन के बीच सुरक्षा और भरोसे की मिसाल कायम कर रही है।

इसी क्रम में जनपद के यातायात पुलिस कर्मी हेड कांस्टेबल अरुणेंद्र सिंह को ड्यूटी के दौरान मिर्जापुर तिराहे पर एक गिरा बैग मिला जिसमें कीमती डॉक्यूमेंट व लैपटॉप था।

पुलिस की तत्परता से तत्काल बैग के मालिक (जो मिर्जापुर के रहने वाली है ) से द्वारा संपर्क बैग को सकुशल बैग को सुपुर्द किया गया। पुलिस की इस सराहनीय कार्य को स्थानीय लोगों व बैग मालिक द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। भदोही पुलिस का यह प्रयास न केवल कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने वाला एक प्रेरणादायक कदम है।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
पुलिस 112 आपात सेवाएं

# संक्षिप्त खबरें

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बालिकाएं ही भविष्य की राष्ट्र निर्माता — जागृति पाण्डेय**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, थाना थरवई तथा अमृत एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में गयादीन विश्वकर्मा इंटर कॉलेज, भिदिउरा, थरवई में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जागरूकता एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मनिर्भरता तथा समाज में उनके सशक्त योगदान के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि जागृति पाण्डेय, उपनिदेशक – मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने कहा कि आज की बालिका कल की राष्ट्र निर्माता है। प्रत्येक बालिका में अपार क्षमता छिपी होती है, बस जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा देने की। उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वास से आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में थाना थरवई की उपनिरीक्षक निधि पटेल, ऋचा वर्मा, पूनम बिंद, धर्मेंद्र यादव एवं कांस्टेबल गोविंद सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

## महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर दी विस्तृत जानकारी



**मुट्ठीगंज पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान**

**प्रयागराज।** थाना मुट्ठीगंज पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेंद्र कुमार तथा अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में, पुलिस उपायुक्त नगर कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस उपायुक्त नगर पुष्कर वर्म के मार्गदर्शन तथा सहायक पुलिस आयुक्त अतरसुइया राजकुमार मीणा के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष मुट्ठीगंज अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना मुट्ठीगंज में गठित एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों ने बालिकाओं एवं महिलाओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण से संबंधित जानकारियां दीं।अभियान के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया –वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस- 108, तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930। साथ ही, मिशन शक्ति केंद्र, एंटी रोमियो स्क्वाड की भूमिका और आत्मरक्षा संबंधी उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।जागरूक करने वाली पुलिस टीम, उ0नि0 विकास चौधरी, हे0का0 प्रमोद कुमार, म0 हे0का0 शाहीन कौशर, म0का0 अर्चना मौर्या, म0का0 संगीता यादव, म0का0 मालती देवी।


## खानपुर डांडी ग्राम में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

**ब्यूरो प्रयागराज।** खानपुर डांडी ग्राम में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए राजेश कुमार सिंह, प्रभारी आई.आर.डी.पी कोरडेट ने बताया की इफको देश के किसानों के विकास के लिए निरंतर प्रयास रत है। इसी क्रम में इफको के नैनो उर्वरक प्रयोग के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी कृषकों से मृदा परीक्षण के आधार पर ही खेतों में उर्वरकों के प्रयोग की अपील की। कारडेट फूलपुर में खेतों की मिट्टी की जांच निःशुल्क की जाती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने जैव उर्वरक व जैव अपघटक के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने अपील की कि किसान भाई अपने खेतों में पराली को जलाएं ना बल्कि जैव अप घटकों के प्रयोग से उसको खेत में ही सड़ा कर खाद बना दें। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को दराती का निःशुल्क वितरण किया गया साथ ही जिन कृषकों ने अपने खेतों की मिट्टी के नमूने जांच के लिए दिए थे उनकी रिपोर्ट भी सभा में वितरित की गई। सभा की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक श्री बी डी सिंह ने क्षेत्र में कृषि एवं कृषको के लिए इफको कारडेट द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की। कृषक राम जनक पटेल ने धान की फसल में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग के अपने अनुभव साझा किये । कार्यक्रम मे रवि प्रताप सिंह, रणजीत सिंह, जगदीश नारायण मिश्र , महेंद्र यादव, यदुनाथ यादव , जगदंबा प्रसाद तिवारी, सूबेदार भारतया सहित भारी संख्या में कृषक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी ने खेती में पशुपालन को शामिल करने की अपील करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# यूपी कोर्ट ने विचाराधीन कैदी द्वारा 'अवैध' जेल गतिविधियों का विरोध करने पर प्रताड़ित करने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की फिरोजाबाद कोर्ट ने विचाराधीन कैदी के शरीर पर चोट के निशान देखकर स्तब्धता व्यक्त करते हुए उसकी व्यापक मेडिकल जांच, SDM द्वारा जांच और सुरक्षात्मक उपाय करने के आदेश दिए हैं। कैदी ने आरोप लगाया कि जिला जेल में कथित रूप से चल रही अवैध गतिविधियों का विरोध करने पर उसे बेरहमी से पीटा गया। यह आदेश मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (ACJM) नगमा खान ने पारित किया, जिसकी कॉपी संबंधित DM, SSP, CMO और क्षेत्राधिकारी स्ठरू के साथ-साथ DGP UP, DG जेल यूपी और IG आगरा रेंज को भेज दी गई। विचाराधीन कैदी (जैकी उर्फ प्रशांत) ने अदालत में आवेदन दायर कर आरोप लगाया कि 5 अक्टूबर, 2025 को कुछ जेल अधिकारियों और कैदियों ने उस पर बेरहमी से हमला किया, क्योंकि उसने जेल परिसर में अवैध कैंटीन और कथित तौर पर नशीले पदार्थों की बिक्री का विरोध किया। उसने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि जिला जेल फिरोजाबाद में खुलेआम नशीले पदार्थ (चरस और गांजा) बेचे जा रहे हैं। जेलर तथा उप जेलर ने एक कैदी को अवैध काम के लिए खुलेआम ठेका (ठेका) दिया। इसके अलावा, उसने दावा किया कि जेल के अंदर एक होटल भी चलाया जा रहा है। खाने-पीने की चीज़ें महंगी दरों पर बेची जा रही हैं, जिससे गरीब कैदियों का जीवन मुश्किल हो गया। उसने आगे आरोप लगाया कि जब उसने जेल अधीक्षक की मांगें मानने से इनकार कर दिया तो उसे बैरक से बाहर निकालकर लाठी और डंडे से पीठ, पैरों और जांघों पर बुरी तरह पीटा गया। विचाराधीन कैदी ने अपने आरोपों की पुष्टि के लिए अपनी नंगी पीठ दिखाई। इस पर गौर करते हुए अदालत ने अपने आदेश में दर्ज किया कि वह "उसकी नंगी पीठ पर चोट के निशान देखकर स्तब्ध, स्तब्ध और गहरी विस्मय में है और प्रस्तुत तस्वीरों से स्पष्ट चोट के निशान देखकर स्तब्ध है"। अदालत ने आगे कहा, "ये तस्वीरें बेहद परेशान करने वाली हैं। विचाराधीन कैदी के आरोपों में ज़रा सी भी सच्चाई हर इंसान और सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक होने के नाते हमारी अंतरात्मा को झकझोर देनी चाहिए। हमें शर्म से सिर झुका लेना चाहिए।" अदालत ने कहा कि विचाराधीन कैदी के खिलाफ कई मामले दर्ज होने के बावजूद, किसी भी अधिकारी या व्यक्ति द्वारा उस पर हमला करना उचित नहीं है। अदालत ने कहा, "हमें याद रखना चाहिए कि किसी व्यक्ति को जेल की चारदीवारी में कैद करने का उद्देश्य उसे उसके मौलिक अधिकारों और शारीरिक स्वतंत्रता से वंचित करना नहीं है और न ही उस पर हमला करना और उसे अमानवीय बनाना है।" आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व निर्देश के बावजूद, जेल अधीक्षक उस दिन दोपहर 2:00 बजे तक मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत




करने में विफल रहे, जिसके कारण अदालत को तत्काल निर्देश जारी करते हुए हस्तक्षेप करना पड़ा। इस घटना को व्यापक संवैधानिक दायरे में रखते हुए उत्तर प्रदेश कोर्ट ने कहा कि कैदियों को भी संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है, जिसमें मानवीय सम्मान के साथ जीने और यातना से सुरक्षा का अधिकार शामिल है। अदालत ने सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन 1979 और परमानंद कटारा बनाम भारत संघ 1989 सहित सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसलों के साथ-साथ नेल्सन मंडेला नियम (17 दिसंबर 2015 को अपनाया गया संयुक्त राष्ट्र महासभा का प्रस्ताव 70/175) और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों का हवाला देते हुए कहा कि हिरासत में यातना के विरुद्ध अधिकार और स्वास्थ्य का अधिकार मौलिक मानवाधिकार हैं, जिन्हें कारावास द्वारा निलंबित नहीं किया जा सकता।

## कोरांव के कवि कृष्ण कांत कामिल को मिला डाक्टरेट सम्मान

**साहित्य के क्षेत्र में कोरांव का नाम रोशन करने पर हुआ भव्य सम्मान समारोह।**



**प्रयागराज कोरांव।** रविवार को प्राथमिक विद्यालय चांदी के शिक्षक एवं कवि कृष्ण कांत कामिल को काशी हिन्दू विद्यापीठ द्वारा डाक्टरेट की मानद उपाधि "विद्या वाचस्पति" से सम्मानित किए जाने पर नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। इस उपलक्ष्य में सनम गेस्ट हाउस, कोरांव में एक सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के साहित्यप्रेमी, शिक्षाविद् और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि कामिल की यह उपलब्धि पूरे कोरांव क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने लेखन से समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश दिया है। उपस्थित लोगों ने कामिल की निरंतर साहित्यिक प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. अनिल पांडेय, रामकृष्ण केशरी, शशि द्विवेदी, पिंटू चौबे, अनूप मिश्रा, सचिन केशरी, सुमित पांडेय, अभय राज सिंह (बबलू सिंह), मुन्ना मासूम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश केशरी, चेयरमैन नगर पंचायत कोरांव ने की।

## धरा चौराहे से बांकीपुर तक की सड़क बनी परेशानी का सबब

**●15 साल बाद भी नहीं जुड़ पाई सड़क, ग्रामवासी परेशान**

**हर दिन जाम और हादसों का खतरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत धरा चौराहे से डेरा बांकीपुर संपर्क मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करीब 15 वर्ष पहले बनाया गया था। ग्रामीणों की उम्मीद थी कि यह सड़क गांव को शहर से जोड़ने का मजबूत जरिया बनेगी, लेकिन वर्षों बाद भी यह सड़क पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। सड़क की कुल लंबाई लगभग तीन किलोमीटर है, जिसमें आज भी करीब 600 मीटर का हिस्सा अधूरा या जर्जर हालत में है। वर्ष 2023 में विभाग द्वारा लगभग 1600 मीटर सड़क की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन धरा चौराहे से राम कैलाश गौतम के घर तक 300 मीटर का हिस्सा पुराने पत्थरों से ही बना छोड़ दिया गया। अब वही पत्थर उखड़कर सड़क को असमतल और खतरनाक बना चुके हैं। इससे गुजरना ग्रामीणों के लिए रोज की मुसीबत बन गया है। जगह-जगह गड्ढे और टूटे पत्थर न केवल वाहनों के लिए बाधा बनते हैं बल्कि आए दिन लोग फिसलकर घायल भी हो जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कई बार शिकायतें और आवेदन दिए जा चुके हैं। ग्राम प्रधान ने भी बार-बार आग्रह किया कि शेष अधूरी सड़क को बांकीपुर ग्राम से जोड़ दिया जाए, ताकि आवागमन सुचारू हो सके। लेकिन विभागीय लापरवाही और झूठे आश्वासनों के कारण आज भी यह मार्ग अधूरा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बांकीपुर पहुंचने से पहले लगभग 300 मीटर सड़क अब तक बनी ही नहीं। बरसात के दिनों में यह हिस्सा कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं, रोजाना राहगीरों और स्कूली बच्चों को गिरने व दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बन जाने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के विकास की राह भी खुलेगी। फिलहाल धरा चौराहे से बांकीपुर तक का सफर ग्रामीणों के लिए "मुश्किल और जोखिमभरा" बना हुआ है।

# पड़ोसियों की पिटाई से घायल किशोरी, तीन दिन तक थाने के चक्कर काटती रही

**●मिशन शक्ति की हकीकत पर सवाल, समझौते का दबाव बना रही पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** बारा क्षेत्र के अंतर्गत राज्य सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन बारा थाना क्षेत्र के ललई गांव में हुई घटना ने इन दावों की हकीकत उजागर कर दी है। गांव की किशोरी गीता देवी (18) पुत्री चन्द्रजीत को पड़ोसियों ने विवाद के दौरान बुरी तरह पीट दिया। घायल किशोरी ने पुलिस को लिखित शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई के बजाय पुलिस टालमटोल करती रही। घटना 10 अक्टूबर की रात की है, जब गीता देवी किसी पारिवारिक विवाद को शांत कराने गई थी। उसी दौरान पड़ोसियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता और उसके परिजन




पिछले तीन दिनों से थाने के चक्कर लगा रहे हैं। शिकायत देने के बावजूद न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया गया।पीड़िता के स्वजनों का आरोप है कि पुलिस ने केवल "बोलकर आवेदन लिखवा लिया" और वापस कर दिया। दूसरी बार शिकायत देने के बाद ही मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया, लेकिन अब भी पुलिस दोनों पक्षों पर समझौते का दबाव बना रही है। इस संबंध में इंस्पेक्टर बारा विनोद कुमार सोनकर ने बताया कि झगड़ा नशे में गाली-गलौज के दौरान हुआ था। दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## ब्राह्मण,ठाकुर, बनिया,कोल, चमार आदि जातियों को खुलेआम मां-बहन की गाली देकर दी चुनौती

**प्रयागराज यमुनापार ।** सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का षड्यंत्र सामने आया है। खीरी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सुजनी गांव निवासी एक व्यक्ति ने खुलेआम पाल बिरादरी को छोड़कर सभी जाति-विशेष के लोगों को मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए चुनौती दी है। इसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे सुनकर सभी जाति विशेष के लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों ने पुलिस-प्रशासन को तत्काल प्रभाव से ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लेकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। लोगों ने यहां तक कहा है कि यदि शीघ्र ही इस व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती तो, सामाजिक शान्ति भंग होने की संभावना जताई जा रही है।जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा बार बार सामाजिक विद्वेष न करने की सलाह दी जाती रही है, लेकिन ऐसे लोगों से सामाजिक सौहार्द्र खराब होने की संभावना जताई जाती है। केवल बारा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि जनपद प्रयागराज के सभी लोगों ने उक्त ऑडियो को ध्यान से सुनकर खीरी पुलिस को विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। समय रहते अंकुश न लगाए जाने पर ऐसे लोग निश्चित रूप से समाज के लिए कलंक साबित हो सकते हैं।

# भगवान की लीला तर्क और ज्ञान के बल पर नहीं श्रृद्धा और विश्वास से समझ में आती हैं

**●नीबी लोहगरा भागवत कथा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** परमात्मा परीक्षा और समीक्षा का विषय नहीं है वह तो केवल प्रतीक्षा और सदिक्षा से मिलते हैं। अगर अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर उसे जानना चाहेंगे तो ब्रह्मा को भी मोह हो सकता है। भगवान को जान सकें यह क्षमता मन बुद्धि और वाणी में है ही नहीं अगम्य को कौन जान पाया। पंडित अमरनाथ दूबे के आवास पर भागवत कथा के पंचम दिवस मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल श्रोता समाज के समक्ष उक्त उद्गार व्यक्त किया। आपने कहा कि भगवान भाव के विषय हैं बृज की गोपियों ने मात्र समर्पण और भाव के बल पर भगवान को अपना मित्र बना लिया भगवान कृष्ण ने इन गोपियों के सामने अपने समस्त ऐश्वर्य को छिपा लिया और गोपियों के सुख संवर्धन में तत्पर रहने लगे।नारद भक्ति सूत्र में गोपियों को प्रेम के अंतिम प्रमाण के रूप में स्वीकार किया है। वृंदावन का परमात्मा प्रेम स्वरूप है वहां ज्ञान विज्ञान और तर्क कुतर्क की गति नहीं है।एक दिन ब्रह्मा जी भगवान की लीला देखने आए थे ग्वाल बालों के साथ भगवान को सामूहिक भोजन करते हुए देख कर उन्होंने बुद्धि का प्रयोग किया जो सर्व व्यापक ब्रह्म है जिसमें बारे में वेद भी मौन हो जाते हैं और नेति नेति कह कर अपनी असमर्थता व्यक्त करते हैं वह ग्वालों का जूंठा खा रहा है बस ब्रह्मा जी मोह ग्रस्त हो गये। उन्होंने सारे गोप ग्वाल और गाय बछड़ों को एक कंदरा में बंद कर दिया तथा अपने लोक चले गए इधर भगवान को ब्रह्मा की चतुराई विदित हो गई उन्होंने अपने संकल्प मात्र से



वैसे ही ग्वाल बाल वही गाय बछड़े निर्मित कर दिया।यहा न तो कोई पदार्थ है न जीव है न कर्म है न मन बुद्धि चित्त और अहंकार ही है सब कुछ भगवान ही बन गये।एक वर्ष तक यह लीला चलती रही वृंदावन के किसी स्त्री पुरुष को यह पता नहीं चल रका कि मेरे पुत्र और गाय बछड़ों का रूप धारण करके कृष्ण ही रोज आते जाते हैं यहां तक कि ग्वालों के डंडे गायों के गले में बंधी हुई घंटी भी कृष्ण ही बन गये। वर्ष भर बाद ब्रह्मा ने गुफा का द्वार खोला तो वही ग्वाल बाल बछड़े कंदरा में वही कृष्ण के आगे पीछे यह चमत्कार देख कर ब्रह्मा दंग रह गए। भगवान कृष्ण की स्तुति करते हुए ब्रह्मा ने क्षमा याचना किया और अपनी तुच्छता के लिए पश्चाताप किया।चीर हरण की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए महराज श्री ने कहा कि जीव के ऊपर जो माया का पर्दा पड़ा हुआ है उसकी निवृत्ति ही चीर हरण का तात्पर्य है। ब्रह्म जीव बिच माया जैसी। जीवात्मा और परमात्मा के बीच माया का पट पड़ा हुआ है उस आवरण को भंग करने के बाद ही जीव ब्रह्म का एकीकरण संभव है।कालीय दमन की चर्चा करते हुए आपने कहा कि हमारा अहंकार ही काली नाग है कालीय को 101 फण थे उसी प्रकार हमें भी जाति कुल बल वैभव पद प्रतिष्ठा पद पुत्र पिता आदि के अहंकार के अनेकों फण हैं।इन समस्त संबंधों पर भगवान के चरण अंकित हो जायं सब उनका प्रसाद बन जाए । समझ लो कि कालीय मर्दन हो गया।आज की कथा में भगवान का नाम करण बाल लीला ऊखल बंधन वेणु गीत और गोवर्धन धारण की मार्मिक कथा सुनाकर आपने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।आज कथा में पूर्व ब्लाक प्रमुख पं जय प्रकाश पांडेय ग्राम प्रधान भोला गर्ग पं दिवाकराचार्य त्रिपाठी घनश्याम चतुर्वेदी विदुप अग्रहरि विनोद त्रिपाठी रामानंद त्रिपाठी अनूप त्रिपाठी राकेश चंद्र त्रिपाठी राजेश त्रिपाठी चंद्रमणि मिश्र रामायण प्रसाद शुक्ल रम जी शुक्ला सत्यदेव त्रिपाठी आदि क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे । आयोजक पं अमरनाथ दूबे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं जंगी राम दूबे की स्मृति में यह भव्य कथा महोत्सव रखा है । पं भोलानाथ दूबे पं अभय शंकर दूबे हृदय शंकर दूबे अमिय शंकर दुबे व अनिय शंकर दूबे ने समस्त क्षेत्रीय श्रृद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पधारकर कर कथामृत पान करने का आग्रह किया है।

# चाँद खमरिया कृष्ण मृग संरक्षण क्षेत्र में जिलाधिकारी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**●ईको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की बनी योजना, स्थानीय लोगों को संरक्षण में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को डीएफओ अरविंद कुमार यादव के साथ मेजा तहसील स्थित चाँद खमरिया कृष्ण मृग संरक्षण क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संरक्षण क्षेत्र में मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उनमें सुधार के निर्देश दिए और कृष्ण मृगों के संरक्षण को लेकर आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए पूछा कि हिरणों के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए क्या बेहतर व्यवस्थाएं की जा सकती हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सुझावों पर कार्रवाई करने और व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। वाच टावर से दूरबीन के माध्यम से निरीक्षण के दौरान उन्होंने संरक्षण क्षेत्र में घूम रहे कृष्ण मृगों को देखा और उनके लिए आवश्यक संसाधनों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ब्लैक बकों के लिए पानी की समस्या का समाधान करने हेतु



वॉटर होल की संख्या बढ़ाने और जल स्रोतों का दायरा विस्तारित करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बेलन नहर से निकलने वाली लिंक नहर संरक्षण क्षेत्र से होकर गुजरती है। यदि उसमें पानी की सतत आपूर्ति बनी रहे तो न केवल हिरणों को पीने का पानी मिलेगा बल्कि क्षेत्र में हरियाली भी बढ़ेगी। इस पर जिलाधिकारी ने नहर की सफाई और पानी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवारा कुत्तों द्वारा हिरणों को परेशान करने की जानकारी पर उन्होंने अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को चिन्हित कर संरक्षण क्षेत्र से बाहर करने और निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में रखने के निर्देश दिए।उन्होंने चाँद खमरिया कृष्ण मृग संरक्षण क्षेत्र को ईको टूरिज्म क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाने को कहा, ताकि लोगों में जैव-विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने ग्रामीणों को संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि यह संरक्षण क्षेत्र प्रयागराज के यमुनापार स्थित मेजा तहसील व ब्लॉक में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 126.123 हेक्टेयर है, जिसमें 88 हेक्टेयर ग्राम सभा की जमीन और 38.123 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है। यह प्रदेश का पहला कृष्ण मृग संरक्षण क्षेत्र है। पिछले कुछ वर्षों में यहां कृष्ण मृगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस टीम ने किया वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण




**चित्रकूट:** सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सोमवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम ने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैंक और वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बैंक में सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया एवं ड्यूटि में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने को भी कहा। पुलिस टीम ने बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरे आदि का भी निरीक्षण कर संचालन की जानकारी ली। साथ ही शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता भी की। इस दौरान पुलिस टीम ने बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया।

# स्वदेशी मेले में खरीददारों की भारी भीड़ लोक गायन से कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज, ममफोर्डगंज, प्रयागराज में लगे स्वदेशी मेला प्रदर्शनी में रविवार को भारी भीड़ उमड़ी।

पीसीएस परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने मेले का आनंद लिया और जमकर खरीदारी की। मेले में कालीन उत्पाद, केला व आंवला प्रसंस्करण से बने उत्पाद, मसाले, हैंडमेड वस्तुएं और स्वदेशी सामानों की जबरदस्त बिक्री हुई। दीपावली से जुड़ी सजावटी सामग्री और पूजा सामग्रियों के स्टॉल पर भी खूब भीड़ रही। स्टॉलधारकों ने बिक्री से उत्साहित होकर बताया कि मेले से उनकी आमदनी में अच्छा बढ़ावा मिला है। रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी मेला भ्रमण कर खरीदारी की और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वदेशी मेलों का आयोजन हर त्यौहार पर होना चाहिए, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिले और "लोकल फॉर वोकल" को मजबूती मिले। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। आज शाम इन्द्रजीत पटेल एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत 'बिरहा' गायन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कल 13 अक्टूबर को शाम 7 बजे राजनाथ एवं उनकी टीम द्वारा 'लोकगीत' गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

# दसवीं के छात्र को अराजक तत्वों ने चाकू से किया हमला छात्र गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोरांव,प्रयागराज ।** कोराव में सोमवार दोपहर छात्र पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। छात्र स्कूल से साइकिल पर सवार घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने उसे जबरदस्ती रोक लिया। छात्र के रुकते ही आरोपियों ने बात किए चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। मौके पर जुटे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और छात्र को पहले कोरांव सीएचसी फिर एसआरएन अस्पताल भेजा गया। पुलिस जांच कर रही है। गांव में दहशत है। पूरा मामला कोरांव थाना क्षेत्र का है। कोरांव कस्बा निवासी 15 साल का छात्र संस्कार शुक्ला स्थानीय गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में 10वीं का छात्र है। उसके पिता खेती करते हैं और मां गृहिणी हैं। संस्कार घर का इकलौता बेटा है। परिजनों के मुताबिक, वह पढ़ाई में अच्छा और स्वभाव से शांत है। रोज की तरह सोमवार सुबह भी वह साइकिल से स्कूल गया था। स्कूल से लौटते समय रास्ते में रोककर हमला करीब दोपहर 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद छात्र साइकिल से घर लौट रहा था। कोरांव-नई बस्ती मार्ग पर जैसे ही वह एक सुनसान मोड़ पर पहुंचा ही था कि अचानक पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए और उसे रास्ते में रोक लिया छात्र कुछ समझ पाता, उससे पहले ही एक युवक ने जेब से चाकू निकाला और उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिया हमले में छात्र के गले और कंधे पर गंभीर चोटे आई वह चीखते हुए सड़क किनारे लहूलुहान गिर पड़ा दोनों हमलावर हमले के बाद मौके से भाग निकले रहगीरो ने खून से लथपथ युवक को देखा तो सन्न रह गए चीख सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे छात्र को खून से लथपथ हालत में देख लोगों ने सीएससी कोराव ले गए वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे एसआरएन



अस्पताल रिफर कर दिया घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर के परिजन अस्पताल पहुंच गए और बेटे की हालत देख कर पिता रोने 4और मां बेसुध हो गई कोराव थाना प्रभारी राकेश वर्मा घटना की जांच सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू कर दी है घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी मेजा संत सरोज उपाध्याय मौके पर पहुंच कर परिजनों को हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही और हमलावरों को सीसीटीवी फुटेज से पहचान किया जा रहा है।

# जमुना वैली पब्लिक स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति 5.0" के तहत नगर जोन के थाना करैली में गठित एंटीरोमियो स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जमुना वैली पब्लिक स्कूल मे छात्र/छात्राओं की समस्याएं सुनी गयीं तथा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर क्राइम-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र, एण्टी-रोमियो स्क्वाड व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

**जागरूक करने वाली पुलिस टीम–**

1. म0उ0नि0 रंजू शाक्य, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।
2. म0उ0नि0 प्रिया यादव, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।
3. म0का0 सीमा यादव, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।
4. म0का0 आरती सिंह, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।




5. का0 मुकेश कुमार, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।
6. का0 अरविन्द कुमार, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।
7. हो0गा0 खुर्शीद आलम, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# संक्षिप्त खबरें

## पति सहित पाँच पर हत्या का आरोप, हिरणपुर थाना में मामला दर्ज

**हिरणपुर, पाकुड़, झारखंडः-** हिरणपुर थाना क्षेत्र में बिंदु देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने सनसनी फैला दी है। मृतका के भाई माखन लाल साह (उम्र लगभग 42 वर्ष), पिता स्व. केदार साह, निवासी छोटा बोआरीजोर (थाना बोआरीजोर, जिला गोड्डा) के लिखित आवेदन पर पुलिस ने मृतका के पति सहित पाँच लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन बिंदु देवी (उर्फ बिन्जु कुमारी) की हत्या फांसी लगाकर की गई और बाद में गले पर पाउडर लगाकर दाग मिटाने का प्रयास किया गया। आवेदन के आधार पर हिरणपुर थाना कांड संख्या 101/25, दिनांक 12 अक्तूबर 2025 के तहत पुलिस ने आकाश कुमार साह (32 वर्ष), उनके पिता राजेन्द्र साह (60 वर्ष), माता सुनिता देवी (55 वर्ष), भाई रविरंजन साह – सभी निवासी थाना हिरणपुर, जिला पाकुड़ – तथा राधिका गुप्ता (42 वर्ष), पत्नी सुनिल गुप्ता, निवासी थाना रामपुरहाट, जिला बीरभूम (पश्चिम बंगाल) को नामजद अभियुक्त बनाया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## सिरसा गांव में सेविका चयन को लेकर हुआ हंगामा, चयन प्रक्रिया हुई स्थगित



**मंडरो, झारखंडः-** मंडरो प्रखंड अंतर्गत बच्चा पंचायत में स्थित सिरसा गांव में आंगनबाड़ी चयन को लेकर ग्रामीणों के बीच काफी हल्ला गुल्ला रहा। जिसके कारण सेविका चयन प्रक्रिया को तत्काल स्थगित कर दिया गया है। इस मामले को लेकर मंडरो सीडीपीओ पवन कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सेविका चयन के समय एएनएम, पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति की उपस्थिति नहीं होने के कारण ग्राम सभा का कॉलम पूरा नहीं हो पाया।ग्राम सभा के लिए कम से कम चयन समिति के चार सदस्य का होना अनिवार्य है।लेकिन चार सदस्य नहीं होने के कारण सिरसा में सेविका चयन की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित किया गया। इसके अलावा कई ग्रामीण शराब पीकर सभा के दौरान हल्ला गुल्ला करने लगे थे। साथ ही साथ ग्रामीणों के द्वारा सीडीपीओ को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाया है कि सेविका चयन का स्थान सिरसा संथाली स्कूल से बदलकर उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय सिरसा कर दिया जाए। क्यों सिरसा संथाली विद्यालय में चार चार बार सेविका के चयन के समय लोगों के द्वारा हल्ला गुल्ला होने के कारण चयन की प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है।इसलिए हम सभी ग्रामीणों के द्वारा लिखित आग्रह किया जा रहा है कि अगले सेविका चयन के समय स्थान बदलकर उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय सिरसा कर दिया जाए।ताकि शांतिपूर्ण रूप से नियमानुसार सेविका का चयन हो सके।

## दीपावली में मिट्टी के दीयों से बढ़ेगी घरों की रौनक



**बलरामपुर उतरौला।** दीपावली नजदीक आते ही पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को जीवित रखने वाले कुम्हार परिवारों के कार्य में तेजी आ गई है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी अपनाओ संदेश के बाद इस बार मिट्टी के दीयों की खरीद में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। पारंपरिक दीयों के साथ कलश, धूपदानी, दीप पात्र, गुल्लक और बच्चों के खिलौने भी कारीगरों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। कुम्हार मनीराम प्रजापति ने बताया कि महंगाई के चलते मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। दीपावली के अवसर पर उतरौला नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मिट्टी के दीयों की मांग हर साल की तरह इस बार भी अधिक है, लेकिन निर्माण में लागत बढ़ने के कारण उनके दाम महंगे हो गए हैं। क्षेत्रवासी राम कुमार, सरोज कुमार, जितेंद्र गुप्ता व मंगल प्रसाद का कहना है कि मिट्टी के दीयों से घरों की सजावट और दीपोत्सव की असली रौनक बनती है। कुम्हार परिवारों की कला और परिश्रम के कारण ही यह परंपरा जीवित है। लागत ज्यादा आने से व्यापारी इन दीयों को महंगे दामों पर बेचते हैं। ऐसे में अधिकतर लोग सस्ती चीन की बनी झालरों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शनन्मांगें न मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी, न्यायिक कार्य बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** कलक्ट्रेट में न्याय व्यवस्था की खामियों को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन तेज हो गया है। बलिया कलेक्ट्रेट परिसर में लगभग एक माह से चल रहे आंदोलन के क्रम में धरना प्रदर्शन सोमवार को भी छठवें दिन जारी रहा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध कर रहे अधिवक्ताओं का मुख्य निशाना जिलाधिकारी (डीएम) हैं। उन पर मांगों को अनदेखा करने और केवल आश्वासनों तक सीमित रखने का आरोप लगाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, धरना समाप्त नहीं होगा और न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। अधिवक्ताओं की मुख्य मांगों में चकबंदी अधिनियम की धारा 27/3 और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 209 जे के तहत लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करना शामिल है। उनका कहना है कि जिले में हजारों पुराने मामले लंबे समय से अटके हुए हैं, जिससे पक्षकारों को परेशानी हो रही है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय से गायब पत्रावलियों को उपलब्ध कराने और वादकारियों के लिए बैठने व पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने की भी मांग की गई है। 'तजबिजनिशानी' पर भी ध्यान देने की बात कही गई है।यह आंदोलन अब पूरे जिले की अन्य बार एसोसिएशनों का समर्थन हासिल कर चुका है। सिविल बार एसोसिएशन और क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने भी कलेक्ट्रेट बार की मांगों का खुला समर्थन किया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जिलाधिकारी ने 15 सितंबर को पारित प्रस्ताव को गंभीरता से नहीं लिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि आश्वासन तो बहुत दिए गए, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे न्याय व्यवस्था कमजोर हो रही है। अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना जारी रखा है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन और कड़ा रूप धारण कर सकता है।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर, 48 टीमों ने लिया हिस्सा, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला मंच



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** सांसद खेल महामहोत्सव के तहत बिरसा मैदान डुमरी में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ता ही जा रहा है। इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उचित मंच प्रदान किया है। खिलाड़ियों ने इस सफल आयोजन के लिए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और सहयोग के लिए बरही विधायक मनोज यादव के प्रति आभार प्रकट किया है।आयोजक समिति के अध्यक्ष सह मुखिया बिरेन्द्र रजक ने बताया कि टूर्नामेंट में चौपारण प्रखण्ड की कुल 48 टीमों ने हिस्सा लिया है और सभी टीमों का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। समिति के सचिव विजय यादव ने बताया कि अब तक खेले गए मुकाबलों में गंगाआहार, टोईया, अमझर, गोविंदपुर, भटबिगहा, कोरियाडीह, डेबो, चौपारण, चक, डेबो, परतापुर, कान्हाचक, सेलहारा और सेलहारा खुर्द की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के कोषाध्यक्ष सहदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष अशोक यादव और विजय मद्देशिया, उप सचिव बिनोद सिंह और मंटू सिंह, संयोजक बालेश्वर राणा और विकास रजक, नारायम साव, बसंत साव, देवल यादव, भोला राणा, तथा रेफरी सुनील यादव और उमेश पासवान सहित समिति के कई सदस्य महती भूमिका निभा रहे हैं।

## सड़कों पर पसरा अन्ना मवेशियों के साम्राज्य

**मड़ावरा।** लाखों रुपये खर्च किये जाने बावजूद क्षेत्र में अन्ना गौवंशों का हाल जस का तस बना हुआ है। नाममात्र के लिये संचालित होते दिख रहे गौवंश आश्रय स्थलों पर व्यवस्थायें जैसी भी हों लेकिन सैंकड़ों की सं या में घूम रहे अन्ना गौवंशों का साम्राज्य सड़कों पर फैलता जा रहा है, सड़कों पर बैठे मवेशियों के बड़े-बड़े झुंड सड़क हादसों का सबब बन हुये हैं। ग्राम पंचायत गिरार के डगडगी में गौ आश्रय स्थल संचालित है लेकिन उससे कुछ सौ मीटर दूर ही दर्जनों अन्ना गौवंश धसान नदी के पुल को अपना आश्रय स्थल बनाये हुये हैं। यूपी-एमपी दोनों तरफ से लोग इन अन्ना गौवंशों को पुल की तरफ खदेड़ देते हैं। वहीं तहसील मु यालय पर भी ब्लॉक कार्यालय से गिरार तिराहे तक मु य सड़क पर भी कई जगह अन्ना गौवंशों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे यातायात बाधित होने के साथ ही हो रहे सड़क हादसों में राहगीर भी घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अन्ना मवेशियों को महज दिखावे के लिये गौवंश आश्रय स्थल ले जाया जाता है जिन्हें आश्रय स्थल भेजने की बजाय बीच रास्ते में ही छोड़ दिया जाता है। ग्रामीण किसानों ने स्थानीय प्रशासन से अन्ना गौवंशों को आश्रय स्थलों में व्यवस्थित कराये जाने की मांग की है।

# बलिया में पेंशनरों ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन-सीएम के नाम डीएम प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** कलेक्ट्रेट में सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारी कल्याण समिति के सदस्यों ने अपनी 20 सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा। समिति के सदस्यों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में पेंशनरों के लिए विभिन्न वित्तीय और सेवा संबंधी सुधार शामिल हैं। उन्होंने सरकार से इन मांगों पर तत्काल विचार करने का आग्रह किया। पेंशनरों की राशिकरण कटौती की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने की मांग की गई। साथ ही, पेंशनरों को देय अतिरिक्त धनराशि की आयु सीमा 100 वर्ष के स्थान पर 85 वर्ष, 95 वर्ष के स्थान पर 80 वर्ष और 80 वर्ष के स्थान पर 75 वर्ष करने की बात कही गई। न्यूनतम पेंशन को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत और पारिवारिक पेंशन को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की भी मांग की गई। समिति ने सेवानिवृत्त शिक्षकों, स्वायत्त संस्थाओं, निगम बोर्ड आदि की पेंशन को हर 10 वर्ष पर पुनरीक्षित करने की मांग की। केंद्रीय कर्मियों की भांति चिकित्सा भत्ता पेंशन में प्रदान करने और जिन विभागों द्वारा पेंशन का भुगतान किया जाता है, उसे कोषागार से किए जाने हेतु शासनादेश जारी करने की अपील की गई। सातवें वेतन आयोग से संबंधित एरियर का अविलंब भुगतान भी उनकी मांगों में शामिल था। तदर्थ कार्यप्रभारित (वर्कचार्ज) सहायक नलकूप चालक एवं संविदा कर्मियों की सेवा अवधि को पेंशन एवं पेंशनरी लाभ हेतु अर्ह मानने की मांग की गई। पेंशनर की मृत्यु की दशा में पारिवारिक पेंशनरों को जीवित अवस्था तक अनुमोदित करने तथा पेंशनर की मृत्युपरांत आश्रित पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री को पूर्ण पेंशन प्रदान करने की बात भी रखी गई। प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों एवं अन्य को भी चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने, पेंशनरों पर पूर्ण आश्रित विधवा पुत्री एवं विधवा पुत्रवधु को पारिवारिक पेंशन प्रदान करने की मांग की गई। 70 वर्ष की अवस्था के उपरांत पेंशनरों को एक सहायक के साथ परिवहन में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करने की भी अपील की गई। न्यायालय एवं राज्य सूचना आयोग द्वारा अधिरोपित दंड के संदर्भ में अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने और अपीलकर्ता को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत हर्जा-खर्चा देय करने की मांग भी शामिल थी। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भ्रमण की सुविधा निःशुल्क प्रदान करने, पेंशनरों को आयकर से मुक्त करने और आठवें वेतन आयोग का गठन करने की भी मांग की गई। इस प्रदर्शन के दौरान बरमेश्वर नाथ पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, रामनाथ राम, अविनाश उपाध्याय, दीनानाथ सिंह, प्रभुनाथ राम, ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र नाथ शुक्ला सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## कोषागार में नए अभिलेखागार का भूमि पूजन

### ●डीएम ने कहा-अभिलेखागार से कोषागार के कार्य होंगे अधिक व्यवस्थित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** कोषागार में नए अभिलेखागार का भूमि पूजनन्डीएम ने कहा-अभिलेखागार से कोषागार के कार्य होंगे अधिक व्यवस्थित बलिया के वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रस्तावित अभिलेखागार का भूमि पूजन सोमवार को संपन्न हुआ। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह पूजन किया। इसका आयोजन कोषागार के मुख्य द्वार के समीप किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे ने बताया कि पुराने अभिलेखों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए अभिलेखागार की स्थापना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह नया अभिलेखागार कोषागार के कार्यों को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अभिलेखागार की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसी व्यवस्थाएं न केवल प्रशासनिक सुगमता लाती हैं, बल्कि दस्तावेजों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर बी.एन. पाण्डेय, चन्द्रदेव मिश्र, प्रेम सुख श्रीवास्तव, डॉ. अखिलेश राय, डॉ. विजय आर्य, डॉ. आर.बी.एन. पाण्डेय, हरदेव राय, अनिल पाण्डेय, आबिद अली, अनिल गुप्ता, रीना मिश्र, प्रेम शीला तिवारी और प्रमोद श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक



**गैसड़ी।** क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी के उतरौला-पचपेड़वा-चंदनपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने पचपेड़वा को तहसील और पिपरा को ब्लॉक का दर्जा प्रदान करने के साथ-साथ चित्तौड़गढ़ जलाशय को पर्यटन स्थल का दर्जा देने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## प्रोजेक्ट परख 2.0 के तहत कक्षा 10 के विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों की विशेष बैठक हुई आयोजित



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रोजेक्ट परख 2.0 कार्यक्रम के आलोक में ग्राम चौकीसाल स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने तथा विद्यालय में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 के विद्यार्थी, उनके अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सीरमा में तीन दुधारू गायों की जलकर मौत, एक बछड़ा झुलसा

### ●पीड़ित परिवार ने मुआवजे की लगाई गुहार, जनप्रतिनिधियों ने लिया घटना स्थल का जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के सीरमा नया खाप गांव में रविवार की रात करीब आठ बजे आग लगने की दर्दनाक घटना सामने आई। इस अग्निकांड में गांव के ही निवासी मुकेश साव पिता स्वर्गीय चान्दो साव के खटाल में आग लग जाने से तीन दुधारू गायों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार, घटना के वक्त मुकेश साव अपने घर पर भोजन कर रहे थे, जो खटाल से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसी दौरान ग्रामीणों ने खटाल से उठती तेज लपटें देखीं और शोर मचाते हुए मुकेश साव को सूचना दी। जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने पूरे खटाल को अपनी चपेट में ले लिया था। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक खटाल और मवेशियों का सबकुछ राख हो चुका था। पीड़ित मुकेश साव ने बताया कि उन्हीं दुधारू गायों के दूध से परिवार का पालन-पोषण होता था। अब तीनों गायों के जल जाने से परिवार आर्थिक संकट में पड़ गया है। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा और सहायता की गुहार लगाई है। घटना की जानकारी मिलते ही कार्यकारी मुखिया प्रवीण सिंह और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद साहू मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। वहीं भाजपा नेता मुकुंद साव भी घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र ही आर्थिक सहायता मुहैया कराने की मांग की है। इधर, ख़बर लिखे जाने तक आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच की मांग की है।

# विवेकानंद छठ पूजा समिति की नई कमेटी का हुआ गठन

### ●उपहार योजना बंद, जनसहयोग से होगी भव्य पूजा की तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय सभागार में बीते रविवार को विवेकानंद छठ पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विनोद कुमार गुड्डू ने की। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। नई कार्यकारिणी में रमेश प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया है। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजेंद्र यादव, अरुण साहू, राजेश विश्वकर्मा, विजय प्रसाद, शिवकेश्वर यादव, श्रवण प्रसाद और राजेश चंद्रवंशी को सौंपी गई है। सचिव पद पर आनंद वर्मा को मनोनीत किया गया है, जबकि सह सचिव के रूप में संजीव आजाद, अजय वैद्य, आशीष गुप्ता और अंकित कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रंजन विश्वकर्मा एवं चंद्रभूषण केसरी को सौंपी गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष उपहार योजना के तहत चलने वाला लकी ड्रॉ कार्यक्रम बंद रहेगा। समिति ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष छठ महापर्व की सभी तैयारियां जनसहयोग के माध्यम से की जाएंगी। समिति द्वारा पूर्व की भांति घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति पूजन, जलावन, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि छठ महापर्व के दौरान क्षेत्र की अन्य समितियों – देवनद-दामोदर छठ पूजा समिति, युवा भारत संगठन, और श्रीश्री छठ पूजा सेवा समिति, थाना टोली – के साथ आपसी सहयोग से एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, आनंद वर्मा, कृपाचार्य सिंह, रिंकू कुमार, दुलारचंद बैठा, सौरभ श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, रिकी वर्मा, मोनू कुमार, अक्षय यादव, कमलेश कुमार, रूपेश कुमार, सौरव श्रीवास्तव, मनोज कुमार, सुभाष कुमार, रंजन कुमार, मन्नू गुप्ता, मनीष सिंह, धनंजय चौधरी, जनार्दन प्रसाद, सत्येंद्र वर्मा और मुकेश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में समिति सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के अंत में भव्य एवं सौहार्दपूर्ण छठ महापर्व संपादन का संकल्प लिया गया।

## 65 वर्षीय वृद्ध ने 5 वर्षीय बच्ची से किया रेप



**बेल्थरा रोड की घटना, आरोपी को किया गिरफ्तार**

उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 65 वर्षीय वृद्ध पर 5 वर्षीय मासूम से रेप का आरोप लगा है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की। आरोपी वृद्ध को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के संबंध में फिलहाल तहरीर लिखी जा रही है, जिसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## सुभासपा कल पटना में करेगी प्रत्याशियों की घोषणा

### ●बलिया में राष्ट्रीय महासचिव बोले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** बलिया पहुंचेसुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने घोषणा की पार्टी बिहार में 153 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बलिया के बेरूआरबारी में मीडिया से बात की। सुभासपा कल यानी मंगलवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM)और तेज प्रताप यादव के दल से बात चल रही है। अंतिम फैसला आज रात तक होने की संभावना है। राजभर ने बताया-NDA के साथ सीट बंटवारे को लेकर बात नहीं बनी, क्योंकि बिहार के स्थानीय संगठन ने पार्टी आलाकमान को गलत रिपोर्ट दी थी। उन्होंने कहा कि एक भी सीट न मिलने पर राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने सुभासपा को पांच सीटों का प्रस्ताव दिया था, जिसे पार्टी ने अस्वीकार कर दिया। वर्तमान में, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और तेज प्रताप सहित कई दलों से गठबंधन पर चर्चा जारी है। अरविंद राजभर ने ND को आगाह करते हुए कहा कि एक हाथ से ताली नहीं बजती। उन्होंने उन लोगों को भी चुनौती दी जिन्होंने सुभासपा के पास 500 वोट भी न होने की बात कही थी, और कहा कि जब वे 500 वोटों से हारेंगे तब उन्हें पता चलेगा। राजभर के अनुसार, सुभासपा के चुनाव लड़ने से 'इंडिया' गठबंधन और ND दोनों को फायदा या नुकसान हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि सुभासपा बिहार में अपने एजेंडे पर चुनाव लड़ेगी। राजभर ने दावा किया कि RJD, JDU, लोजपा और बीजेपी के कई नेता सुभासपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सुभासपा को सीटें देने की वकालत की थी, लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं हुए। अंत में, उन्होंने बिहार में हुई जनगणना को गलत बताया।

## कांग्रेस के किसान स्वाभिमान रैली में उमड़े लोगः शहीद किसानों को किया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. आलोक रंजन के संयोजन में रविवार को किसान स्वाभिमान रैली का आयोजन किया गया । अनेक ट्रैक्टरों पर सवार कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान गोटवा कस्बे में एकत्र हुये। रैली गोटवा से चलकर बड़ेवन, जिला अस्पताल, ओडवारा होते हुये मुण्डेरवा किसान शहीद स्मारक पहुंची। यहां शहीद किसानों को माल्यार्पण के बाद किसान समस्याओं पर चर्चा की गई। किसान स्वाभिमान रैली संयोजक डा. आलोक रंजन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। देश में किसान, नौजवान दोनों परेशान है। भाजपा की सरकार में ऐसी नीतियां बनायी जा रही है जिससे मुनाफा बड़े पूंजीपतियों की जेब में जा रहा है। कहा रैली का उद्देश्य जन जागरण कर लोगों को कांग्रेस के नीति, कार्यक्रम से जोड़ना है। कांग्रेस की मजबूत सरकार बनने पर ही समस्याओं का समाधान होगा। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जनहित के सवालों को लेकर निरन्तर संघर्ष जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि प्रदेश में आये दिन दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हो रहा है। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है, बेरोजगार नौजवानों को नौकरियों से साजिशन वंचित किया जा रहा है। इन सवालों को लेकर कांग्रेस का संघर्ष निरन्तर जारी है। मुण्डेरवा में किसान स्वाभिमान रैली को डा. वाहिद अली सिद्दीकी, संदीप श्रीवास्तव, रामपूरन चौधरी, अलीम अख्तर, सुधीर यादव, लालजीत पहलवान, दूधनाथ पटेल आदि ने सम्बोधित करते हुये किसानों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुये संघर्ष पर जोर दिया। किसान स्वाभिमान रैली में डा. दूधनाथ पटेल,सुधीर यादव सर्वेश शुक्ला,आनंद निषाद नफीस अहमद, राम धीरज चौधरी, अनिल भारती, मोहम्मद अशरफ अली,लालजीत पहलवान, सद्दाम हुसैन, विजय प्रकाश चौधरी, प्रमोद, संजय, राजन्नु, अमरेश, गौरव पाण्डेय, संतोष, उदयभान, महेंद्र चौधरी , विवेक , घनश्याम चौधरी, लाल बहादुर चौधरी, बसंत, शेरू, ध्रुव चंद्र चौधरी, अरविंद चौधरी , सर्वेश चौधरी, वीरू सिंह, आलोक चौधरी, राजेंद्र सिंह , आलोक वर्मा, घनश्याम चौधरी , के.एल. चौधरी, मनीष चौधरी, पप्पू मिश्रा, सुनील चौधरी, राम केवल चौधरी, रवीन्द्र कुमार, सत्य प्रकाश चौधरी, रिंकू वर्मा, राकेश मिश्रा, शिव नाथ चौधरी, आलोक तिवारी, नाटे चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, योगेश्वर सिंह, सूरज वर्मा, दीवान चंद चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, राजकुमार ,प्रिंस, डॉ. सुरेन्द्र ,दुर्गेश, इंसान अली, आर.के. सिंह, सुरेन्द्र, अरविंद चौधरी, तेज बहादुर, गिरिजा शंकर चौधरी, मंटू, अवधेश सोनी, आशीष सिंह, शेषराम, जय प्रकाश, उमा शंकर पटेल, चन्द्र किशोर, डॉ. संदीप चौधरी, सुभाष चौधरी, राहुल यादव , राजित राम राम बहादुर चौधरी , गब्बर चौधरी बुद्धिराम चौधरी, दिवाकर भट्ट, चंद्रशेखर चौधरी, विशाल, प्रिंस, बलराम चौधरी, डॉ. सी.एस. चौधरी, दीपक चौधरी, डॉ. सी.एम. पटेल, राजा मिश्रा, जनार्दन, यदुवंशी यादव, डॉ. चंद्रशेखर, सुखराम पटेल, अब्दुल कलाम, सोलई, पप्पू, राजन , बजरंगी यादव, भोला यादव, जैसराम चौधरी के साथ ही अनेक कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, क्षेत्रीय नागरिक, किसान शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर पूर्वांचल की दो बेटियां चमकीं




**कैंसर, कोविड के औषधि खोज के शोध पर मिला पुरस्कार**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की दो छात्राओं ने बॉयोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट शोध के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय और पूर्वांचल का नाम रोशन किया। लखनऊ स्थित हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वेलनेस कॉन - 2025 में एम.एससी. बॉयोटेक्नोलॉजी की छात्रा आतिफ़ा हफ़ीज़ को कोविड-19 और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु औषधि खोज पर आधारित उनके शोध एवं प्रभावशाली ऑरल प्रेजेंटेशन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला।वहीं, श्रेया सिंह को कैंसर रिसर्च और सेल डेथ मैकेनिज्म पर आधारित नेक्रोप्टोसिस से कोशकीय मृत्यु में क्ष्ष्ररू-2 प्रोटीन के प्रभाव पर उनके पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया। यह उपलब्धि विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और 9 पद्मश्री सम्मानित विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति वाले इस प्रतिष्ठित मंच पर हासिल हुई। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की यह दोहरी सफलता न केवल शिक्षा और शोध के उच्च मानकों को दर्शाती है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का प्रतीक है।

### ओबरा सोनभद्र मां रेनूका छठ घाट पर सामाजिक प्रगति परिषद की दूसरी बैठक संपन्न



**ओबरा, सोनभद्र।** आगामी भव्य देव दीपावली कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए ओबरा सोनभद्र के सेक्टर 3 स्थित रेणुका छठ घाट पर 12 अक्टूबर 2025 को सामाजिक प्रगति परिषद के तत्वाधान में दूसरी महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संकट मोचन झा ने की, जबकि (सुशील मिश्रा संग्राम) और अरविंद सोनी ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। बैठक में मुख्य रूप से देव दीपावली के भव्य आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन पिछले 10 सालों से मां रेणुका छठ घाट पर एक विराट रूप ले चुका है।इस वर्ष देव दीपावली कार्यक्रम को और अधिक भव्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।कार्यक्रम में कला का प्रदर्शन करने के लिए तीन सुपरस्टार कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा, जो इसे और भी आकर्षक बनाएंगे। बैठक के दौरान कुछ प्रमुख पदाधिकारियों को उनके पद और कार्यभार सौंपे गए, ताकि कार्यक्रम की तैयारियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में सामाजिक प्रगति परिषद के सैकड़ों की संख्या में सदस्य और शहर के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रेणुका छठ घाट पर होने वाला यह देव दीपावली समारोह अब एक बड़ा सामाजिक और धार्मिक पर्व बन चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष भी इसे ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ संरक्षक अनिल राय, आलोक पाण्डेय, रणजीत तिवारी, कार्यक्रम संयोजक अक्षय पाण्डेय, समीर माली, शुभम पटेल, कुमार सौरभ सिंह, परवेज अहमद, अभिषेक सेठ, विकास पाठक, मुकेश पांडे, अक्षय पांडे, उमेश राम ,विमल कांत दुबे, कुमार सौरभ सिंह पत्रकार विकास हलचल, अजीत सिंह इत्यादि सैकड़ों कार्यकता मौजूद रहे।

### युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल द्वारा छात्राओं को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा बाबूलाल इण्टर कालेज मऊदारा विकास खण्ड-कुण्डा के विद्यालय की छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, महिला सशक्तिकरण, महिला हेल्प लाइन 181, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय एकीकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषय पर अभिनव शुक्ल क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी कुण्डा द्वारा गोष्ठी कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# शाहगंज में पुलिस पर सियासी दबाव का असर- ड्यूटी निभाने की 'सज़ा' बन गया तबादला

**●सामान्य प्रक्रिया के तहत उनका हुआ स्थानांतरण क्षेत्राधिकारी शाहगंज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर-** शाहगंज थाना क्षेत्र में पुलिस पर सियासी दबाव का असर एक बार फिर स्पष्ट रूप से सामने आया है। कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों के तबादले अब चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं। बीते दिनों दुर्गा पूजा शोभायात्रा के दौरान डीजे को लेकर विवाद हुआ था, जिसे तत्कालीन कोतवाल दीपेंद्र सिंह ने सख़्ती से नियंत्रित किया था। परंतु उनके इस पेशेवर रवैये का नतीजा यह निकला कि कार्रवाई के मात्र दो दिन बाद ही उनका तबादला केराकत कोतवाली कर दिया गया। अब एक बार फिर वैसा ही मामला इमरानगंज चौकी में सामने आया है। शनिवार शाम एक ऑटो और बुलेट के बीच मामूली टक्कर ने बड़ा रूप ले लिया। बताया जाता है कि बुलेट सवार दबंग युवक अर्पित श्रीवास्तव ने ऑटो चालक मनीष कुमार प्रजापति की सरेआम पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सैयद हसन रिज़वी हमराहियों के साथ मौके पर पहुँचे और बीचबचाव करते हुए आरोपी युवक को पकड़कर चौकी ले आए। लेकिन इसके बाद हालात बिगड़ गए कुछ ही मिनटों में चौकी के बाहर भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने उपनिरीक्षक के धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ तक कर दीं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी पिछली घटनाओं के दबाव में चुप्पी साधे रहे। पीड़ित ऑटो चालक मनीष प्रजापति ने मारपीट की तहरीर थाने में दी, लेकिन अब तक न तो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज हुआ है और न ही शांति भंग की धाराओं में कोई कार्रवाई की गई है। इसके उलट, घटना के 24 घंटे के भीतर ही चौकी प्रभारी सैयद हसन रिज़वी का तबादला सिकरारा थाने में कर दिया गया। स्थानीय लोगों में इस घटनाक्रम को लेकर तीखी नाराज़गी है। लोगों का कहना है कि शाहगंज में पुलिसकर्मी अब निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय "ऊपर से दबाव"देखने को मजबूर हैं। सवाल यह भी उठ रहा है

क्या शाहगंज की पुलिस अब सत्ताधारी दल की इच्छा के अनुसार काम करने को विवश है? क्या अब ड्यूटी निभाने की 'सज़ा' तबादला के रूप में दी जाएगी? इस संबंध में क्षेत्राधिकारी (C O) शाहगंज अजीत सिंह ने बताया कि, उपनिरीक्षक सैयद हसन रिज़वी का तबादला इस घटना के कारण नहीं किया गया है। वह काफी समय से इस चौकी पर तैनात थे और सामान्य प्रक्रिया के तहत उनका स्थानांतरण किया गया है। हालाँकि, स्थानीय स्तर पर लोगों का मानना है कि तबादलों का समय और घटनाओं की कड़ी एक अलग कहानी बयान कर रही है। फिलहाल, लगातार हो रहे तबादलों और कार्रवाई की कमी ने न केवल पुलिस की निष्पक्षता, बल्कि प्रशासनिक ईमानदारी और साख दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

# रसोईघर के अपशिष्ट से बन सकेगी ऊर्जा: प्रो. ओपी. सिन्हा

**●आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम: कुलपति**

**पीयू में "एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स फॉर एनर्जी एप्लिकेशंस"पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के सेंटर फॉर रिन्यूएबल एनर्जी एवं प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिक विज्ञान अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में "एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स फॉर एनर्जी एप्लिकेशंस"विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह सेमिनार विश्वविद्यालय को प्राप्त भारत सरकार के डीएसटी-पर्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में प्रो. ओपी सिन्हा, निदेशक, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा ने अपशिष्ट पदार्थों से ऊर्जा के संचयन की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रसोईघर से उत्पन्न सब्जियों और अन्य जैविक अपशिष्टों से ऊर्जा संचयन हेतु उच्च दक्षता वाले सुपरकैपेसिटर उपकरण विकसित किए जा सकते हैं।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह कहा कि भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उच्च दक्षता वाले फंक्शनल मटेरियल्स के विकास की आवश्यकता है। इन पदार्थों के माध्यम से देश में ऊर्जा उपकरणों के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ेगा।

एम.एन.एन.आई.टी. प्रयागराज से प्रो. एस. एन. पांडेय ने सुपरकैपेसिटर और बैटरियों के लिए उपयोगी उन्नत पदार्थों के गुणधर्मों पर चर्चा की। वहीं डॉ. उपेन्द्र कुमार ने फ्यूल सेल निर्माण और हाइड्रोजन ऊर्जा के विकास में फंक्शनल पदार्थों की भूमिका पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। आई.आई.टी. इंदौर से प्रो. मृगेन्द्र दुबे सॉफ्ट पदार्थों के ऊर्जा क्षेत्र में अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की।विभिन्न तकनीकी सत्रों में आमंत्रित विशेषज्ञों ने अपने शोध अनुभव साझा किए। रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में फंक्शनल एवं नैनोस्ट्रक्चर्ड पदार्थों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ईंधन, उच्च क्षमता वाली बैटरियों और ऊर्जा भंडारण तकनीकों के विकास में ये पदार्थ नवाचार का आधार बन रहे हैं। विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने कहा कि ऊर्जा दोहन के क्षेत्र में हमें सूक्ष्मजीवी प्रणालियों के माध्यम से ऊर्जा प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वहीं अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. देवराज सिंह ने भारतीय परिप्रेक्ष्य में सौर ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. धीरेंद्र कुमार चौधरी ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉ. काजल कुमार डे और डॉ. सुजीत के. चौरसिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. गिरधर मिश्रा, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. पुनीत धवन, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. शशिकांत, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. रमांशु सिंह, डॉ. दिनेश वर्मा, तथा संस्थान से आदि उपस्थित रहे।

# सोनांचल संघर्ष वाहिनी के नेतृत्व में पटना के आदिवासियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, वन विभाग पर उत्पीड़न का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र।** जिले के चतरा ब्लॉक अंतर्गत पटना गांव के करीब दो सौ आदिवासी परिवारों ने सोमवार को अपनी पुश्तैनी जमीन पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ सोनांचल संघर्ष वाहिनी (सोसंवा) के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आदिवासियों ने मांग की कि उन्हें वनाधिकार अधिनियम के तहत उनकी काबिज जमीन का पट्टा दिया जाए।प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने वन विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पटना गांव के गंदूडीह टोले में करीब 200 आदिवासी परिवार अपने बाप-दादा के जमाने से लगभग डेढ़ सौ बीघा जमीन पर जोत-कोड (खेती) करते आ रहे हैं। रोशनलाल यादव ने बताया कि इन आदिवासियों की जीविका का मुख्य साधन यही खेतिहर जमीन है, जिसके सहारे दो सौ परिवारों की रोजी-रोटी चलती है। लेकिन, अचानक वन रेंज पटना के अधिकारी और कर्मचारीगण उन्हें जबरन खेती करने से रोक रहे हैं, जो सरासर गलत और उत्पीड़नकारी है।सोसंवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस मामले को अत्यंत गम्भीर बताते हुए जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को न्याय तभी मिलेगा जब जिला प्रशासन इस मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित वन समिति का गठन करे और वनाधिकार अधिनियम (Forest Rights Act) के तहत इन काबिज जमीनों का पट्टा इन आदिवासियों को प्रदान करे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अमरनाथ चेरो ने जोर देकर कहा कि वन रेंज पटना द्वारा इन आदिवासियों के खिलाफ की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाही को तत्काल बंद किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के बाद, सोनांचल संघर्ष वाहिनी के कार्यकर्ताओं और सैकड़ों आदिवासियों ने अपनी मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित करते हुए उनके प्रतिनिधि रामलाल यादव को सौंपा। डीएम प्रतिनिधि रामलाल यादव ने आंदोलनकारियों का ज्ञापन लिया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में शामिल होने वालों में दीपक गिरी, संदीप जायसवाल, सुदर्शन चेरो, अन्नू खां, सलमान खान, बलवंत यादव, ईश्वर चेरो, सियाराम चेरो, राजू चेरो, रामराज चेरो, जोगेंद्र चेरो, कमलेश चेरो, शांति, सुशीला, पुनिया, मुनिया लालता, पंकज कुमार और नेपाली चेरो समेत सैकड़ों की संख्या में आदिवासी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बच्चों को लेने गए श्री कृष्णा की अचानक हार्ट अटैक से मौत, पत्रकार ने पहुंचाया अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा, सोनभद्र।** ओबरा स्थित आर्य विद्या मंदिर स्कूल के पास आज मानवता और त्रासदी दोनों का संगम देखने को मिला, जब बच्चों को लेने पहुंचे श्री कृष्णा (पता 8-द्यद्य-ञ्ज-111 परियोजना क्षेत्र) नाम के एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से दुखद मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी और परिजनों के अनुसार, वह हृदय रोग (हार्ट की बीमारी) से पीड़ित थे। घटना दोपहर के समय घटी, जब श्री कृष्णा अपने बच्चों को लेने के लिए आर्य विद्या मंदिर स्कूल पहुंचे। स्कूल के पास ही उनकी तबीयत अचानक गंभीर रूप से खराब हो गई और वह वहीं जमीन पर गिर पड़े। बताया गया कि जब श्री कृष्णा जमीन पर पड़े थे, तब 20 से अधिक लोग घटनास्थल पर खड़े होकर देख रहे थे। उसी दौरान वहां से गुजर रहे पत्रकार अजीत सिंह ने स्थिति की गंभीरता को समझा और बिना समय गंवाए तत्काल मदद के लिए आगे आए। मानवता की मिसाल पेश करते हुए, अजीत सिंह ने तुरंत श्री कृष्णा को अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाया और एक अन्य व्यक्ति की मदद से उन्हें पकड़कर बिना किसी देरी के परियोजना अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल ले जाते समय उनकी साँस चल रही थी, जिससे उम्मीद की एक किरण बाकी थी। इस बीच, आस-पास के लोगों से जानकारी मिलने पर परियोजना क्षेत्र के 8-द्यद्य-ञ्ज-111 के उनके परिचित और स्थानीय लोग भी अस्पताल पहुंचे।हालांकि, अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने गहरे दुःख के साथ बताया कि अस्पताल पहुंचने के मुश्किल से दो मिनट के भीतर ही उनकी साँस पूरी तरह से थम गई।श्री कृष्णा के हृदय रोग से पीड़ित होने की पुष्टि उनके बेटों और आस-पास के लोगों ने भी की है। अचानक हुई इस घटना से उनके परिवार और परिचितों पर गहरा आघात लगा है। यह आकस्मिक और दुखद घटना पूरे ओबरा इलाके में शोक का कारण बन गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आपात स्थिति में समय पर मदद ही जीवन बचा सकती है, जिसके लिए पत्रकार अजीत सिंह का प्रयास सराहनीय रहा।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, लिए गए 22 नमूने

**मिठाइयों व दुग्ध उत्पादों के नमूने संग्रहित, 386 किलो खाद्य पदार्थ नष्ट**

**देवरिया।** दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र के नेतृत्व में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों से चार खाद्य नमूने एकत्र किए गए। पुरवा चौराहा स्थित मिठाई निर्माण इकाई से देशी घी, खोया एवं छेना मिठाई के नमूने लिए गए तथा 14 किलोग्राम देशी घी मूल्य 9,660 जब्त किया गया। सिविल लाइंस रोड स्थित प्रतिष्ठान से पनीर का एक नमूना लिया गया। अब तक की 15 छापेमारी कार्रवाइयों में कुल 22 नमूने लिए गए हैं। गंदगी में भंडारित 386 किलोग्राम खाद्य पदार्थ मूल्य 1,08,320 नष्ट किए गए। सभी नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, लखनऊ भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा, राम यादव एवं राजू पाल की टीम ने की।

# गोयन का होंडा के नये ब्रांच का हुआ भव्य उद्घाटन - ग्राहकों के लिए दिवाली पर ऑफर्स की बारिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी ! अब नगर के नवाब युसूफ रोड, उर्दू बाजार स्थित घनश्याम दास मैरिज लॉन समीप गोयनका होंडा का नया शाखा कार्यालय शुरू हो गया है। सोमवार, दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को हुए इस भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोयनका होंडा के डायरेक्टर नरेंद्र गोयनका ने फीता काटकर शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गोयनका होंडा के मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षित गोयनका ने कंपनी के नवीनतम मॉडलों - होंडा एसपी 125, होरेंट 125, एक्टिवा 125 और नई होंडा शाइन 100 डीएक्स - के अत्याधुनिक फीचर्स और बेहतरीन माइलेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के इस खास सीजन में ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर और फाइनेंस स्कीमें चलाई जा रही हैं।

**त्योहारी ऑफर की झड़ी-** गोयनका होंडा ने दिवाली के शुभ अवसर पर प्रत्येक बाइक या स्कूटर की बुकिंग पर एक निश्चित उपहार देने की घोषणा की है। साथ ही वाहन की डिलीवरी पर भी ग्राहकों को विशेष उपहार मिलेगा। कंपनी ने इस सीजन में 10% जीएसटी यानी 14,000 तक का लाभ ग्राहकों को देने का बड़ा ऐलान किया है। उद्घाटन समारोह में गोयनका होंडा के जनरल मैनेजर सुरेंद्र श्रीवास्तव, नेटवर्क मैनेजर संदीप कुमार, मैनेजर प्रिंस जायसवाल, सृष्टि, नितिन, मेराज सहित सभी फाइनेंसर और स्थानीय गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नई ब्रांच के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और गोयनका होंडा के इस नए विस्तार को जौनपुर के वाहन बाजार के लिए एक बड़ा कदम बताया।

# प्यार के जाल में फँसाकर किन्नर से की शादी, फिर दिया धोखा

**●प्रिया किन्नर ने अपने प्रियतम पर लगाया शोषण व धोखाधड़ी का आरोप – तीन लाख रुपये हड़पने की पुलिस से की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खेतासराय/शाहगंज।** प्यार के झूठे वादों और छलावे की एक दर्दनाक कहानी सामने आई है। नगर से सटे बिलारमऊ की रहने वाली प्रिया किन्नर ने एक युवक जिसे वह अपना बताती है। पर धोखाधड़ी, शारीरिक व मानसिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। प्रिया ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है, परंतु उनका कहना है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, अकबरपुर अम्बेडकरनगर के फैज़ाबाद रोड थमसा मार्ग की रहने वाली 21 वर्षीय प्रिया किन्नर साल 2022 में क्षेत्र में एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम करने आई थी। इसी दौरान प्रिया की मुलाकात बिलारमऊ निवासी एक युवक से हुई थी। मुलाकात जल्द ही दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। युवक ने प्रिया को शादी का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फँसा लिया। कुछ समय बाद दोनों ने सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह भी कर लिया।

प्रिया का आरोप है कि शादी के बाद युवक का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। उसने प्रिया से लगातार पैसे की मांग शुरू कर दी। प्रिया का कहना है कि उसने अपने पास से करीब तीन लाख रुपये उसे दिए, जो उसने वापस नहीं किए। धीरे-धीरे युवक ने प्रिया से दूरी बना ली और अब उसे अपनी पत्नी मानने से इंकार कर रहा है। प्रिया बताती हैं कि वह पहले नगर के चिरैया मोड़ क्षेत्र में रहती थीं, लेकिन हाल के विवादों के बाद उन्होंने बिलारमऊ में किराये का मकान ले लिया है, जहाँ अब अकेली रह रही हैं। उनका कहना है कि उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत शाहगंज थाने में की है, मगर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता प्रिया का कहना है "मैंने सच्चे दिल से उस व्यक्ति से शादी की थी, अब मैं केवल न्याय चाहती हूँ।"सोमवार को प्रिया ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए अनुरोध किया है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि उसे उचित दंड मिल सके और भविष्य में किसी और के साथ इस तरह की घटना न हो।

**नही उठा प्रभारी निरीक्षक का फोन**

इस सम्बंध में जानकारी हेतु प्रभारी निरीक्षक किरण कुमार सिंह से दूरभाष पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो कई बार मोबाइल से सीयूजी नम्बर पर फोन किया गया।मगर फोन रिसीव नही हो पाया।

# कोन ब्लॉक में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट रामगढ़ में ध्वस्त हुआ जल अवरोधक, करोड़ों का सरकारी धन बर्बाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश।** नव सृजित विकास खंड कोन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत संचालित योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल एक बार फिर खुल गई है। कोन क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामगढ़ में इसी साल निर्मित एक जल अवरोधक (चेक डैम) निर्माण के कुछ ही महीनों बाद धराशायी हो गया है, जिससे सरकारी धन की भारी बर्बादी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ ग्राम पंचायत के बनरमुत्ता नाले पर यह जल अवरोधक इसी वर्ष फरवरी माह में बनाया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद सितंबर माह में इसका भुगतान भी कर दिया गया। लेकिन, भुगतान के ठीक एक महीने बाद, यानी अक्टूबर में ही, यह जल अवरोधक एक तरफ से ढह गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह स्थिति घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग और परियोजना में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार का सीधा प्रमाण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश होने के बावजूद अवरोधक में पानी नहीं ठहरा, जिससे साफ है कि निर्माण में गुणवत्ता को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया और विभागीय अधिकारियों ने भुगतान के बाद आँखें मूंद लीं। ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, इसी ग्राम पंचायत में इससे पहले तालाब में कोर वॉल का निर्माण कराया गया था, जो भुगतान से पहले ही गिर गया था। उस समय भी ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और शिकायतें आज भी फाइलों में दबकर रह गई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोन ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं में कमीशनखोरी का खेल खुलेआम चल रहा है। संबंधित अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उनका दावा है कि जब भी किसी निर्माण की शिकायत होती है, तो जांच समितियां केवल औपचारिक दौरे कर खानापूर्ति करती हैं और दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने भी सितंबर माह में मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और डीसी मनरेगा को पत्र लिखकर कोन खंड विकास अधिकारी (क्ष्ठह्र) पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, डीसी मनरेगा ने उन आरोपों को निराधार बताते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया था। रामगढ़ पंचायत में ध्वस्त हुए जल अवरोधक और पूर्व में गिरे कोर वॉल के मामले को देखते हुए, स्थानीय लोगों ने मांग की है कि दोनों निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। ग्रामीणों ने जोर दिया है कि सरकारी धन की बर्बादी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।इस संबंध में, डीसी मनरेगा ने उक्त मामले की जाँच कराने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि यह जांच केवल खानापूर्ति साबित होती है, या इस बार दोषियों पर कार्रवाई कर मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाई जाती है।

# अनपरा तापीय परियोजना और नगर पंचायत के बीच विकास कार्यों पर सहमति, विवाद खत्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अनपरा, सोनभद्र।** अनपरा तापीय परियोजना क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर नगर पंचायत अनपरा और परियोजना प्रबंधन के बीच चल रहा मामूली गतिरोध अब समाप्त हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय पहल और दोनों पक्षों के बीच हुई सकारात्मक वार्ता के बाद, जन उपयोगी सुविधाओं को बहाल करते हुए विकास का रथ पुन प्रारंभ हो गया है। सामाजिक संगठनों की मध्यस्थता में सोमवार को नगर पंचायत अनपरा और अनपरा ताप विद्युत गृह (अनपरा तापीय परियोजना) के उच्च अधिकारियों के बीच पत्राचार और बातचीत का दौर चला, जिसके बाद कुछ हद तक समस्याओं का समाधान निकाला गया। मुख्य रूप से, अनपरा नगर पंचायत द्वारा नगरीय क्षेत्र में जन उपयोगी मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (C G M) ने स्पष्ट किया कि परियोजना प्रबंधन जन विकास का बाधक नहीं है, लेकिन चूंकि भूमि अनपरा तापीय परियोजना के नाम दर्ज है, इसलिए नगरीय क्षेत्र में कोई भी नया विकास कार्य करने से पहले नगर पंचायत को परियोजना से अनापत्ति प्रमाण पत्र (N O C) लेना आवश्यक होगा। इस शर्त पर नगर पंचायत और तापीय परियोजना के बीच सहमति बन गई है। वार्ता के दौरान परियोजना प्रबंधन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में नाली का एक भी बूंद पानी परियोजना के महत्वपूर्ण क्षेत्र स्लक्र (माल गोदाम रेलवे साइडिंग) में नहीं जाना चाहिए।

यह परियोजना की सुरक्षा और संचालन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय है। नगर पंचायत अनपरा और अनपरा तापीय परियोजना के बीच हुई इस वार्ता के बाद उपजा मामूली विवाद फिलहाल समाप्त हो गया है। समझौते के तुरंत बाद, नगर पंचायत अनपरा के कर्मचारी दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार से पहले क्षेत्र में साफ-सफाई और अन्य आवश्यक कार्यों में जुट गए हैं। नगर पंचायत अनपरा के अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा कि नगर पंचायत जिस भूमि पर विकास कार्य करता है, उसके मालिकाना हक से नगर पंचायत का कोई सीधा सरोकार नहीं है। नगर पंचायत का प्राथमिक दायित्व है कि वह परिक्षेत्र में निवास करने वाले जनमानस को सभी नगरीय एवं मूलभूत सुविधाओं का लाभ लगातार दिलाता रहे। बताया गया है कि दोनों पक्षों के बीच हुई यह सहमति एक अंतरिम समाधान है। आगामी बैठक में जिला प्रशासन, नगर पंचायत अनपरा और अनपरा तापीय परियोजना के अधिकारी एक साथ बैठकर सारी रुकावटों को आपसी तालमेल से जन विकास को देखते हुए अंतिम रूप से हल निकालेंगे। पूर्व में ग्राम सभा, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत और जल निगम जैसी अन्य संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों के तर्ज पर ही नगर पंचायत द्वारा भी परिक्षेत्र का विकास कार्य जारी रहेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## घाटमपुर में आरएसएस का विराट पथ संचालन



**कानपुर नगर/घाटमपुर।** नगर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर से दोपहर में आरएसएस के विराट पथ संचालन यात्रा निकाली गई, गणवेश पहने कार्यकर्ता हाथों में डंडा लिए, जयघोष करते निकले,इस दौरान घाटमपुर विधायिका सरोज कुरील ने यात्रा में पुष्प वर्षा की,यात्रा नगरपालिका रोड होते हुए कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर में पहुंची, जहां पर यात्रा का समापन हुआ, घाटमपुर थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे पर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर से दोपहर में आरएसएस की विराट पथ संचालन यात्रा निकाली गई इस दौरान यात्रा में शामिल नवयुवक गणवेश धारण किए हुए थे, इस दौरान घाटमपुर विधायिका सरोज कुरील ने दो जगह पर कार्यकर्ताओं के ऊपर पुष्प वर्षा की है, घाटमपुर विधायिका ने बताया कि आरएसएस पार्टी का अभिन्न अंग है उन्होंने सभी से आरएसएस शाखा में शामिल होने की अपील की है,पथ यात्रा का संचालन लगभग चार किलोमीटर लंबी निकलीं, इसके बाद कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में यात्रा का समापन किया गया, इस दौरान कानपुर सागर हाइवे पर लगभग एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

## घायल पूर्व प्रधान की इलाज के दौरान हुई मौत, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चाकू के हमले से घायल पूर्व प्रधान की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। लालगंज कोतवाली के बलभद्र का पुरवा वीरसिंहपुर निवासी 60 वर्षीय रामयश सरोज को उनके घर ने घुस सितंबर की रात चाकू से हमला करके घायल कर दिया गया था।स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज के दौरान 11 अक्टूबर को रामयश की मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। इधर घटना को लेकर मृतक की बहू बबिता पत्नी स्व. कर्मवीर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. घेरॉऊ व एक अज्ञात समेत दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि हत्या के प्रयास का मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया जाएगा। नामजद आरोपित राजेंद्र कुमार को जेल भेजा जा चुका है। इधर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक तथा कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पूर्व प्रधान रामयश के निधन को दुखद कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्व. रामयश सरोज की स्मृति को नमन करते उन्हें कुशल सामाजिक संगठक, समर्पित एवं संघर्षशील साथी ठहराते हुए निधन को अपूर्णनीय रिक्तता ठहराया है। नेताद्वय का बयान मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

## रामरज यात्रा का हनुमान भक्तों ने किया भव्य स्वागत



**प्रतापगढ़।** श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज से चल रही रामरज यात्रा रात्रि विश्राम कर सुबह चिलबिला प्राचीन हनुमान मंदिर पर पहुंचने पर हनुमान भक्तों ने भव्य स्वागत किया। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने माल्यार्पण कर आरती उतारी। हनुमान भक्तों ने पुष्पवर्षा की। यात्रा लोकभारती के तत्वावधान में पूर्व कैप्टन सुभाष ओझा कर रहे थे। उनके साथ-साथ यात्रा प्रमुख देवेश तिवारी, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, मनोज ब्रह्मचारी आदि चल रहे थे। स्वागत करने वालों में सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, श्री महाराज, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, सचिन यादव, प्रमोद कुमार, अमन गुप्ता, सिद्धार्थ, हरनाम सिंह, विवेक यादव, सुरेश माली,गोलू, आशीष कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त व मातृ शक्तियों ने रामरज यात्रा पर पुष्पवर्षा कर प्रभु श्री राम का जयकारा लगाए। स्वागत के पश्चात यात्रा सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुई।

# डीएम व एसपी ने पुलिस जवानों के साथ दंगा नियंत्रण रिहर्सल एवं फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** पिछले दिनों शोहरतगढ़ में स्थगित हो गये पथ संचलन को पुनः मंगलवार को आयोजन होना है। आरएसएस के पथ संचालन को सकुशल संपन्न कराने के लिए, सोमवार की दोपहर डीएम डॉ राजा गणपति आर व एसपी डॉ अभिषेक महाजन ने जवानों संग दंगा नियंत्रण रिहर्सल फ्लैग मार्च निकाल लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। डीएम ने कहा कि मंगलवार को निर्धारित तय मार्ग के अनुसार शहीद बुधई मार्ग होते हुए पथ संचलन निकाली जाएगी।पथ संचलन को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दंगा नियंत्रण वाहन व कई थानों की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति झूठा प्रचार कर अफवाह न फैलाएं क्योंकि इससे बना हुआ शांतिपूर्ण माहौल चंद मिनटों में बिगड़ जाता है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले समाज के हित में नहीं रहते हैं ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी ने खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसे दंगा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया जाएगा और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पथ संचलन को सकुशल संपन्न कराने में सभी लोग आपसी भेदभाव को भूलाकर सहयोग करें। डीएम ने ईओ को पथ संचलन वाले मार्ग में विशेष साफ सफाई व गढ्ढों को ठीक कराने का निर्देश दिया। एसपी अभिषेक महाजन ने कहा कि पथ संचलन को संपन्न कराने के लिए पुलिस के जवानों को दंगा रिहर्सल कराया गया है। शोहरतगढ़ में अतिरिक्त पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस को पूरी तरह एलर्ट मोड पर रखा गया है। दंगा रिहर्सल फ्लैग मार्च में एएसपी प्रशांत कुमार, एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, सीओ मयंक द्विवेदी, थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह सहित जिले के कई थानों की पुलिस मौजूद रही।

## अक्शा बानों बनी एक दिन की उपायुक्त श्रम रोजगार

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में विभिन्न विभागों द्वारा 22 सितंबर से ही महिलाओं के जागरूकता हेतु कार्यक्रम संचालित कराये जा रहे है, जिसके क्रम में सोमवार को जीजीआईसी की कक्षा 8 की छात्रा अक्शा बानों को एक दिन का उपायुक्त श्रम रोजगार बनाया गया। अक्शा बानों द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार की कुर्सी पर बैठने के तुरन्त बाद ही कार्यालय में कार्य कर रहे कर्मचारियों का परिचय लिया गया एवं समय से सौंपे गये कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिये गये। उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह द्वारा मनरेगा कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। एक दिन की उपायुक्त श्रम रोजगार बनी अक्शा बानों द्वारा खण्ड विकास अधिकारी बिहार एवं कुण्डा से दूरभाष के माध्यम से बात की गयी तथा मनरेगा योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

## डीआरएम ने घाटमपुर स्टेशन का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर/घाटमपुर।** रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का मंडल रेल प्रबंधक/डीआरएम/अनिरुद्ध कुमार ने बीतीं रात निरीक्षण ,इस दौरान उन्होंने टिकट मशीन खराब होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई,और जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए, घाटमपुर नगर स्थित स्टेशन में बीतीं रात अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर का गहनता से जायजा लिया, उन्होंने कानपुर बांदा लाइन पर भरूआ सुमेरपुर से हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन होते हुए नेयवेली पावर प्लांट तक गई रेलवे लाइन का भी निरीक्षण किया, घाटमपुर पहुंचने पर उन्होंने नवीन स्टेशन के निर्माण कार्य और सुंदरी करण की प्रगति देखी, निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने निर्माण कार्य में पाई गई खमियो को दूर करने के निर्देश दिए, उन्होंने नव निर्मित स्टेशन के मुख्य गेट और स्टेशन की सीमा का भी अवलोकन किया,परिसर में लगें इलेक्ट्रिक पोल को हटाने के भी निर्देश दिए गए,टिकट मशीन खराब पाए जाने पर उन्होंने उन्होंने इलेक्ट्रिक विभाग के अधिकारियों को तुरंत उसे ठीक कराने का आदेश दिया, निरीक्षण के बाद डीआरएम अनिरुद्ध कुमार अपनी विशेष ट्रेन से भीमसेन रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गए,इस दौरान घाटमपुर स्टेशन अधीक्षक आकाश चंदोला सहित अन्य रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में औचक जांच, 19 कार्मिक अनुपस्थित

**●डीएम द्वारा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर आज कलेक्ट्रेट में उपस्थिति की औचक जांच की गई। प्रातः 10:20 बजे एडीएम सिटी राजेश कुमार ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया, जिसमें कुल 19 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। कलेक्ट्रेट के जिन कार्मिकों की अनुपस्थिति दर्ज की गई उनमें आराधना मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार मिश्र, सुषमा पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार, ललित किशोर वर्मा, इच्छापूर्ति अवस्थी, आनन्द प्रकाश, निशान्त निगम, संजय कुमार, विनोद सिंह, आकांक्षा सक्सेना, सोमिल दीक्षित, राजेश कुमार श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव और सुनील श्रीवास्तव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी कार्मिक दुर्गा प्रसाद, छेदेलाल, मिथिलेश कुमारी और मिथिलेश परवीन भी अनुपस्थित पाए गए। इस प्रकार कुल 19 कार्मिकों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने इस गंभीर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक कर्मचारी का समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। लापरवाही पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## नरसिंह बहादुर शांति देवी प्राइवेट आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन 16 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 16 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन नरसिंह बहादुर शांति देवी प्राइवेट आईटीआई छीटपुर निकट प्रेमधरपट्टी (दिलीपपुर) परिसर में किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 9 कम्पनियों के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, स्टोर एसोसिएट, बेलनेस एडवाइजर, ट्रेनी, आपरेटर ट्रेनी, फैकर्स एण्ड मुवर्स, एरिया आफिसर, आपरेटर, मशीन आपरेटर के विभिन्न रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करना होगा।

# समाजवादी विचारधारा को बृजभूषण तिवारी ने विस्तार दिया - जय शंकर पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डा. राम मनोहर लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाने और संविधान की रक्षा करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी का गठन किया था। उसको विस्तार देने के लिए समाजवादी चिंतक एवं पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी ने जीवन भर संघर्ष किया था। आज उसी का देन है कि उन्होंने देश व प्रदेश में सपा में लाखों नौजवानों की फौज खड़ी कर दी थी। यह बातें समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय ने कहीं। वह सोमवार को लोहिया कलाभवन सभागार में समाजवादी चिंतक पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी के जयंती के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें सांझी विरासत को तोड़कर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। मंहगाई से ध्यान हटवाने के हिंदू मुस्लिम को लड़ाने का काम कर रही है। देश में अघोषित आपातकाल लगा दिए हैं। ऐसे में प्रदेश में 2027 में सपा की सरकार बना दें। यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि प्रदेश में समाजवादियों के सरकार बनाने में पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी की अहम रोल रहा है। विधायक सैयदा खातून ने कहा कि समाजवादी के जनाधार बढ़ाने में पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी के योगदान का भुलाया नहीं जा सकता है। प्रदेश में सपा की सरकार बनाकर उनके सपने का साकार करना सभी कार्यकर्ताओं का फर्ज है। पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद ने समाजवादी पार्टी को बुलंदियों पर पंहुचाने के लिए कभी भी पद की लालसा नहीं किया था। वह महान समाजवादी विचारक थे। गोष्ठी को पूर्व विधायक विजय पासवान, बेचई यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, विसियावन यादव, कमरुज्मा खान, अफसर रिजवी, खलकुल्लाह, राम सेवक लोधी, मुरली मिश्र, प्रदीप पथरकट्टू, राम मिलन भारती, विजय चौधरी, रिंघू पासवान, पटवारी राइनी, अनिरुद्ध यादव, चंद्रहास यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर सुनीता गोस्वामी, अब्दुल कलाम, अनिल यादव, चंद्रजीत यादव, मनीश, अखिलेश मौर्य, हारुन, चंचल रावत, राम बौद्ध कन्नौजिया व राम स्वरुप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## घर से निकली दो किशोरी लापता, केस दर्ज हुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दो अलग अलग गांव से दो किशोरी लापता हो गई। घटना को लेकर दोनों लापता किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के एक गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ अक्टूबर को सुबह करीब तीन बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। उसके वापस न लौटने पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। आरोप है कि खोजबीन के दौरान गोसाई का पुरवा अमावा निवासी आरोपित प्रवीण कोरी पुत्र श्रीपाल द्वारा किशोरी को अपहृत कर ले जाने की जानकारी हुई। इस पर पीड़ित पिता उलाहना देने उसके घर गया तो आरोपित के पिता ने धमकी दी। वहीं दूसरी घटना में पीड़ित पिता का आरोप है कि छः अक्टूबर को सुबह जन्म प्रमाण पत्र सही कराने की बात बताकर घर से निकली उसकी 17 वर्षीय पुत्री वापस नहीं लौटी। आरोप है कि अज्ञात आरोपित बहला फुसला कर उसे कहीं भगा ले गया।

# कानपुर कृष्णा फाउंडेशन बैनर तले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आयोजन हुआ संपन्न





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष गीत गा कर नन्हे मुन्ने बच्चों संग काली टोपी सफेद शर्ट खाकी पैंट पहनकर सेलिब्रेट कर मनाया गया विजयदशमी एवं शास्त्र पूजन का कार्यक्रम बड़े धूम धाम जयंती की तर्ज पर आरएसएस संघ की अध्यक्षता का अनुपालन करते हुए आज कानपुर के दक्षिण क्षेत्र में पैदल चलकर संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आज सोमवार को कृष्णा फाउंडेशन कार्यालय से चलकर जयंती के उत्सव के रूप में मनाया गया इस कार्यक्रम में मौजूद रहे अतिथि अध्यक्षता विनायक नगर - कानपुर दक्षिण भाग में स्थित कृष्णा फाउंडेशन के प्रबंधक राज नारायण जी के की मुख्य वक्ता के रुपमे आदरणीय मयंक शुक्ला जी जिला बौद्धिक टोली सदस्य बौद्धिक दिया गया कार्यक्रम में से नगर कारवा राहुल शारीरिक प्रमुख महेंद्र राजेश शाखा करवा अरुण जी मुख्य शिक्षक एवं स्वयंसेवकों ने नगर प्रचारक विपिन राजेश शुक्ला कुलदीप प्रवीण पाल उपस्थित रहे सानिध्य में संचालन किया अनेक स्वयंसेवक सहभाग की है मौजूदगी में कार्यक्रम सफल हुआ।

# दर्जनों की मौत के बाद भी नहीं हुई विदेश भागी फर्स्ट फ्लाइट कोरियर के खिलाफ कार्यवाही, करोड़ों बकाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** किये गये कार्य का वेतन, ग्रेच्युटी, क्षतिपूर्ति, नोटिस पे, अवकाश भुगतान, और चिकित्सा भुगतान व बोनस आदि न दिये जाने से मेसर्स फस्ट फ्लाईट कोरियर लिमिटेड के सैकड़ों कर्मचारी तिल तिलकर मरने को मजबूर हैं। यही नहीं अपने बकाया मिलने का इंतजार करते-करते दर्जनों कर्मचारी मौत का शिकार भी हो चुके है और बहुत से होने वाले भी है। इसीलिए अब हिंद मजदूर किसान पंचायत तब तक आंदोलन करेगी जब तक उनका बकाया नहीं मिल जाएगा। यह चेतावनी यहां हिंद मजदूर किसान पंचायतके महासचिव वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने देते हुए बताया कि परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री सहित सभी जिम्मेदार लोगों को दिये गये सैकड़ो पत्रों पर कोई कार्यवाही न करने और उनकी उदासीनता के चलते सैकड़ो कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और सैकड़ों मृत्यु की कगार पर खड़े हैं। शासन की लापरवाही से मालिकानों द्वारा विदेश भाग कर व्यापार करने फैन्चाईजी देने और भारत स्थित चल अचल सम्पति को बेचने पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही न अपनाये जाने के परिप्रेक्ष्य में ध्यानाकर्षण कर आक्रोश पत्र जारी करते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत उत्तर प्रदेश के महामंत्री वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेशमणि पाण्डेय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किए जाने की चेतावनी देते हुए बताया कि फस्ट फ्लाईट कोरियर लगभग 25 हजार से अधिक कर्मचारियों को अपने यहां नियुक्त करके पूरे भारत वर्ष में कोरियर का काम करती रही है। वह अचानक ही मालिकों द्वारा अपनी भारत स्थिति चल अचल सम्पति को बेचकर व वह खुद फैन्चाइजी के माध्यम से बेचकर विदेश भाग गये हैं और अब विदेश में फस्ट फ्लाईट कोरियर का काम करते जा रहे हैं।

## डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ 'रन फॉर डीएवी' मैराथन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी ऑर्गनाइजेशन के निर्देशन में वर्ष 2025 की खेल गतिविधियों के अंतर्गत रन फॉर डीएवी 'कार्यक्रम का आयोजन 12 अक्टूबर को डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल, घाटमपुर में बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 'स्वास्थ्य, एकता और सेवा 'को कर्म में परिणत करने का एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में 2 किमी रन फॉर डीएवी 'दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ दौड़ में हिस्सा लिया तथा "स्वस्थ रहो, आगे बढ़ो" के नारे के साथ फिटनेस और अनुशासन का संदेश दिया। रन फॉर डीएवी 'न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम, फिटनेस और जिम्मेदारी का प्रतीक आयोजन है जो गांधीजी के विचारों को नई ऊर्जा के साथ युवाओं तक पहुँचाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि नियमित व्यायाम और खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## मतदाता सूची में त्रुटियों को दुरुस्त कराये जाने की मांग

**प्रतापगढ़।** बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में मतदाता सूची में त्रुटियों तथा सीओपी प्रक्रिया अविलंब निस्तारित किये जाने की मांग उठायी गई है। रविवार को बार कौंसिल मुख्यालय पर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने चेयरमैन को संबोधित इस आशय का माँगपत्र सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जनवरी तक चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तमाम अधिवक्ता निर्वाचक नामावली में त्रुटियों को लेकर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी किये जाने के बावजूद सीओपी कार्ड जारी करने की विलंब प्रक्रिया चिंताजनक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कौंसिल के चुनाव में सदस्य पद पर लाभ के पद की भी समीक्षा करने की भी माँग उठाई है। इस मौके पर अधिवक्ता सुधाकर मिश्र, दिनेश सिंह, आनंद त्रिपाठी, विपिन शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## शोहरतगढ़ बीआरसी पर एफएलएन प्रशिक्षण के अंतिम बैच का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम बैच का प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। शिक्षकों ने निपुण भारत मिशन की गतिविधियों के तहत कक्षा शिक्षण गतिविधियों को सीखा। भाषा व गणित की बुनियादी शिक्षा को बच्चों के बीच गुणवत्तापूर्ण बनाने और नई पाठ्य पुस्तकों के बारे में प्रशिक्षक आनंद प्रकाश गौड़, रॉबिन, प्रवीण कुमार यादव व सत्येंद्र कुमार, मनोज कुमार ने जानकारी दिया। विभिन्न गतिविधियों और पढ़ने लिखने के कौशल के साथ-साथ पियर लर्निंग, प्रिंट रिच सामग्री व टीएलएम का सही ढंग से उपयोग का तरीका भी बताया गया। बीइओ संजय कुमार ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत संचालित फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी ( एफएलएन ) बुनियादी साक्षरता एवं संख्यानात्मक ज्ञान प्रशिक्षण में शिक्षक प्राथमिक स्तर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उन्हें भाषा व गणित में निपुण बनाने की सीख शिक्षकों को दी गई है। प्रशिक्षण में सीखे गये बातों से शिक्षक विद्यालय के बच्चों को लाभान्वित करेंगे। इस दौरान लालजी यादव, मुस्तन शेख्ल्लाह, मनोज प्रभाकर, वंदना दूबे, केशव यादव, छाया त्रिपाठी, रीता मिश्रा, ममता चौरसिया, बजरंगी, प्रभु दयाल, पशुपतिनाथ ठाकुर, शिवसरन, जगन्नाथ, संगीता चौधरी, अलका देवी, सरिता श्रीवास्तव, ललिता , प्रमोद कुमार, दिलीप कुमार, विजय कुमार, अम्बरीष श्रीवास्तव, अरुण कुमार, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सिद्धार्थ उत्सव विश्वविद्यालय की अकादमिक, सांस्कृतिक और सृजनात्मक चेतना का प्रतीक - कुलपति प्रो. कविता शाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में सिद्धार्थोत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि "सिद्धार्थ उत्सव विश्वविद्यालय की अकादमिक, सांस्कृतिक और सृजनात्मक चेतना का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास और टीम भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने आगे अपने सम्बोधन में कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के छात्र न केवल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागिता से विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलपति ने छात्रों से आह्वान किया कि वे विनम्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन में आगे बढ़ें, क्योंकि विनम्र व्यक्तित्व के साथ ही व्यक्ति वास्तविक ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. एस. चूड़ामणि गोपाल, पूर्व कुलपति, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार क्षमता को सही दिशा में लगाएँ, तो वे न केवल अपने जीवन में ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि देश को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना सकते हैं। प्रो. गोपाल ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता – निरंतर परिश्रम, आत्म-नियंत्रण और एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच रखने, लक्ष्य निर्धारण करने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी।उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागतोदबोधन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव दीना नाथ यादव ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राय सुशील कुमार, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो. सौरभ, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. प्रकृति, कुलानुशासक प्रो. दीपक, प्रो. हरीश कुमार शर्मा, प्रो. सत्येंद्र कुमार दुबे सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, वित्त अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता-2025 का आयोजन विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। आरावली टीम ने प्रथम, हिमगिरि टीम ने द्वितीय और नीलगिरि टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव ने किया और रिपोर्ट डॉ. लक्ष्मण सिंह एवं डॉ. अंकिता श्रीवास्तव ने तैयार की। कार्यक्रम की श्रृंखला में दीक्षांत मंडप में कविता पाठ का आयोजन विद्यार्थियों में कविता सृजन एवं गायन कि क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। प्रतियोगिता में पंद्रह प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे अतुल कुमार उपाध्याय एवं सुहानी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रथम, शालिनी शुक्ला द्वितीय एवं आफरीन बानो तथा रितिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ जय सिंह यादव ने किया। इसी क्रम में संस्कृत भाषा में वार्तालाप एवं संस्कृत गीत कथा चुटकुला इत्यादि के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित करने के उद्देश्य से संस्कृत सम्भाषण का आयोजन भी किया गया। छात्रों ने सम्भाषण में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रभारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रमों की अगली कड़ी में सामाजिक , लैंगिक, जलीय एवं वन संरक्षण पर डॉक्युमेंट्री प्रतियोगिता का आयोजन भी डॉ जीतेन्द्र कुमार सिंह एवं डॉ अमित साहनी के संयोजन में किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 110 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया अमित कुमार लोधी प्रथम , सूरज कुमार चौरसिया द्वितीय एवं खुशी शुक्ल तृतीय स्थान पर रहे। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय स्टॉल, भोजन स्टॉल्स, छात्रों द्वारा लगाए गए विशेष स्टॉल्स तथा पौधशाला व हस्तकला स्टॉल्स आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में भी छात्रों व शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह उत्सव पूरे सप्ताह चलेगा जिसमें वाद-विवाद, मुशायरा, योग-जुंबा, व्यंग्य नाटिका, परिधान प्रतियोगिता, चित्रकला, गायन तथा नुक्कड़ नाटक जैसे कई कार्यक्रम शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्लब आर्यभट्ट के दीवाली महोत्सव और काली पूजा पंडाल की तैयारी जोर-शोर से चल रही है



**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा स्टेशन रोड पर 1973 में स्थापित क्लब आर्यभट्ट की कालीपूजा का कार्य जोरदार ढंग से चल रहा है। साथ ही, पूजा को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए नई समिति का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष पद पर राजीव दास, उपाध्यक्ष देवार्घ सेनगुप्ता और दिवाकर कुमार, सचिव दीपक देवनाथ साथ ही सह-सचिव दीपांजन दास और अभिजीत विश्वास, कोषाध्यक्ष ऋषभ दास हैं। सलाहकार मंडल में शुभेंदु दास, चंदन पाल, दीपक दास, बाबुल भौमिक, अशोक सेनगुप्ता, सुजय राय, देवाशीष सेनगुप्ता, कृष्णपद मालाकार, दीपरदीप दास सहित अन्य सदस्य हैं। दीपावली महोत्सव और कालीपूजा के अवसर पर आगामी 20 अक्टूबर (सोमवार) को समिति के सदस्यों द्वारा निर्मित पंडाल का उद्घाटन लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत रात 8 बजे स्थानीय कलाकारों के साथ कार्यक्रम की जाएगी। कालीपूजा के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने और क्षेत्र के सभी को इस दिन उपस्थित रहने के लिए आयोजकों की ओर से विनम्र अनुरोध किया गया।

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप



**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। बताया कि 11 अक्टूबर को अपराह्न करीब 12 बजे वह पुरानी बाखर में गयी थी। इस समय घर में उसकी 19 वर्षीय पुत्री अकेली थी। जब वह लौटकर आयी तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। खोजबीन करने पर पुत्री का कोई पता नहीं चला। महिला का आरोप है कि ग्राम दौलता निवासी शिवा पुत्र विजय वंशकार उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शिवा वंशकार के खिलाफबीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### विष्णुपुरा में सरेआम मारपीट का वीडियो वायरल, चार दबंगों पर केस दर्ज




**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरा में चार दबंगों ने एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित बृजेंद्र उर्फ बिरजू ने बताया कि 12 अक्टूबर को वह दूध और सब्जी लेने बाजार जा रहा था, तभी मोहल्ले के ही ऋऋलभ, रवि, सोनू और गुड़िया ने उसे घेर लिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामनगर में व्यक्ति से सरेआम मारपीट, पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर पांच लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित की पत्नी ने थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। काशीराम कॉलोनी निवासी रेखा ने बताया कि 11 अक्टूबर की सुबह उसका पति संतोष काम पर जा रहा था, तभी मंगल सहरिया और चार अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफधारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# SECL अमलाई ओपनकास्ट में बड़ा हादसा- मिट्टी धंसने से डोजर और डंपर ऑपरेटर मलवा में दबे

### ● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी की रिपोर्ट

**शहडोल** जिले के SECL अमलाई ओपनकास्ट माइंस में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया.. जहाँ मिट्टी धंसने से एक डोजर और डंपर समेत ऑपरेटर दलदल में समा गए..हादसे के बाद से ऑपरेटर का कोई पता नहीं चल सका है..बताया जा रहा है कि मिट्टी फीलिंग के दौरान यह हादसा हुआ है जिसमें मिट्टी का बड़ा हिस्सा अचानक खिसक गया और मशीन सहित ऑपरेटर गहराई में धंस गए.. वही रात होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन तुरंत शुरू नहीं हो सका, रविवार सुबह 7 बजे से रेस्क्यू शुरू किया जाना था, लेकिन वास्तविक कार्रवाई सुबह 10:30 बजे के बाद प्रारंभ हुई..मौके पर पहुंची SDERF की टीम सिर्फ एक नाव के सहारे डोजर और डंपर की खोजबीन कर रही है..बताया जा रहा है कि स्श्वष्टरुप्रबंधन के पास ऐसे हादसों से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध ही नहीं है..जिससे बचाव कार्य में देरी हो रही है.

हादसे की जानकारी मिलते ही शहडोल कलेक्टर डॉ केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे कलेक्टर ने बताया कि पीड़ित परिवार को 45 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रबंधन द्वारा दी जा रही है.. इसके अलावा, "हम प्रबंधन से बात कर रहे हैं कि परिवार को और क्या आर्थिक या अन्य लाभ दिलाया जा सकता है," कलेक्टर ने कहा..

घटनास्थल की स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है.. जिस क्षेत्र में मिट्टी फीलिंग का कार्य चल रहा था, उसकी गहराई लगभग 50 फीट ज्यादा बताई जा रही है जिसके कारण स्थानीय स्तर पर रेस्क्यू में कठिनाई आ रही है..प्रशासन ने बताया कि बनारस, प्रयागराज और जबलपुर से विशेष रेस्क्यू टीमें बुलाई गई है जिससे रेस्क्यू कर में गति लाया जा सके..

**प्रत्यक्षदर्शियों का बयान**

हादसे के समय मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई..कुछ श्रमिकों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और जो दो कर्मचारी फसें थे उन्हें भी बाहर निकाला.. उन्होंने दावा किया कि स्श्वष्टरुप्रबंधन को पहले से ही इस बात की जानकारी दी गई थी कि उस क्षेत्र में मिट्टी खिसक रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, "उसी दिन शाम करीब 5 बजे मिट्टी का बड़ा हिस्सा खिसक गया था, जिसकी सूचना कर्मचारियों ने SECL और R.K.T.C कंपनी को दी थी..इसके बावजूद भी मिट्टी फीलिंग का कार्य नहीं रोका गया।"

**इसके कुछ देर बाद ही ये हादसा हो गया..**

लापता ऑपरेटर के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.. ऑपरेटर का परिजन मऊगंज से मौके पर पहुंचे हैं..उनका आरोप है कि "यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि प्रबंधन की लापरवाही से हुई हमें समय पर इस घटना कि जानकारी भी नही दी गई..

**SECL प्रबंधन की चुप्पी**

अब तक SECLप्रबंधन ने ऑपरेटर की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है वही घटना को लगभग 23 घंटे बीत जाने के बाद भी न तो बॉडी मिली है और न ही मशीनें, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि स्थिति बेहद गंभीर है..




इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों और श्रमिकों में भारी नाराजगी है..लोगों का कहना है कि स्श्वष्टरु प्रबंधन सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी कर रहा है..मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं..

ग्रामीणों ने कहा कि यदि पहले ही रेस्क्यू और सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त होता, तो शायद आज एक जान बचाई जा सकती थी..

शहडोल के अमलाई ओपनकास्ट में हुआ यह हादसा कई सवाल छोड़ गया है- क्या SECL में सुरक्षा सिर्फ कागजों पर है.?

लापरवाही, देरी और जिम्मेदारी से बचने की कोशिश- क्या इस लापरवाही की कीमत एक और मजदूर को अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी.?

सुनील कुशवाहा, डंपर ऑपरेटर का भाई, बी के जेना, जीएम (SECL सोहागपुर क्षेत्र), केदार सिंह, कलेक्टर शहडोल, अभिषेक द्विवेदी, ग्रामीण, सूर्य प्रकाश रजक, प्रत्यक्ष दर्शी RKTC ठेका कंपनी का कर्मचारी, प्रदीप शर्मा, प्रत्यक्ष दर्शी RKTC कर्मचारी

# दूध-सब्जी लेने जा रहे युवक पर हमला



**ललितपुर।** सिटी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला विष्णुपुरा में हुये खूनी संघर्ष के बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायती पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की ओर से विष्णुपुरा निवासी बृजेन्द्र कुमार उर्फ बृजू ने बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह करीब सवा नौ बजे वह दूध, सब्जी लेने के लिए जा रहा था। तभी मोहल्ले में रहने वाले रिषव, शनि पुत्रगण लक्ष्मन, सोनू पुत्र कल्लू व लक्ष्मन एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और पुत्री के बाल पकड़कर खींच दिये। घटना के बाद उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# लोकायुक्त छापा कार्यवाही के बाद समिति प्रबंधक पर कोई असर नही

### ● समिति व लैम्पस में मची लूट जिला प्रषासन उदासीन सी.एम. से हुई षिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुढ़ार।** जिस तरह सहकारी समितियों में लूट का खेल समूचे प्रदेष स्तर में शहडोल जिले का नाम रोषन होता रहा उसी कड़ी में समिति प्रबंधक चुहरी दिनकर प्रसाद तिवारी जो चर्चित भ्रष्टाचारी कमीषन खोरी फर्जी पंजीयन कर धान व गेंहू में लाखों का घोटाला कर आय से ज्यादा सम्पत्ति अर्जित करने का मातहत हासिल करने वाले समिति प्रबंधक दिनकर प्रसाद को रंगे हाथ लोकायुक्त पुलिस ने वर्ष 2019 में पकड़ी लेकिन कार्यवाही शून्य जिस कारण और तेजी से घोटाले व धाधली का काम समिति प्रबंधक चुहरी द्वारा किए जाने से सर्वत्र चर्चा है स्थानीय दर्जनों व समिति के सदस्यों ने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक षिकायत कर शीघ्र चुहरी समिति प्रबंधक को हटाने की मांग की गई थी, लेकिन बड़े आष्चर्य की बात है, जो लोकायुक्त के कार्यवाही में लिप्त हो कमीषन लेते रंगे हाथ पकड़ा गया हो उसके उपर लोकायुक्त की कार्यवाही ठंडे बस्ते में जिला प्रषासन भी मौन धारण कर अभय दान दे रखा गया हो, क्षेत्र के किसानों व समिति के सदस्यों ने खुलेआम कह रहे है कि भ्रष्टाचार को हटाओं लेकिन उपायुक्त सहकारिता एवं जिला कलेक्टर सुन नही रहे।

भ्रष्टाचार व कमीषन खोरी में लिप्ट दिनकर प्रसाद तिवारी के ऊपर कानूनी कार्यवाही के साथ पदमुक्त कर वरिष्ठ अधिकारियों से जॉच की मांग जनता दल यू किसान सभा के प्रदेष अध्यक्ष, पूर्व भाजस अध्यक्ष विधायक दल नेता निजी सचिव, सम्पादक बी.पी.तिवारी ने मुख्यमुत्री सहित सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर शीघ्र वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। जिला प्रषासन द्वारा शीघ्र कार्यवाही न होने पर प्रदेष नेता तिवारी ने प्रदेष के मुख्यमंत्री से मिलकर कानूनी कार्यवाही कराने की पूरजोर कोषिष की जाएगी।

# लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ ही नहीं बल्कि अभिन्न अंग है मीडिया- डॉ विजय जौली

### ● संगम विहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ विजय जौली ने दक्षिणी दिल्ली पत्रकार संघ के पदाधिकारियों का किया सम्मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर नई दिल्ली

**नई दिल्ली:** दक्षिणी दिल्ली के मंगल बाजार रोड, संगम विहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ विजय जौली ने दक्षिणी दिल्ली पत्रकार संघ के पदाधिकारियों का दिवाली मिलन समारोह में स्वागत-सम्मान किया। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि दीपावली मिलन का कार्यक्रम साउथ दिल्ली पत्रकार संघ के साथ एक सफल आयोजन है।

**बता दें कि दिवाली मिलन समारोह**

दिल्ली स्टडी ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया।दिल्ली स्टडी ग्रुप एवं भाजपा के वरिष्ट नेता डॉ विजय जौली द्वारा अपनी टीम और साउथ दिल्ली पत्रकार संघ के साथ मनाया। उन्होंने मंगल बाजार रोड, संगम विहार कार्यालय पर दिवापली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली स्टडी ग्रुप के संयुक्त सचिव सुभाष नागर पूर्व प्रत्याशी सहित उनकी टीम भी मौजूद रही।

बता दें साउथ दिल्ली पत्रकार संघ को डॉ विजय जौली ने निमंत्रण पत्र भेजकर दीपावली मिलन समारोह के लिए आमंत्रित किया था,जिसको संगठन के अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा ने स्वीकार किया और साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की कार्यकारणी एवं सदस्यों के साथ दीपावली मिलन समारोह में पहुंचे। दिल्ली स्टूडी ग्रुप द्वारा समारोह में पत्रकार को पटका और उपहार के साथ दीपावली मिलन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर डॉ विजय जौली ने कहा कि पत्रकारों की समाज में एक अहम भूमिका होती है जो सरकार एवं समाज के मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाते है। अपनी बुलंद आवाज और कलम के साथ समाज को जागरूक करते हैं। उन्होंने संगठन को अपना समर्थन एवं सहयोग दिया और सभी पत्रकारों को दीवाली की अग्रिम शुभकामनाओं के साथ बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि जिस उद्देश्य से यह संगठन बना है उन पर अमल करते हुए संगठन अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा के नेतृत्व में दक्षिणी दिल्ली में अपनी एक पहचान बनाएगा और पत्रकारों के हितों की रक्षा करते हुए सभी को जोड़कर एकसूत्र में पिरोएगे साथ ही सरकार एवं जनता की आवाज बनकर बुलंदी के साथ उनके मुद्दों को संगठन उठाते रहेगा और निष्पक्ष होकर पत्रकारिता का धर्म निभायेगे। इस मौक़े पर भाजपा के वरिष्ट नेता डॉ विजय जौली ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ ही नहीं बल्कि अभिन्न अंग है।

दीपावली मिलन समारोह में भारी संख्या में साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की मौजूदगी रही। इस अवसर पर अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा ने डॉ विजय जौली का धन्यवाद किया कि उन्होंने दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों को सम्मान दिया और साथ ही सभी का हौसला भी बढ़ाया इसके लिए समस्त टीम की ओर से आभार एव धन्यवाद और विश्वास दिलाते है कि पत्रकारिता का धर्म निभाते हुए बुलंदी के साथ मुद्दों को उठाएंगे और जनता की आवाज बनकर दक्षिणी दिल्ली में कार्य करेंगे अजीत कुमार ने कहा कि डॉ विजय जौली एक सुलझे हुए सामाजिक एवं राजनीतिक के अनुभवी नेता है। जिस प्रकार से उन्होंने साउथ दिल्ली पत्रकार संघ को मान सम्मान दिया उसके लिए उनकी पूरी टीम का हम धन्यवाद करते है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको शुभकामनाओं के साथ दीपावली मिलन के सफल कार्यक्रम के लिए भी धन्यवाद करते है।साउथ दिल्ली पत्रकार संघ को बने हुए अभी सिर्फ डेढ़ महीना ही हुआ है लेकिन जिस प्रकार से अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा के नेतृत्व में संगठन मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और पत्रकारों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। उम्मीद है संगठन साउथ दिल्ली में अपनी एक पहचान बनाएगा और एकता का संदेश देते हुए पत्रकारों को एक सूत्र में पिरोने में अहम भूमिका निभाएगा।

साउथ दिल्ली पत्रकार संघ ने जिस प्रकार से दीवाली मिलन समारोह में अपनी एकता का परिचय दिया और संगठन के दिशा निर्देशों को पालन किया दर्शाता है कि संगठन एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है और मजबूती के साथ दक्षिणी दिल्ली में अपनी पहचान बनाता हुआ नजर आ रहा है।कार्यक्रम में पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा के साथ आश मुहम्मद, बंसी लाल, रियासत अली, दीपक कुमार, गिरीश कुमार, अजीत कुमार, स्वतंत्र सिंह भुल्लर, बिना देवी, रमेश चंद मोहंती, शरद कुमार,साहिल संभव, कुन्दन, दीप सिलोड़ी, जितेंद्र कुमार,मनोज कुमार, महेश सुब्रह्मण्यम, अब्दुल वाजिद, मोहमद वसीम फ़िरोज़, मनोज, अखिलेश गुप्ता, शमीम आलम, रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, सायना सैफी आदि मौजूद थे।

# विद्यानगर खेल मैदान में स्वर्गीय कृष्णमोहन मालाह फुटबॉल नॉक-आउट टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मैच हजारों दर्शकों की उपस्थिति में खेला गया

### ● कड़ी टक्कर के बाद टाईब्रेक में विजयी हुए कृपानाथ मालाह एफसी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** खेलकूद स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही कारण है कि अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद शहरों की तुलना में अधिक और आकर्षक है। इसमें फुटबॉल खेल सभी का सबसे प्रिय खेल है। श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा के विद्यानगर खेल मैदान में हर साल की तरह इस बार भी भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। गत 10 सितंबर से शुरू हुआ स्वर्गीय कृष्णमोहन मालाह की स्मृति में आयोजित नॉक-आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजित किया गया। इस भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लिया था। गत 12 अक्टूबर को फाइनल मैच में कार्यक्रम में पहले स्वर्गीय कृष्णमोहन मालाह, लोकप्रिय कलाकार जुबिन गर्ग और 44 असम राइफल के बटालियन विजय ग्वाला की प्रतिमा चित्र में श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ पुष्पांजलि भी चढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।मुख्य अतिथियों में श्रीभूमि के लोकप्रिय सांसद कृपनाथ मालाह उपस्थित थे। भव्य फुटबॉल फाइनल मैच में भाग लेने वाली दो टीमें कृपनाथ मालाह एफसी और फकीरा ग्राम एफसी थीं। दोनों टीमों का उत्कृष्ट खेल दर्शकों ने आनंद से देखा।उपस्थित हजारों दर्शक। पहली और दूसरी पारी की कड़ी टक्कर के बाद अंत में टाईब्रेक में जीत हुए कृपनाथ मालाह एफसी का हुआ। इस खेल का आनंद लेने के लिए




बहुत सारे दर्शक जमा हुए। इस क्षेत्र के लोगों में फुटबॉल के प्रति इतनी रुचि विद्यानगर खेल मैदान में दिखाई दी है। इस दिन मेहमानों में श्रीभूमि के लोकप्रिय सांसद कृपनाथ मालाह, श्रीभूमि जिले के डीसी प्रदीप कुमार द्विवेदी, और हाइलाकांडी जिले के डीसी अभिषेक जैन, और हाइलाकांडी जिले के एसपी अमिताभ सिन्हा और विद्यानगर बागान के मैनेजर प्रभास चक्रवर्ती समेत क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व उपस्थित थे खेल कार्यक्रम में उन सभी को को गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस बीच लोकप्रिय सांसद कृपनाथ मालाह ने खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और हाथ से हाथ मिलाया, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की. विद्यानगर यूथ क्लब द्वारा आयोजित नॉकआउट फुटबॉल टूनार्मेंट में कहा कि हजार हजार दर्शकों के बीच खेल देखने में आनंद और बहुत अच्छा लगा और हजारों दर्शकों को देखकर बहुत खुशी मिला। खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का उल्लास मिलकर एक जीवंत माहौल बना और भविष्य में खेल देखने के लिए दर्शकों को कोई कठिनाई नहीं होगी क्योंकि इस खेल मैदान को सुंदर और परियोजना के माध्यम से और उन्नत किया जाएगा, और वर्ष की खेल शुरू होने से पहले काम समाप्त होकर खेल मैदान की सुंदरता और बढ़ जाएगी और मैदान को बड़ा करने के लिए कुछ जगह की आवश्यकता है। उस विषय में जगह के मालिक ने कहा कि वह खेल प्रेमियों के लिए दान देंगे। कृपानाथ मालाह ने आगे कहा कि इस टूर्नामेंट का आयोजन मेरे सम्माननीय पिता स्वर्गीय कृष्णमोहन मालाह की स्मृति में किया गया है, इसलिए यह क्षण मेरे लिए विशेष भावुक और अद्वितीय था। सभी स्तरों के लोगों सहित अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद और कृतज्ञता सहित अभिनंदन किया। खेल को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए विद्यानगर मैदान में स्वर्गीय कृष्णमोहन माला फुटबाल नॉक-आउट पूरे टूर्नामेंट के आयोजकों में शामिल थे विद्यानगर यूथ क्लब के अध्यक्ष, अशुतोष ग्वाला, सचिव, बज्रगोपाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष अब्दुल जलिल तालुकदार, सदस्य ऐनुल हक, अभिजीत बारई, सलिम उद्दीन, सब्बीर अहमद और स्थानीय लोग मौजूद थे खेल कार्यक्रम में. आयोजक की ओर से खेल में शांति और अनुशासन बनाए रखने में अथक परिश्रम के लिए ष्ट्रक्क्र और पुलिस प्रशासन को गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# "विद्या वाचस्पति सम्मान से अलंकृत साहित्यकार चन्द्रशेखर प्रजापति का सिधौली में हुआ भव्य अभिनंदन"

### ● गूंजे कवि-स्वरों की अनुगूंज, डॉक्टर चन्द्रशेखर प्रजापति का सम्मान बना सिधौली की सांस्कृतिक गौरवगाथा"

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिधौली (सीतापुर)।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार द्वारा "विद्या वाचस्पति (Ph.D.)" सम्मान से अलंकृत किए जाने पर साहित्यकार चन्द्रशेखर प्रजापति का स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान, सिधौली में भव्य अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष आर. डी. वर्मा ने की, जबकि संयोजन का दायित्व पैरा कमांडो लवकुश यादव ने और संचालन डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' ने कुशलतापूर्वक निभाया। वक्ताओं ने चन्द्रशेखर प्रजापति को हार्दिक बधाई देते हुए उनके साहित्यिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान को समाज के लिए



प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में कवयित्री पिंकी प्रजापति, प्रवक्ता विनोद रावत, समाजसेवी पूजा वर्मा और अन्य रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

समाजसेवी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी नीतू वर्मा ने अपने मधुर कंठ से लोकगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सुरमय बनाया और अपने प्रेरणादायी विचारों से जनमानस को उत्साहित किया। अरविंद प्रजापति ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर चन्द्रशेखर प्रजापति को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, साहित्यप्रेमी एवं पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमें मान्यता प्राप्त पत्रकार क़ाज़ी जामी, विल्सन खान, तथा नव वेलफेयर सेवा समिति के सचिव इमरान मंसूरी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। समापन अवसर पर अध्यक्ष आर. डी. वर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि "ऐसे आयोजन साहित्य, समाज और संस्कृति के सशक्त समन्वय का प्रतीक हैं, जो युवाओं को रचनात्मकता और सकारात्मकता की दिशा में प्रेरित करते हैं।" कार्यक्रम में स्नेह, उत्साह और साहित्यिक सौहार्द का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जिसने सिधौली की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बनाया।

# भोलेनाथ शिव जी की कृपा से संघ अपने व्रत को पूर्ण करते हुए भारत माता को परम वैभव पर ले जाएं- शिव साधिका साधना बाजपेई

### ● पंच परिवर्तन के बल पर भारत बनेगा विश्व गुरु व विश्व शक्ति- विकल्प

### आर एस एस श्रीराम बस्ती द्वारा विजयादशमी उत्सव पर आयोजित किया गया पथ संचलन कार्यक्रम।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर** पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई ने आर एस एस द्वारा विजयादशमी उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए आर एस एस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत ही सौभाग्य शाली क्षण हैं, जिसके हम सभी सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने भगवा ध्वज को प्रणाम करते हुए कहा कि डॉ हेडगवार व गुरु जी के सपनों को साकार करने में पंच परिवर्तन के बल पर भारत विश्व गुरु और विश्व शक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ शिव जी से प्रार्थना करती हूं कि संघ निरन्तर अपने लिए गए व्रत को पूर्ण करते हुए भारत माता को परम वैभव पर ले जाने में सफ़ल रहे। पंच परिवर्तन में समरसता, स्वबोध, पर्यावरण,कुटुम्ब प्रबोधन व कर्तव्य बोध की बात कही गई है जिसे प्रत्येक भारतीय को अपने आचरण और व्योहार में उतारना है। उक्त उदगार आर एस एस सह जिला प्रचारक विकल्प ने संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत सेठ जय दयाल इंटर कालेज बिसवा के प्रागंण में श्रीराम बस्ती द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा संघ कोई संस्था, आंदोलन अथवा अभियान नहीं है वरन् शाखा पद्धति के माध्यम से प्रत्येक भारतीय नागरिक में देशभक्ति अनुशासन व कर्तव्य बोध जगाने हेतु प्रयत्नशील है।

संघ 51हजार स्थानों पर 83 हजार दैनिक शाखाओं के माध्यम से राष्ट्र जागरण का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ विश्व का सबसे बड़ा आत्मनिर्भर स्वयंसेवी संगठन है।इसी कारण जब जब संघ पर राजनीतिक कारणों से प्रतिबंध लगाये गये वह संकटों से उबर कर चौगुनी ताकत से आगे बढ़ा और प्रतिबंध लगाने वालों को मुंहकी खानी पड़ी। यही नहीं तो देश और समाज पर आई विपदाओं आपदाओं और संकटों के समय संघ के स्वयंसेवक बिना किसी जाति संप्रदाय अथवा दलगत भेदभाव के राहत व बचाव कार्य में प्राण पण से जुटे रहे। उन्होंने कहा कि संघ के 80 से अधिक संविचारी स्वतंत्र संगठन हैं जो अपने अपने कार्य -क्षेत्र में कार्य करते हुए यशश्वी हो रहे हैं। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि कि आप सभी जन अपने निकट की शाखा से जुडकर संघ कार्य में सहभागी बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई,नगर संघ चालक राजेश सिंह, जिला प्रचारक सुरेन्द्र,सह जिला प्रचारक विकल्प,नगर प्रचारक ओमजी ने प्रभु श्रीराम व शस्त्र की विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह चन्दन रस्तोगी ने किया। संघ की प्रार्थना व ध्वजावतरण के पश्चात गणवेश धारी स्वयं सेवकों का पथ संचलन नगर में निकाला गया। पथ संचलन का शुभारंभ श्रीराम बस्ती स्थित सेठ जय दयाल इंटर कालेज बिसवा से हुआ। संघ के स्वयंसेवक कदम ताल करते हुए छोटा चौराहा, मंगरहिया बाज़ार, हजीरा, मिल्की टोला, रायगंज, सब्जी मंडी, बड़ा चौराहा, पोस्टर चौराहा होते हुए बस स्टेशन पहुंचा, फिर वहां से बाल्मिकी मंदिर, रामलीला मेला मैदान, गायत्री मंदिर, मां कालिका देवी मंदिर कैथी टोला से होते हुए पथ संचलन का सेठ जय दयाल इंटर कालेज पर समापन हुआ। पथ संचलन का नगर में अलग अलग स्थानों पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बिसवा मुकुल प्रकाश वर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस बल ने मुस्तैद रहते हुए आर एस एस के पथ संचलन कार्यक्रम को सकुशल रूप से सम्पन्न कराने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है।